| | Transfer of equity shares from Shanti Lal to Gajendra Singh Rathore | 50,930 | | | | 0.45% |
| | Transfer of equity shares from Naresh Kumar to Gajendra Singh Rathore | 12,200 | | | | 0.11% |
| | Transfer of equity shares from Yashovardhan Rathore on behalf of Versa Industries Private Limited to Gajendra Singh Rathore | 800 | | | | 0.01% |
| April 01, 2022 | Transfer from Babu Singh Rathore to Surendra Singh Rathore | 84,500 | Cash | 10.00 | 33.00 | 0.74% |
| | Transfer from Basant Singh Rathore to Surendra Singh Rathore | 46,790 | | | | 0.41% |
| | Transfer from Surender Kumar Singh to Surendra Singh Rathore | 24,500 | | | | 0.21% |
| | Transfer from Vidya Bhushan to Surendra Singh Rathore | 8,650 | | | | 0.08% |

**d)** Weighted average cost of acquisition, floor price and cap price

| Types of transactions | Weighted average cost of acquisition (₹ per Equity Share) | Floor price* (i.e. ₹ 68) | Cap price* (i.e. ₹ 72) |
|---|---|---|---|
| Weighted average cost of acquisition of primary / new issue as per paragraph 8(a) above. | 39.97* | 1.70 times | 1.80 times |
| Weighted average cost of acquisition for secondary sale / acquisition as per paragraph 8(b) above. | N.A. | NA | NA |
| Weighted average cost of acquisition of primary issuances / secondary transactions as per paragraph 8(c) above | 39.85* | 1.71 times | 1.81 times |

*while calculation Weighted average cost of acquisition of primary issuances / secondary transactions, the effect of bonus shares is not taken

**e)** Explanation for Issue Price / Cap Price being 1.81 price of weighted average cost of acquisition of primary issuance price / secondary transaction price of Equity Shares (set out in [●] above) along with our Company's key performance indicators and financial ratios for the Fiscals 2024, 2023 and 2022.

[●]*

* To be included upon finalisation of the Price Band and updated in the Prospectus

**f)** Explanation for Issue Price / Cap Price being [●] price of weighted average cost of acquisition of primary issuance price / secondary transaction price of Equity Shares (set out in [●] above) in view of the external factors which may have influenced the pricing of the Issue.

[●]*

* To be included upon finalisation of the Price Band and updated in the Prospectus

The Issue Price will be [●] times of the face value of the Equity Shares. The Issue Price of ₹ [●] has been determined by our Company in consultation with the BRLM, on the basis of the demand from investors for the Equity Shares through the Book Building Process. Our Company in consultation with the BRLM, is justified of the Issue Price in view of the above qualitative and quantitative parameters. The trading price of the Equity Shares could decline due to the factors mentioned in the section titled "Risk Factors" on page 29 of the Red Herring Prospectus or any other factors that may arise in the future and you may lose all or part of your investments.

**For further details, please see the chapter titled "Basis for Issue Price" beginning on page 124 of the Red Herring Prospectus**

Our Company in consultation with the BRLM may consider participation by Anchor Investors. The Anchor Investor Biding Date shall be one Working Day prior to the Bid / Issue Opening Date in accordance with the SEBI (ICDR) Regulations, 2018 (as amended). In case of any revisions in the Price Band, the Bid/ Issue Period will be extended by at least three additional Working Days after such revision of the Price Band, subject to the Bid/ Issue Period not exceeding 10 Working Days. In cases of force majeure, banking strike or similar circumstances, our Company may, for reasons to be recorded in writing, extend the Bid/ Issue Period for a minimum of One Working Days, subject to the Bid/ Issue Period not exceeding 10 Working Days. Any revision in the Price Band and the revised Bid/ Issue Period, if applicable, will be widely disseminated by notification to the Stock Exchange, by issuing a press release, and also by indicating the change on the website of the Book Running Lead Manager and the terminals of the other members of the Syndicate and by intimation to SCSBs, the Sponsor Bank, Registered Brokers, Collecting Depository Participants and Registrar and Share Transfer Agents.

The Issue is being made through the Book Building Process, in terms of Rule 19(2)(b)(I) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended ("SCRR") read with Regulation 253 of the SEBI ICDR Regulations, the issue is being made for at least 25% of the post issue paid up equity share capital of our company. The issue is being made through the book building process wherein not more than 50% of the Net Issue shall be available for allocation on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers ("QIBs") (the "QIB Portion"), provided that our Company in consultation with the BRLM may allocate up to 60% of the QIB Portion to Anchor Investors on a discretionary basis (the "Anchor Investor Portion"). One-third of the Anchor Investor Portion shall be reserved for domestic Mutual Funds, subject to valid Bids being received from the domestic Mutual Funds at or above the Anchor Investor Allocation Price. In the event of under-subscription or non-allocation in the Anchor Investor Portion, the balance equity shares shall be added to the QIB Category. 5% of the QIB Portion (excluding the Anchor Investor Portion) shall be available for allocation on a proportionate basis to Mutual Funds only, and the remainder of the QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to all QIB Bidders (other than Anchor Investors), including Mutual Funds, subject to valid Bids being received at or above the Issue Price. However, if the aggregate demand from Mutual Funds is less than 5% of the QIB Portion (excluding Anchor Investor Portion), the balance Equity Shares available for allocation in the Mutual Fund Portion will be added to the remaining QIB Portion for proportionate allocation to QIBs. Further, not less than 15% of the Net Issue shall be available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Bidders and not less than 35% of the Net Issue shall be available for allocation to Retail Individual Investors in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received from them at or above the Issue Price. All potential Bidders (except Anchor Investors) are required to mandatorily utilize the Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process providing details of their respective bank account (including UPI ID for RIBs using UPI Mechanism), in which the corresponding Bid Amounts will be blocked by the SCSBs or the Sponsor Bank, as applicable. Anchor Investors are not permitted to participate in the Issue through the ASBA process. For details, see "Issue Procedure" on page 335 of the Red Herring Prospectus.

**Bidders / Applicants should note that on the basis of PAN, DP ID and Client ID as provided in the Bid cum Application Form, the Bidders/Applicants may be deemed to have authorized the Depositories to provide to the Registrar to the Issue, any requested Demographic Details of the Bidders/Applicants as available on the records of the depositories. These Demographic Details may be used, among other things, for or unblocking of ASBA Account or for other correspondence(s) related to an Issue. Bidders/Applicants are advised to update any changes to their Demographic Details as available in the records of the Depository Participant to ensure accuracy of records. Any delay resulting from failure to update the Demographic Details would be at the Applicants' sole risk. Bidders /Applicants should ensure that PAN, DP ID and the Client ID are correctly filled in the Bid cum Application Form. The PAN, DP ID and Client ID provided in the Bid cum Application Form should match with the PAN, DP ID and Client ID available in the Depository database, otherwise, the Bid cum Application Form is liable to be rejected. Bidders/Applicants should ensure that the beneficiary account provided in the Bid cum Application Form is active.**

**CONTENTS OF THE MEMORANDUM OF ASSOCIATION OF THE COMPANY AS REGARDS ITS OBJECTS:** For information on the main objects and other objects of our Company, see "Our History And Certain Other Corporate Matters" on page 204 of the Red Herring Prospectus and Clause III of the Memorandum of Association of our Company. The Memorandum of Association of our Company is a material document for inspection in relation to the Issue. For further details, see the section "Material Contracts and Documents for Inspection" on page 387 of the Red Herring Prospectus.

**LIABILITY OF MEMBERS AS PER MOA:** The Liability of the members of the Company is Limited.

**AMOUNT OF SHARE CAPITAL OF THE COMPANY AND CAPITAL STRUCTURE:** The Authorised share capital of the Company is ₹ 20,00,00,000 divided into 2,00,00,000 Equity Shares of face value of ₹ 10/ each. The issued, subscribed and paid-up share capital of the Company before the Issue is ₹ 11,41,20,720 divided into 1,14,12,072 Equity Shares of face value of ₹10/ each. For details of the Capital Structure, see "Capital Structure" on the page 84 of the Red Herring Prospectus.

**NAMES OF THE SIGNATORIES TO THE MEMORANDUM OF ASSOCIATION OF THE COMPANY AND THE NUMBER OF EQUITY SHARES SUBSCRIBED BY THEM:**

| ORIGINAL SIGNATORIES | | | CURRENT PROMOTERS | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Name of Promoters | Face Value (₹) | No. of Shares | Name of Promoters | Face Value (₹) | No. of Shares |
| Mr. Abhinav Chauhan | 10 | 9800 | Mr. Gajendra Singh | 10.00 | 35,14,441 |
| Mr. Naresh Kumar | 10 | 200 | Ms. Laxmi Rathore | 10.00 | 22,87,860 |
| - | - | - | Mr. Yashovardhan Rathore | 10.00 | 14,70,384 |
| - | - | - | Mr. Ranvijay Singh Rathore | 10.00 | 9,46,450 |
| - | - | - | G S Rathore HUF | 10.00 | 6,66,368 |

Details of the main objects of the Company as contained in the Memorandum of Association, see *"Our History And Certain Other Corporate Matters"* on page 204 of the Red Herring Prospectus. For details of the share capital and capital structure of the Company see *"Capital Structure"* on page 84 of the Red Herring Prospectus.

**LISTING:** The Equity Shares offered through the Red Herring Prospectus are proposed to be listed on the SME Platform of BSE Limited ("BSE"). Our Company has received an "in-principle" approval from the BSE for the listing of the Equity Shares pursuant to letter dated November 19, 2024. For the purposes of the Issue, the Designated Stock Exchange shall be BSE. A signed copy of the Red Herring Prospectus has been delivered for registration to the ROC on December 02, 2024 and Prospectus shall be delivered for filing to the RoC in accordance with Section 26(4) of the Companies Act, 2013. For details of the material contracts and documents available for inspection from the date of the Red Herring Prospectus up to the Bid/ Issue Closing Date, see *"Material Contracts and Documents for Inspection"* on page 387 of the Red Herring Prospectus.

**DISCLAIMER CLAUSE OF SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA ("SEBI"):** Since the Issue is being made in terms of Chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018, the Red Herring Prospectus has been filed with SEBI. In terms of the SEBI Regulations, the SEBI shall not issue any observation on the Offer Document. Hence there is no such specific disclaimer clause of SEBI. However, investors may refer to the entire Disclaimer Clause of SEBI beginning on page 305 of the Red Herring Prospectus.

**DISCLAIMER CLAUSE OF BSE (THE DESIGNATED STOCK EXCHANGE):** It is to be distinctly understood that the permission given by BSE Limited should not in any way be deemed or construed that the Offer Document has been cleared or approved by BSE nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Offer Document. The investors are advised to refer to the Offer Document for the full text of the 'Disclaimer Clause of BSE on page 305 of the Red Herring Prospectus.

**GENERAL RISK:** Investments in equity and equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in this Issue unless they can afford to take the risk of losing their investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in this Issue. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of the Issuer and this Issue, including the risks involved. The Equity Shares have not been recommended or approved by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"), nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the contents of the Red Herring Prospectus. Specific attention of the investors is invited to "Risk Factors" on page 29 of the Red Herring Prospectus.

| BOOK RUNNING LEAD MANAGER TO THE ISSUE | REGISTRAR TO THE ISSUE | COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER |
|---|---|---|
| SIXTH SENSE analytics ... beyond the obvious<br>**KHAMBATTA SECURITIES LIMITED**<br>806, 8th Floor, Tower-B, World Trade Tower, Noida Sector-16, Uttar Pradesh-201301, India.<br>**Tel:** +91-9953989693, 0120-4415469<br>**E-mail:** ipo@khambattasecurities.com<br>**Investor grievance e-mail:** mbcomplaints@khambattasecurities.com<br>**Website:** www.khambattasecurities.com<br>**Contact Person:** Mr. Chandan Mishra / Ms. Nisha Shaw<br>**SEBI Registration No.: INM000011914** | Skyline Financial Services Pvt. Ltd.<br>**SKYLINE FINANCIAL SERVICES PRIVATE LIMITED**<br>D-153/ A, First Floor, Okhla Industrial Area, Phase - I, New Delhi – 110020<br>**Telephone** – 011 -40450193-197<br>**E-mail id:** ipo@skylinerta.com<br>**Investor Grievance Email:** grievances@skylinerta.com<br>**Contact person:** Mr. Anuj Rana<br>**Website:** www.skylinerta.com<br>**SEBI Registration No.:** INR000003241 | JUNGLE CAMPS<br>**JUNGLE CAMPS INDIA LIMITED**<br>Ms. Parul Shekhawa,<br>Company Secretary and Compliance Officer<br>221-222/9, 2nd Floor, Som Dutt Chamber-II, Bhikaji Cama Place, New Delhi-110066, India<br>**Email-id.:** legal@junglecampsindia.com<br>**Tel.:** 011-41749354<br>Investors can contact the Compliance Officer or the Registrar to the Issue in case of any pre-issue or post-issue related problems, such as non-receipt of letters of allotment, credit of allotted shares in the respective beneficiary account, etc. |

**Availability of Red Herring Prospectus:** Investors are advised to refer to the Red Herring Prospectus and the Risk Factors contained therein, before applying in the issue. Full copy of the Red Herring Prospectus will be available at the website of SEBI at www.sebi.gov.in; the website of Stock Exchange at www.bseindia.com, the website of BRLM at www.khambattasecurities.com and website of Company at www.junglecampsindia.com.

**Availability of Bid-Cum-Application forms:** Bid-Cum-Application forms can be obtained from the Company: Jungle Camps India Limited, Book Running Lead Manager Khambatta Securities Limited. Application Forms can also be obtained from the Stock Exchange and list of SCSBs available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in and website of Stock Exchange at www.bseindia.com.

**Application Supported by Blocked Amount (ASBA):** All investors in this issue have to compulsorily apply through ASBA. The investors are required to fill the ASBA form and submit the same to their banks. The SCSB will block the amount in the account as per the authority contained in ASBA form. On allotment, amount will be unblocked and account will be debited only to the extent required to be paid for allotment of shares. Hence, there will be no need of refund.

For more details on the issue process and how to apply, please refer to the details given in application forms and abridged prospectus and also please refer to the chapter *"Issue Procedure"* on page 335 of the Red Herring Prospectus.

**BANKER TO THE ISSUE/SPONSOR BANK/REFUND BANKER/PUBLIC ISSUE BANK:** Kotak Mahindra Bank Limited

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the Red Herring prospectus.

**For Jungle Camps India Limited**
Sd/-
**Mr. Gajendra Singh**
**Designation: Managing Director**
**DIN:** 00372112

**Date:** December 02, 2024
**Place:** New Delhi

**Jungle Camps India Limited** is proposing, subject to market conditions and other considerations, public issue of its Equity Shares and has filed the Red Herring Prospectus with the Registrar of Companies, NCT of Delhi on December 02, 2024. The Red Herring Prospectus is available on the website of the Book Running Lead Manager www.khambattasecurities.com the website of the BSE i.e., www.bseindia.com, and website of our Company at www.junglecampsindia.com.

Investor should note that investment in equity shares involves a high degree of risk. For details, investors should refer to and rely on the Red Herring Prospectus, including the section titled "Risk Factors" of the Red Herring Prospectus, which has been filed with ROC. The Equity Shares have not been and will not be registered under the US Securities Act ("the Securities Act") or any state securities laws in United States and may not be issued or sold within the United States or to, or for the account or benefit of, "U.S, persons" (as defined in Regulations under the securities Act), except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act of 1933.

AdBaaz

# दिल्ली की शिक्षा क्रांति से प्रभावित होकर दिग्गज शिक्षाविद अवध ओझा आम आदमी पार्टी में शामिल : केजरीवाल

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



दिल्ली की शिक्षा क्रांति से प्रभावित होकर दिग्गज शिक्षाविद अवध ओझा सोमवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया की मौजूदगी में उन्होंने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। पार्टी मुख्यालय में अरविंद केजरीवाल ने टोपी और पटका पहनाकर अवध ओझा को आप की सदस्यता दिलाई। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अवध ओझा के अनुभव और दृष्टिकोण से हमारी शिक्षा नीति को नई दिशा मिलेगी। हम बाबा साहब के सपनों को पूरा करने के लिए मिलकर काम करेंगे। अवध ओझा शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में बहुत अहम भूमिका निभाने वाले हैं, जिससे दिल्ली और देश को बहुत फायदा होगा।

आम आदमी पार्टी शिक्षा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा काम कर रही है, अवध ओझा के आने से देश में शिक्षा मजबूत होगी - केजरीवाल

पार्टी मुख्यालय प्रेस वार्ता कर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अवध ओझा शिक्षा के क्षेत्र में इस देश का जाना माना नाम है, जिन्होंने लाखों-करोड़ों युवाओं और बच्चों को शिक्षा दी, रोजगार के लिए तैयार किया और प्रेरणा दी। मैं इनके वीडियो देखता हूं जिसमें वे अलग-अलग तरह से युवाओं को एक अच्छा जीवन जीने के लिए भी प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी हम किसी को पार्टी में जॉइन कराते हैं तो हम कहते हैं कि इनके आने से आम आदमी पार्टी मजबूत होगी। आज अवध ओझा के लिए मैं कहना चाहता हूं कि इनके आने से देश में शिक्षा मजबूत होगी। क्योंकि आम आदमी पार्टी शिक्षा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा काम कर रही है और आम आदमी पार्टी के जरिए जब वे शिक्षा में काम करेंगे तो देश की शिक्षा मजबूत होगी। राष्ट्र निर्माण में शिक्षा का सबसे बड़ा महत्व है, तो एक तरह से राष्ट्र निर्माण मजबूत होगा।

राजनीति में आकर हमने दिल्ली के सारे सरकारी स्कूल ठीक करा दिए, राजनीति में न होते तो इतने काम नहीं करा पाते - केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारी कोशिश यह रहती है कि जो हमारी आइडियोलॉजी है, भ्रष्टाचार निरोधक, शिक्षा, स्वास्थ्य, इन क्षेत्रों में जो भी अच्छे लोग काम कर रहे हैं, उनको राजनीति में लाया जाए ताकि राजनीति में आकर वो अपना और ज्यादा योगदान दे सकें। मैं और मनीष सिसोदिया भी राजनीति में आने से पहले एनजीओ में काम करते थे। एनजीओ में रहते-रहते हमें लगने लगा कि एनजीओ के जरिए राजनीति के बाहर एक लिमिटेड तरीके से काम कर सकते हैं, इतना ही काम कर सकते हैं। जैसे मैं सुंदर नगरी की झुग्गियों में काम करता था, वहां पर दो या तीन सरकारी स्कूल थे। उन सरकारी स्कूलों को ही ठीक कराने में हमारी जिंदगी बीता जाती। लेकिन जब राजनीति में आए तो एक ब्रश से हमने दिल्ली के सारे सरकारी स्कूल ठीक करा दिए। अब जब अवध ओझा राजनीति में आए हैं तो वो खासकर शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में एक बहुत अहम भूमिका निभाने वाले हैं, जिससे दिल्ली और देश को बहुत फायदा होगा। मैं तहेदिल से अवध ओझा का पार्टी में शामिल करता हूं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि देश के जाने-माने शिक्षक श्री अवध ओझा जी आज आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। उनके अनुभव और दृष्टिकोण से हमारी शिक्षा नीति को नई दिशा मिलेगी। शिक्षा को लेकर हमारी नीतियों और काम से प्रेरित होकर उन्होंने पार्टी के साथ कदम मिलाया है। हम उनका अपने परिवार में हार्दिक स्वागत करते हैं। बाबा साहब के सपनों को पूरा करने के लिए मिलकर काम करेंगे।

अवध ओझा ने करोड़ों युवाओं को ना सिर्फ प्रेरित किया है, बल्कि अपने काम से उनकी जिंदगी बदली है- मनीष सिसोदिया ने कहा कि बहुत खुशी की बात यह है कि आज देश के जाने माने अवध ओझा आम आदमी पार्टी जॉइन कर रहे हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से अवध ओझा की जॉइनिंग को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैं ऐसा समझता हूं कि मेरे लिए यह व्यक्तिगत रूप से बहुत बड़ा दिन है। क्योंकि मैंने खुद अपना जीवन शिक्षा को समर्पित कर रखा है। अगर मेरे सामने कोई विकल्प हो कि राजनीति को चुनना है या शिक्षा को तो शायद मैं राजनीति की जगह शिक्षा पर काम करते हुए आगे निकल जाऊंगा। शिक्षा को लेकर वही जज्बा, वही समर्पण और अभी तक की पूरी जिंदगी में वही काम मैंने अवध ओझा का देखा है। उन्होंने करोड़ों युवाओं को ना सिर्फ प्रेरित किया है बल्कि अपने काम से उनकी जिंदगी बदली है। उसके अलावा भी, जिस तरह का काम उन्होंने ऑनलाइन माध्यम का इस्तेमाल करते हुए किया है, तो वे एक बहुत बड़े शिक्षक हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि उनकी जॉइनिंग से हम सब बहुत आगे बढ़ेंगे और देश का शिक्षातंत्र बहुत मजबूत बनेगा। आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने एक्स पर कहा कि करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और जाने-माने शिक्षक श्री अवध ओझा जी का आम आदमी पार्टी में तहे दिल से स्वागत है। आपकी विद्वता और मार्गदर्शन से पार्टी को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। वैसे तो आम आदमी पार्टी में समय-समय पर बड़े-बड़े लोग शामिल होते रहे हैं, लेकिन श्री अवध ओझा जी का पार्टी में आना मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बेहद खुशी और गर्व का दिन है। मैंने अपना जीवन शिक्षा के लिए समर्पित किया है, और अगर मुझे राजनीति और शिक्षा में से किसी एक को चुनना पड़े, तो मैं हर बार शिक्षा पर काम करने को ही चुनूंगा। और श्री अवध ओझा जी ने भी अपने जीवन को शिक्षा के लिए समर्पित करने का निर्णय लिया है।

# उच्चतम न्यायालय एक्यूआई में गिरावट का रुझान दिखने के बाद ही प्रतिबंधों में ढील देगा

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के चौथे चरण के तहत आपातकालीन उपायों में तब तक ढील देने से इनकार कर दिया, जब तक कि वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के स्तर में गिरावट का रुझान नहीं देखा जाता।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका एवं न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के राज्यों के मुख्य सचिवों को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए उपस्थित होकर यह बताने का निर्देश दिया कि प्रतिबंधों के कारण काम से वंचित निर्माण श्रमिकों को कोई मुआवजा दिया गया है या नहीं।

उच्चतम न्यायालय द्वारा जीआरएपी के चौथे चरण के प्रतिबंधों में ढील दिए जाने से पहले इसमें गिरावट का रुझान होना चाहिए। पीठ ने कहा कि दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के मुख्य सचिवों को पांच दिसंबर को दिन में साढ़े तीन बजे वीडियो कांफ्रेंस के जरिए पेश होना होगा। पीठ ने कहा, राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए जीआरएपी के चौथे चरण का शायद ही कोई कार्यान्वयन हुआ है। पीठ ने दिल्ली सरकार से प्रतिबंधों को लागू करने, विशेष रूप से राष्ट्रीय राजधानी में ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के लिए तैनात अधिकारियों की संख्या पर सवाल उठाया। दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता शादान फरासत ने कहा कि सरकार जीआरएपी प्रतिबंधों का पालन न करने के आरोपों पर गौर करेगी। हालांकि, फरासत ने कहा कि दो-तीन घटनाओं के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि 1.5 करोड़ की आबादी वाला पूरा शहर प्रतिबंधों का पालन नहीं कर रहा है।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने मनीष सिसोदिया की याचिका पर ईडी से जवाब मांगा

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की उस याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से सोमवार को जवाब मांगा, जिसमें कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में दायर आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने के अधीनस्थ अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने ईडी को नोटिस जारी किया और सिसोदिया की याचिका पर सुनवाई के लिए 20 दिसंबर की तारीख निर्धारित की। इसी तारीख पर आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल की इसी तरह की याचिका भी आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अधीनस्थ अदालत के आदेश को रद्द करने के वास्ते उच्च न्यायालय से निर्देश देने के अनुरोध के लिए यह तथ्य रखा कि विशेष न्यायाधीश ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए कोई भी मंजूरी नहीं होने के बाद भी आरोप-पत्र पर संज्ञान लिया जबकि वह कथित अपराध के समय एक लोक सेवक थे। इस मामले में सिसोदिया जमानत पर हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी के अनुसार आबकारी नीति में संशोधन करते समय अनियमितताएं की गईं और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर 2021 को नीति लागू की और भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच सितंबर 2022 के अंत तक इसे रद्द कर दिया। आबकारी नीति लागू करने में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना की ओर से सिफारिश किए जाने के बाद सीबीआई ने मामला दर्ज किया और धन शोधन का यह मामला इसी से संबद्ध हैं।

# किसानों के मार्च से पहले बैरिकेड लगाने की वजह से दिल्ली-नोएडा सीमा पर यातायात जाम




नई दिल्ली । किसानों के राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की ओर मार्च के मद्देनजर पुलिस ने कई बैरिकेड लगा दिए हैं, जिससे सोमवार को दिल्ली-नोएडा सीमा पार करने वाले यात्रियों को भारी यातायात जाम का सामना करना पड़ा। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीमा पर जांच की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (पूर्व) सागर सिंह कलसी ने कहा, ह्यह्महमने पूर्वी दिल्ली की सीमाओं पर पर्याप्त व्यवस्था की है और दंगा-रोधी उपकरणों सहित सभी एहतियाती कदम उठाए हैं। हम सतर्कता के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं और इलाके में वाहनों की सुचारू आवाजाही के लिए यातायात पुलिस के साथ समन्वय भी कर रहे हैं। ग्रेटर नोएडा की निवासी अपराजिता सिंह ने कहा कि चिल्ला बॉर्डर पर लगाए गए बैरिकेड से यात्रियों को असुविधा हो रही है। उन्होंने कहा, ह्यह्यमुझे उस हिस्से से गुजरने में लगभग एक घंटा लग गया। पुलिस ने दिल्ली-नोएडा सीमा के दोनों ओर बैरिकेड लगा दिए है, जिससे यातायात जाम लग गया है, खासकर नोएडा से दिल्ली की ओर जाने वाले मार्ग पर।

# महिला पुलिसकर्मी को टक्कर मारने वाला कार चालक गिरफ्तार

नई दिल्ली। सरोजिनी नगर थाने की टीम ने हिट एंड रन मामले में आरोपित कार चालक को गिरफ्तार किया है। वह बीते 18 नवंबर को सरोजिनी नगर डिपो के पास अफ्रीका एवेन्यू रोड पर ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मी को टक्कर मारकर भागा था। आरोपित की गिरफ्तारी के साथ ही घटना में प्रयुक्त आई-20 कार को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।

दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 नवंबर को पालम गांव निवासिनी पुलिसकर्मी निरमा बाई के सड़क दुर्घटना में घायल होने की सूचना मिली। उन्हें एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। सूचना पर सरोजिनी नगर पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल का बयान दर्ज किया गया। निरमा बाई थाना आरके पुरम में तैनात हैं। घटना वाले दिन शाम करीब 5:15 बजे वह दिल्ली के सरोजिनी नगर डिपो में महिलाओं के विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में ड्यूटी पर जा रही थीं। जब वह अफ्रीका एवेन्यू रोड पर सड़क पार कर रही थी, तो एक चालक ने अपनी कार तेजी से चलाते हुए उनके पैर में टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला। घायल होने की वजह से वह कार का नंबर नोट नहीं कर सकीं। उनके बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। एमवी एक्ट की धारा 133 के तहत दिया नोटिस घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करने पर कार की पहचान हुई। कार जनकपुरी निवासी राघव गुप्ता के नाम पर पंजीकृत पाई गई। घटना वाले दिन कार वही चला रहे थे। पुष्टि होने पर पुलिस ने एमवी एक्ट की धारा 133 के तहत नोटिस दिया गया और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त हुंडई आई-20 मैग्ना कार को जब्त कर पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# दिल्ली के प्रथम उपमहापौर - स्वतंत्रता संग्राम सैनानी लाला रामचरण अग्रवाल की 107वीं जयंती मनाई गई



**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

लाला रामचरण अग्रवाल की की 107वीं जयंती पर रामचरण अग्रवाल चौक (आईटीओ) पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। वे दिल्ली के प्रथम उपमहापौर और महान स्वतंत्रता संग्राम सैनानी थे। महात्मा गांधी द्वारा व्यक्तिगत सत्याग्रह के लिए दिल्ली से चुने गए ग्यारह व्यक्तियों में से एक लालाजी थे। उनका जन्म 2 दिसंबर 1917 को हुआ था और उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्हें स्वाधीनता संग्राम में स्मरणीय योगदान के लिए तत्कालीन राष्ट्रपति फखरूदीन अली अहमद द्वारा ताम्रपत्र से सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर उनके पुत्र और पूर्व डीपीसीसी अध्यक्ष व सांसद जे.पी. अग्रवाल और कई पूर्व विधायक और पार्षदों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व डीपीसीसी अध्यक्ष व सांसद जे.पी. अग्रवाल ने कहा लाला रामचरण अग्रवाल का जीवन और कार्य प्रेरणादायक हैं। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया और दिल्ली के पहले डिप्टी मेयर के रूप में कार्य किया। उनकी विरासत आज भी प्रेरित करती है और उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करना एक सम्मान की बात है। इस अवसर पर एआईसीसी इन्चार्ज दिल्ली कांग्रेस काजी निजामुद्दीन, सचिव एआईसीसी दानिश अबरार, डैनी सुखविन्दर, पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, कुंवर करण सिंह, मौ आसिफ, पूर्व निगम पार्षद जीतू कोचर, अनिल कुमार शर्मा, पूर्व ऐल्डरमैन आर बी सिंह, प्रदीप गुप्ता, सत्येन्द्र शर्मा, निगम पार्षद राकेश के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, रामा आर्य, सतीश सैनी, मौ उस्मान, अभय शर्मा, मनोज गुप्ता, हरीश गोला, राजेश गर्ग, सुभाष चौहान, सुरेशवती चौहान, विकास रतन पाल, राष्ट्र टाइम्स के संपादक विजयशंकर चतुवेर्दी ने स्व. श्री रामचरण अग्रवाल को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पूर्व डीपीसीसी अध्यक्ष व सांसद जे.पी. अग्रवाल, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मुदित अग्रवाल ने सभी लोगों को प्रतीकचिन्ह देकर एवं शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले को लेकर वीएचपी में उबाल

## दिल्ली के जंतर-मंतर पर किया विरोध प्रदर्शन




नई दिल्ली । विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों, वहां के मंदिरों में हो रही तोड़ फोड़ और संतों की गिरफ्तारी के विरोध में आज दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में साधु संत समाज, विभिन्न संप्रदाय और पंथ के गुरु और प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए जिन्होंने एक स्वर में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं के विरुद्ध हो रहे हिंसा की कड़े शब्दों में निंदा की। लोगों के हाथों में प्लेकार्ड थे। जिन्होंने हिंदुओं की पुकार, अब बंद करो अत्याचार, महिलाओं और बच्चों पर अत्याचार बंद करो बंद करो जैसे नारे लिखे हुए थे। सभी बांग्लादेश की मौजूदा अंतरिम सरकार पर जमात ए इस्लामी जैसे कट्टर इस्लामी संगठनों के सामने झुकने तथा उसे बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे थे। इस अवसर पर विहिप दिल्ली के प्रांत अध्यक्ष कपिल खन्ना ने कहा कि बांग्लादेश की स्थिति चिंताजनक है। हिंदुओं में रोष है और वे अपने रोष को व्यक्त करने के लिए यहां उपस्थित हुए हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में आज हिंदुओं के ऊपर अत्याचार हो रहा है। लाखों की संख्या में हिन्दू विस्थापित हो गए हैं। हम सब देख रहे हैं कि हमारी बहन बेटियों के साथ में अत्याचार हो रहा है, दुराचार हो रहा है।

हिंदू पत्रकारों पर हो रहा अत्याचार- कपिल खन्ना

कपिल खन्ना ने कहा कि बांग्लादेश में कोई भी हिंदू हो, चाहे वो चिकित्सक हो, चाहे अधिवक्ता। संत हो या आम हिंदू और अब तो हमने ये भी देखा की हिंदू पत्रकारों के ऊपर भी अत्याचार हो रहा है। एक पत्रकार बहन के ऊपर हमने देखा है किस तरीके से कल अत्याचार किया गया है। ये अत्यंत निंदनीय है।

विरोध प्रदर्शन में सम्मिलित हुए महंत नवल किशोर दास ने कहा, हमारी बहन बेटियों के साथ अत्याचार हो रहा है, धार्मिक स्थलों को तोड़ा जा रहा है, और पूजनीय संतों को जेल में डाला जा रहा है। हिंदू समाज अब इस स्थिति को स्वीकार नहीं करेगा। ये संदेश हमारा सभी को है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से की ये मांग उन्होंने कहा कि विश्व में कहीं पर भी हिंदुओं के ऊपर अत्याचार होगा। हम उनको सुरक्षा प्रदान करने के अपने संकल्प को पूर्ण करने के लिए प्रतिकार करेंगे, प्रतिरोध करेंगे। विहिप के प्रांत मंत्री सुरेन्द्र गुप्ता ने संयुक्त राष्ट्र संघ और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से अपनी भूमिका निभाने की मांग की। उन्होंने बांग्लादेश की सरकार को चेतावनी दी कि अगर अत्याचार नहीं रुके तो बांग्लादेश के दो टुकड़े हो सकते हैं। सुरेंद्र गुप्ता ने कहा कि अमेरिका अपनी भूमिका का निर्वहन करें और वहां हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के हर सम्भव कदम उठाए अन्यथा कहीं ऐसा ना हो कि आने वाले दिनों में बांग्लादेश के दो टुकड़े हो जाए और वहां एक हिंदू देश अलग से खड़ा हो जाये। इस मौके पर विहिप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मुकेश, प्रान्त संगठन मंत्री सुबोध, बजरंग दल संयोजक गोल्डी समेत विहिप के अनेक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हमारी रसोई हमारी ज़िम्मेदारीह्व थीम के तहत खाना पकाने की प्रतियोगिता आयोजित

नई दिल्ली। तेल वितणन कंपनियों द्वारा शुरू किए गए बुनियादी सुरक्षा जांच अभियान का उद्देश्य प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर निरीक्षण के माध्यम से 12 करोड़ से अधिक घरों को कवर करना है। एलपीजी इंस्टॉलेशन में किसी भी सुरक्षा खतरे के लिए ग्राहकों के लिए निरीक्षण निःशुल्क है, और पुरानी नली या गैर-मानक नली को रियायती मूल्य पर बदला जा रहा है। अब तक, 8 करोड़ से अधिक घरों का निरीक्षण किया जा चुका है, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 3.5 करोड़ नलियाँ प्रतिस्थापन हुईं है। इस अभियान के एक भाग के रूप में, तेल वितणन कंपनियों द्वारा ह्लहमारी रसोई हमारी ज़िम्मेदारीह्व थीम के तहत खाना पकाने की प्रतियोगिता 1 दिसंबर 2024 को मानसरोवर पार्क, शाहदरा में सफलतापूर्वक आयोजित की गई थी। इस आयोजन का उद्देश्य पाक कौशल का जश्न मनाते हुए खाना पकाने में एलपीजी हैंडलिंग और सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भागीदारी देखी गई, जिसमें 200 प्रतिभागियों ने सुरक्षित एलपीजी हैंडलिंग प्रथाओं का पालन करते हुए अपनी खाना पकाने की प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी जजों के पैनल ने श्रीमती बिन्नी वर्मा जी, अध्यक्ष मंडोली रोड मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन मीना कुंडलिया मंदिर समिति और उषा मिश्रा एलपीजी सुरक्षा, डिश गुणवत्ता, प्रस्तुति और स्वच्छता जैसे मानदंडों पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया।

# दिल्ली उच्च न्यायालय कैग रिपोर्ट संबंधी भाजपा विधायकों की याचिका पर नौ दिसंबर को सुनवाई करेगा

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




दिल्ली उच्च न्यायालय नौ दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों की उस याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें आबकारी शुल्क, प्रदूषण और वित्त से संबंधित नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट विधानसभा में पेश करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने सोमवार को याचिका पर सुनवाई स्थगित करते हुए कहा कि मामले में दलीलें अभी पूरी नहीं हुई हैं।

याचिकाकताओं की ओर से पेश वकील ने कहा कि मामला तत्काल सुनवाई योग्य है क्योंकि मौजूदा विधानसभा सत्र चार दिसंबर को समाप्त हो जाएगा, वहीं दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि यह कोई आखिरी सत्र नहीं है। दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर नंदराजोग ने कहा कि चूंकि पहले मामले की सुनवाई नौ दिसंबर के लिए निर्धारित की गई थी ऐसे में याचिका का जवाब तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर मौजूदा सत्र समाप्त भी हो जाता है तो भी उपराज्यपाल के पास सत्र को फिर से बुलाने का अधिकार है। उन्होंने कहा, ह्यह्ययह कोई आखिरी सत्र नहीं है और दिल्ली में आखिरी विधानसभा भी नहीं है। विधानसभा का कार्यकाल फरवरी तक है और सत्र बुलाने का अधिकार एलजी के पास है। टभाजपा विधायकों ने शीघ्र सुनवाई का अनुरोध करते हुए याचिका दायर की थी जिसके बाद 29 नवंबर को अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए तारीख नौ दिसंबर से बदलकर दो दिसंबर निर्धारित कर दी थी। याचिकाकताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने दलील दी कि सरकार प्रदूषण और शराब जैसे विभिन्न मुद्दों पर कैग की महत्वपूर्ण रिपोर्ट को विधानसभा के समक्ष शीघ्र पेश नहीं करके अपने वैधानिक कर्तव्य से दूर भाग रही है। कैग के वकील ने कहा कि उनका जवाब शनिवार को दाखिल किया गया था और अभी तक रिकॉर्ड पर नहीं आया है। कैग ने अपने जवाब में कहा कि दिल्ली से संबंधित आठ रिपोर्ट राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम के अनुसार विधानसभा के समक्ष रखने के लिए राज्य सरकार के पास लंबित हैं। कैग ने कहा कि कानून के अनुसार, दिल्ली सरकार को उसके द्वारा प्रस्तुत ऑडिट रिपोर्ट विधानसभा के समक्ष रखनी है और उसने पूर्व में प्रमुख सचिव (वित्त) को पत्र लिखकर ऐसा करने का अनुरोध किया था। जवाब के अनुसार, 2022 से 2024 तक की रिपोर्ट वित्त ऑडिट, वायु प्रदूषण, राजस्व, आर्थिक, सामाजिक और सामान्य क्षेत्र तथा सार्वजनिक उपक्रमों, शराब और जन स्वास्थ्य से संबंधित हैं। यह याचिका दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता और भाजपा विधायकों मोहन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा, अजय कुमार महावर, अभय वर्मा, अनिल कुमार बाजपेयी और जितेंद्र महाजन ने दायर की है।

# दिल्ली सरकार ने 3,330 और वकीलों को 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवरेज दिया

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना के तहत सोमवार को शहर के 3,330 नये वकीलों को 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवरेज दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की योजना के अनुसार वकीलों को 10 लाख रुपये का व्यक्तिगत स्वास्थ्य कवरेज और पांच लाख रुपये का पारिवारिक बीमा मिलेगा। बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री आतिशी ने इस फैसले को मंजूरी दे दी है।

इसमें कहा गया कि आप सरकार वर्तमान में राष्ट्रीय राजधानी में 27,000 से अधिक वकीलों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान कर रही है और इन नए लाभार्थियों के जुड़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर लगभग 31,000 हो जाएगी। बयान में कहा गया कि इस योजना के लिए वकील को दिल्ली बार काउंसिल में पंजीकृत होने के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में मतदाता होना चाहिए। आतिशी ने कहा, आप सरकार ने हमेशा वकीलों के कल्याण को प्राथमिकता दी है और आगे भी ऐसा करती रहेगी। संविधान को बनाए रखने और सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करने में वकील महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# दिल्ली: विहिप ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के खिलाफ प्रदर्शन किया

नई दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की दिल्ली इकाई ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के खिलाफ सोमवार को यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाले लोगों ने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा की मांग करते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व विहिप की दिल्ली इकाई के प्रमुख कपिल खन्ना ने किया। बांग्लादेश में पांच अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने के बाद से देश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर 50 से अधिक जिलों में 200 से अधिक हमले दर्ज किए गए हैं। बांग्लादेश में 17 करोड़ की आबादी में हिन्दुओं की आबादी आठ प्रतिशत है।

इस्कॉन (अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ) ने बांग्लादेश की घटनाओं के विरोध में बृहस्पतिवार और शुक्रवार को कोलकाता में अपने अल्बर्ट रोड केंद्र पर विरोध स्वरूप कीर्तन किया, इस दौरान जेल में बंद हिंदू आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई की मांग की गई।

धार्मिक संस्था ने बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों की हालत पर चिंता व्यक्त की। दास को देशद्रोह के एक मामले में गिरफ्तार किया गया और बाद में एक अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद राजधानी ढाका और चटगांव सहित विभिन्न स्थानों पर समुदाय के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

# दिल्ली में एक्यूआई में मामूली सुधार होने से लोगों ने ली राहत की सांस



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में लगातार दूसरे दिन, सोमवार को वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार हुआ है, हालांकि सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 273 के साथ खराब श्रेणी में रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में रविवार को 24 घंटे का औसत एक्यूआई 285 रहा, जो खराब श्रेणी में सुधार बताता है। यहां एक्यूआई लगातार 32 दिनों तक बहुत खराब श्रेणी में रहा तथा गंभीर वायु गुणवत्ता (एक्यूआई 400 से अधिक) की स्थिति भी आई। इसके बाद वायु गुणवत्ता में मामूली ही सही, सुधार राहत की बात है। सीपीसीबी के अनुसार, दिल्ली में इससे पहले आखिरी बार 29 अक्टूबर को वायु गुणवत्ता 268 एक्यूआई के साथ खराब श्रेणी में दर्ज की गई थी। विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर-पश्चिमी शुष्क हवाओं और पर्याप्त धूप से यह सुधार हुआ है क्योंकि इन हवाओं से प्रदूषक तत्वों को दूर करने में मदद मिली है। हालांकि दिल्ली की वायु गुणवत्ता सामान्य से बहुत दूर है। 201 से 300 के बीच एक्यूआई अब भी संवेदनशील लोगों के लिए हानिकारक माना जाता है।

शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 को संतोषजनक 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को खराब, 301 से 400 को बेहद खराब और 401 से 500 को गंभीर माना जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 0.9 डिग्री अधिक रहा। आईएमडी ने बताया कि अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने के आसार हैं और सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 89 प्रतिशत दर्ज किया गया।

# भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव के वास्ते घोषणा पत्र के लिए लोगों की राय लेगी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सोमवार को कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मेरी दिल्ली मेरा संकल्प भाजपा थीम के तहत अपने घोषणा पत्र के लिए यह पांच दिसंबर से समाज के विभिन्न वर्गों से संपर्क साधेगी। दक्षिण दिल्ली से सांसद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में एक फोन नंबर भी जारी कर पार्टी के घोषणा पत्र के लिए सोशल मीडिया के जरिये सुझाव आमंत्रित किए। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश भाजपा की घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा क्षेत्रों में और जिला स्तर पर समाज के विभिन्न वर्गों के साथ बैठक की जाएगी। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं घोषणा पत्र समिति के सदस्यों को दिल्ली के विभिन्न लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों का प्रभार दिया गया है। इनमें प्रवेश वर्मा को चांदनी चौक, अरविंदर सिंह लवली को नई दिल्ली, सतीश उपाध्याय को पूर्वी दिल्ली, कैलाश गहलोत और अभिषेक टंडन को दक्षिण दिल्ली तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन और विजय गोयल को उत्तर पश्चिम दिल्ली का प्रभार दिया गया है।

बिधूड़ी ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी पार्टी घोषणा पत्र के लिए लोगों की प्रतिक्रियाएं प्राप्त करने संबंधी विभिन्न गतिविधियों के समन्वय की जिम्मेदारी संभालेंगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव फरवरी 2025 में होना है। बिधूड़ी ने कहा कि लोगों की प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए प्रत्येक जिले में वीडियो वाहन तैनात किये जाएंगे। प्रदेश भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा सात दिसंबर को वीडियो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। बिधूड़ी ने इन दावों को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल की आलोचना की कि सत्ता में आने पर भाजपा मुफ्त बिजली, पानी और महिलाओं के लिए बस यात्रा जैसी सुविधाएं खत्म कर देगी।

# बांग्लादेशियों के फर्जी पासपोर्ट और वीजा का जुगाड़ करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार



नई दिल्ली । नकली आधार कार्ड, पैन कार्ड बनवाकर पहले बांग्लादेशी युवकों का भारतीय पासपोर्ट बनवाने, फिर उस पासपोर्ट पर फर्जी वीजा लगाकर बांग्लादेशी लोगों को विदेश भेजने वाले गिरोह के एक एजेंट को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान पश्चिम बंगाल के अशोक नगर के हाबरा गांव के शामोल शेन उर्फ सैमुअल के रूप में हुई है। पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपित अब तक कितने लोगों को इसी तरह विदेश भेज चुका है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 20 नंवबर की रात को एक युवक भारतीय पासपोर्ट लेकर रूस जाने के लिए आइजीआइ एयरपोर्ट पहुंचा। जब उसके कागजात की जांच की गई तो पता लगा कि वह बांग्लादेशी है और उसने धोखाधड़ी करके भारतीय पासपोर्ट बनवाया था। उसके पास से बांग्लादेशी पासपोर्ट भी बरामद हुआ था। उसकी पहचान बांग्लादेश के टीटू बरुआ के रूप में हुई थी। पूछताछ के दौरान आरोपित ने बताया था कि वह वर्ष 2019 में अवैध रूप से सड़क माध्यम से भारत आया था। उसने पहले यहां पर फर्जी तरीके से आधार कार्ड, पैन कार्ड बनवाए और फिर पासपोर्ट बनवाया। उसने पासपोर्ट जानी नामक एजेंट से बनवाया था और रूस का वीजा सैमुआल नाम के एक और एजेंट ने बनवाया था। आरोपित को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई। टीम ने पश्चिम बंगाल में छापेमारी कर सैमुअल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह वर्ष 2017 में अपने एक दोस्त के माध्यम से एजेंट जानी के संपर्क में आया। जानी अपने सहयोगियों के साथ बांग्लादेशी नागरिकों के लिए नकली आधार कार्ड और पैन कार्ड बनाता था और उन्हें विदेश भेजने के लिए नकली दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पासपोर्ट की व्यवस्था करता था।

# ग्रीन फील्ड हाईवे पर जलेबी चौक के पास हादसा, दो चचेरे भाइयों की मौत

**जींद-गोहाना ग्रीन फील्ड हाईवे पर जलेबी चौक के पास एक दर्दनाक हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। सुमित और सचिन नाम के ये युवक सफीदों में चश्मों की दुकान चलाते थे। हादसा इतना भयानक था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

प्रात : किरण/एजेंसी



सोनीपत। जींद-गोहाना ग्रीन फील्ड हाईवे पर जलेबी चौक के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार चचेरे भाइयों की मौत हो गई। जब वे समय पर घर नहीं पहुंचे तो स्वजन ने मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की। कई बार घंटी जाने के बाद किसी राहगीर ने मोबाइल उठाया और हादसे की जानकारी दी। स्वजन मौके पर पहुंचे और दोनों को कार से निकालकर अस्पताल लेकर गए। वहां पर चिकित्सक ने उनको मृत घोषित कर दिया। शहर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। यह हाईवे बनकर तैयार है, लेकिन अभी अधिकारिक तौर पर इसे वाहनों के लिए नहीं खोला गया है, फिर भी वाहन इस पर चलने लगे हैं।

**चश्मों की चलाते हैं दुकान:** गांव खेड़ी दमकन के रमेश कुमार दिल्ली पुलिस में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि उसके बेटे सुमित (24) व भतीजे सचिन (26) ने जींद के सफीदों में चश्मों की दुकान खोल रखी है। दोनों चचेरे भाई लगभग चार साल से दुकान चला रहे हैं। वे रोजाना कार में ही आवागमन करते थे।

**नहीं हुई कॉल रिसीव:** रविवार को भी वे सिलेरियो में सफीदों गए थे और देर शाम को घर वापस आ रहे थे। रोजाना की तरह वे समय पर घर नहीं पहुंचे तो स्वजन ने उनके मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की। बार-बार टंकी गई, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। कुछ समय बाद एक राहगीर ने फोन उठाया और बताया कि गोहाना-जींद हाईवे पर जलेबी चौक के निकट उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया है।

इसके बाद रमेश कुमार, अपने भाई नरेश व नवीन के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कार के अंदर से सुमित व सचिन को निकाला। कार के हाईवे पर डिवाइडर के पास परखच्चे उड़े हुए थे। दोनों की हालत गंभीर थी और उनको गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल लेकर गए। चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

**साढ़े तीन माह पहल हुई थी सचिन की शादी:** स्वजन ने बताया कि सचिन की शादी करीब साढ़े तीन माह पहले हुई थी। शादी के बाद परिवार में खुशी का माहौल था। सचिन और सुमित का परिवार साथ रहता है। सचिन परिवार में बड़ा था। दोनों की मौत से परिवार में मातम पसर गया।

**अंतिम चरण में हाईवे का निर्माण कार्य:** जींद-गोहाना ग्रीन फील्ड हाईवे नंबर-352 ए का निर्माणकार्य अंतिम चरण में है। इसे अभी तक वाहनों के लिए अधिकारिक रूप से नहीं खोला गया है। हाईवे को दिसंबर में ही वाहनों के लिए खोलने की तैयारी चल रही है। वाहन चालक इस हाईवे से गोहाना से जींद के बीच आवागमन करने लगे हैं। कार सवार दोनों भाइयों को गोहाना में इस हाईवे से उतरना था, करीब एक किलोमीटर पहले ही किसी अज्ञात वाहन ने उनकी कार को टक्कर मार दी।

## संक्षिप्त खबरें

### गुरुग्राम पुलिस ने रॉन्ग साइड वाहन चालकों के 10 करोड़ रुपये के काटे चालान

गुरुग्राम। गुरुग्राम यातायात पुलिस ने पिछले 11 महीने में रॉन्ग साइड में चलने वाले वाहन चालकों के 10 करोड़ रुपये से अधिक के चालान काटे। 1 जनवरी से 30 नवंबर 2024 तक एक लाख 46 हजार वाहन चालकों के चालान काटे गए। गुरुग्राम यातायात पुलिस द्वारा रॉन्ग साईड वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से विशेष चेकिंग अभियान चलाये गए। इन विशेष चेकिंग अभियानों के दौरान यातायात पुलिस, गुरुग्राम की अलग-अलग पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर वाहनों की चेकिंग की गई। जिसमें चैकिंग के दौरान रांग साईड वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के नियमानुसार चालान किए गए। पुलिस आयुक्त यातायात विरेंद्र विज के मुताबिक एक जनवरी से 30 नवंबर 2024 तक चेकिंग अभियान के तहत पुलिस टीमों द्वारा कुल 146076 वाहन चालकों को रॉन्ग साईड वाहन चलाते पाया गया। जिनके मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत नियमानुसार चालान किए गए। चालान की कुल जुमार्ना राशि 10 करोड़ 28 लाख 86 हजार 500 रुपए हैं। विज ने कहा कि गुरुग्राम पुलिस यातायात के सुरक्षित, सुगम व व्यवस्थित संचालन के उद्देश्य से रॉन्ग साईड वाहन चलाने वाले वाहन चालकों की स्पेशल चेकिंग करके कार्रवाई करती रही है। ये विशेष चैकिंग अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में देखने में आया है कि गत दिशा में वाहन चलाने के कारण सडकों पर दुर्घटना घटित हो जाती है।

### पर्वतारोही नरेंद्र सिंह ने उत्तरी अमेरिका में बनाए दो विश्व रिकॉर्ड

गुरुग्राम। पर्वतारोही नरेंद्र सिंह ने उत्तरी अमेरिका के अलास्का में सबसे ऊंची चोटी देनाली को फतह करके दो विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं। नरेंद्र यादव ने 6190 मीटर ऊंची चोटी पर भारत की तरफ से प्रतिनिधित्व किया। नरेंद्र का अगला लक्ष्य दिसम्बर में अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी विंसन पर तिरंगा फहराना है। नरेंद्र यादव इस पर्वत को चढने वाला विश्व का पहला युवा पुरुष होने के साथ-साथ सबसे तेज आरोहण (44 घंटे और 42 मिनट) करने वाला पर्वतारोही बन गया है। उसने अवरोहण (27 घंटे और 45 मिनट) कुल अवधि 73 घंटे और 10 मिनट में पूरा किया। इस तरह से नरेंद्र ने दो नए विश्व रिकॉर्ड बनाए। इससे पहले देनाली पर फतह कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाला युवा 31 साल 1 महीने 25 दिन का था। नरेन्द्र यादव ने 29 साल 6 महीने 8 दिन में इस रिकॉर्ड को तोडकर अपने नाम कर विश्व के पहले युवा पुरुष पर्वतारोही बन गये है इस अभियान में पूरे विश्व से पर्वतारोही शामिल हुए थे। अभियान को आईपीएल बायोलॉजिकल व अशोक सिंहल फाउंडेशन (एम2के ग्रुप) ने स्पॉन्सर किया था। 15 जून को तालकीतना से चार्टर उड़ान से बेस कैम्प पहुंच कर पैदल कैम्प 1 पहुंचा। 16 जून को कैम्प 2, 17 जून को कैम्प 3, 18 जून को कैम्प 3 से कैम्प 4 में मौसम अभ्यास के लिये के लिए जाकर वापिस कैम्प 3 आए। इसके बाद 19 जून को कैम्प 4 पहुंचे। 20 जून को विश्राम दिन व 21 जून को मौसम अभ्यास के लिये कैम्प 5 जाकर वापिस कैम्प 4 आए व 22 जून को कैम्प 5 पहुंचा व 23 जून को रात 10:29 पर तिरंगा लहराकर भारत का नाम विश्व पटल पर अंकित किया। एम2के ग्रुप के सीएमडी महेश भागचंदका व उनकी धर्म पत्नी सुनीता भागचंदका ने इस उपलब्धि नरेंद्र को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। नरेन्द्र यादव नें बताया दिनोली को घातक पर्वत भी कहा जाता है। यह पर्वत तकनीकी तौर पर बहुत ही दुर्गम है। अत्यधिक ठंड और तेज हवा से यह पर्वत चढ़ाई ओर खतरनाक बना देता है। झोखिमो से भरा होने के कारण बहुत कम पर्वतारोही इस पर्वत को चढ़ने में कामयाब हुए है।

### काम करने की ऐसी कार्यशैली नियमित रूप से हो तो जनता ना हो परेशान

गुरुग्राम, एजेंसी। समाधान शिविरों में जिस तरह से जनता समस्याओं, शिकायतों को दूर किया जा रहा है, अगर अधिकारियों, कर्मचारियों की यही कार्यशैली नियमित रूप से हो तो समस्याएं बड़ी ना हों। जिला प्रशासन का दावा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देश पर फिर से शुरू किए गए समाधान शिविर के चलते शिकायतकर्ताओं का विश्वास शासन-प्रशासन के प्रति बढ़ रहा है। समाधान शिविर में विभिन्न विभागीय सेवाओं से जुड़ी शिकायतों का एक ओर जहां मौके पर ही निवारण किया जा रहा है, वहीं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने व परिवार पहचान पत्र से जुड़ी त्रुटियों को कुछ ही घंटों में दुरुस्त कर शिकायतकर्ता को राहत प्रदान की जा रही है। शहर के सरस्वती एनक्लेव से आए रामबीर अत्री ने शिकायत में बताया कि उनकी कॉलोनी में दो गलियों में स्ट्रीट लाइट खराब है।

# हरियाणा : बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल 44 आईएएस अधिकारियों के तबादले

**हरियाणा में नई सरकार के गठन के बाद पहली बार बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। प्रदेश सरकार ने 44 आईएएस अधिकारियों के तबादलों का आदेश दिया है।**

प्रात : किरण/एजेंसी



चंडीगढ़। हरियाणा में रविवार देर रात बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। इस दौरान 44 आईएएस अधिकारियों के तबादले हुए है। हरियाणा में नई सरकार के गठन के बाद पहली बार बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। प्रदेश सरकार ने 44 आईएएस अधिकारियों के तबादलों का आदेश दिया है।

अगर कुछ महत्वपूर्ण आईएएस अधिकारियों के तबादले की बात करें तो, आईएएस अनुराग रस्तोगी को सबसे अहम वित्त आयुक्त राजस्व (एफसीआर), वित्त विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईएएस सुमिता मिश्रा को गृह सचिव नियुक्त किया गया है। गृह मंत्रालय खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पास है।

वहीं, आईएएस सुधीर राजपाल को स्वास्थ्य एवं एविएशन विभाग के साथ चिकित्सा शिक्षा अनुसंधान और आयुष विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईएएस अफसर अशोक खेमका को अनिल विज के महकमे की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें परिवहन विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। आईएएस अधिकारी डी सुरेश को हरियाणा भवन नई दिल्ली का रेजिडेंट कमिश्नर और उद्योग विभाग एवं वाणिज्य विभाग का प्रधान सचिव बनाया है। आईएएस अधिकारी श्यामल मिश्र को हरियाणा व्यापार मेला प्राधिकरण, नई दिल्ली का मुख्य प्रशासक, फरीदाबाद व गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण का मुख्य कार्यकारी अधिकारी और नागरिक उड्डयन विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। हरियाणा सरकार ने सौजी रजनी कान्थन को परिवहन आयुक्त, फूलचंद मीना को अंबाला डिवीजन का कमिश्नर, ए श्री निवास को हिसार डिवीजन का आयुक्त और दक्षिण हरियाणा बिजली निगम का एमडी नियुक्त किया है। आनंद मोहन शरण को पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग के साथ खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईएएस अधिकारी विनीत गर्ग को उच्चतर शिक्षा विभाग के साथ हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

आईएएस अधिकारी अमित कुमार अग्रवाल को विकास एवं पंचायत विभाग, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग और विदेश विभाग का आयुक्त एवं सचिव नियुक्त किया गया है। आईएएस अधिकारी राजीव रंजन को मत्स्य व श्रम विभाग का प्रधान सचिव लगाया गया है। विजय सिंह दहिया को मुद्रण विभाग और पशुपालन विभाग का आयुक्त एवं सचिव और अमनीत पी कुमार को महिला एवं बाल विकास विभाग और अभिलेखागार विभाग में आयुक्त एवं सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। आईएएस अधिकारी मोहम्मद साइन को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का आयुक्त एवं सचिव और संजय जून को अतिरिक्त जिम्मेदारी देते हुए मौजूदा नियुक्तियों के साथ फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड का मुख्य कार्यकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, हरियाणा सीएमओ की हिस्सा रहीं आशिमा बराड़ को सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय, आबकारी एवं कराधान आयुक्त और हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम का एमडी नियुक्त किया गया है। आईएएस अधिकारी संजीव वर्मा को खेल, आयुष और विदेश सहयोग विभाग का डायरेक्टर नियुक्त किया गया है।

# कातिल पत्नी का खुला खौफनाक राज, प्रेम संबंधों के चक्कर में पति को दी ऐसी मौत; पुलिस अफसर भी हैरान

**फरीदाबाद पुलिस ने विजय कुमार की हत्या का सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस की जांच में पता चला कि कत्ल किसी और ने नहीं बल्कि उसकी पत्नी ने ही अपने प्रेमी के साथ मिलकर किया था। वहीं मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।**

प्रात : किरण/एजेंसी





फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद में एनआईटी तीन नंबर पुलिस चौकी के अंतर्गत शिवाजी पार्क के पास बने कमरे में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। सोमवार सुबह पुलिस ने शव सुलभ शौचालय के बाहर से बरामद किया। उस समय महिला और उसका प्रेमी फरार हो चुके थे। घर में उसकी तीन बेटियां थी।

पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। आरोपितों की तलाश की जा रही है।

तीन नंबर पुलिस चौकी के प्रभारी सोमपाल ने बताया कि शिवाजी पार्क के पास सुलभ शौचालय है। इस पर विजय कुमार नामक व्यक्ति काम करता था और यहीं बने कमरे में पत्नी रेखा व तीन बेटियों संग रहता था।

**अब्दुल्ला से थे संबंध:** पुलिस के अनुसार, इसकी पत्नी रेखा के अब्दुल्ला नामक युवक के साथ संबंध थे। वह इनके घर आता-जाता रहता था। इस बारे में विजय को पता लग गया। उसने पत्नी को खूब समझाया। पत्नी बार-बार गलती मान लेती। कुछ ही दिन पहले विजय ने पत्नी व अब्दुल्ला को कमरे के अंदर आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। तब दोनों के बीच कहासुनी हुई।

प्रभारी सोमपाल ने बताया कि इसी मामले के चलते रात को रेखा ने अपने प्रेमी को कमरे पर बुला लिया। देर रात उसने तकिया उसके चेहरे के ऊपर रखकर विजय का दम घोंट दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। उसके शव को शौचालय के बाहर फेंक दिया ताकि यह सामान्य मौत लगे। सूचना मिलने पर विजय का भाई बलबीर व अन्य रिश्तेदार आ गए।

**बेटी ने खोला राज:** विजय की नौ साल की बेटी सोनम ने यह सारा राज खोल दिया। उसने बताया कि रात को मम्मी और अंकल ने पापा के साथ मारपीट की थी। तकिया पापा के ऊपर रख दिया था। जब रेखा को पता लगा कि सोनम देख रही है तो उसे कमरे से दूर कर दिया था। पुलिस ने सोनम से भी बात की तो उसने इस बारे में बताया।

**बीमा का भी था लालच:** बलबीर ने बताया कि उसकी भाभी काफी लालची भी थी। उसके भाई का 25 लाख का बीमा था। भाभी भाई की हत्या कर बीमा की रकम हड़पना चाहती थी। उसने प्रशासन से मांग की है कि भाई की तीनों बेटियों को बाल कल्याण समिति के सुपुर्द कर दिया जाए। क्योंकि अब उनकी देख-रेख करने वाला कोई नहीं है।

# गोधरा कांड को कांग्रेस ने दुर्घटना बताकर सच्चाई को दबाया: कमल यादव

**जिला अध्यक्ष के साथ विशेष तौर पर जिला उपाध्यक्ष अर्जुन शर्मा, जिला महामंत्री रामबीर भाटी, जिला सचिव निधि कोटिया, पी.सी. सैनी, जिला मीडिया प्रमुख पवन यादव, सह मीडिया प्रभारी राकेश राणा, जिला कार्यालय सचिव यादराम जोया, प्रवक्ता विपिन यादव, धनराज बंसल आदि ने फिल्म को देखा और गोधरा कांड की सच्चाई से अवगत हुए।**

प्रात : किरण/एजेंसी





गुरुग्राम। भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कमल यादव ने सोमवार को अपनी पूरी टीम के साथ द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी। गुरुग्राम के मेगा मॉल में लगी इस फिल्म को देखने के बाद जिला अध्यक्ष ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने गोधरा कांड को दुर्घटना बताकर सच्चाई को दबाने का षडयंत्र रचा था।

जिला अध्यक्ष के साथ विशेष तौर पर जिला उपाध्यक्ष अर्जुन शर्मा, जिला महामंत्री रामबीर भाटी, जिला सचिव निधि कोटिया, पी.सी. सैनी, जिला मीडिया प्रमुख पवन यादव, सह मीडिया प्रभारी राकेश राणा, जिला कार्यालय सचिव यादराम जोया, प्रवक्ता विपिन यादव, धनराज बंसल आदि ने फिल्म को देखा और गोधरा कांड की सच्चाई से अवगत हुए।

कमल यादव ने कहा कि साबरमती रिपोर्ट फिल्म द्वारा निर्देशक ने कांग्रेस के षडयंत्र का खुलासा कर देश के सामने सच्चाई लाने का काम किया है। जिला अध्यक्ष ने फिल्म के निर्देशक सहित पूरी टीम को इस ऐतिहासिक फिल्म बनाने पर बधाई दी। कमल यादव ने एकता कपूर की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि एकता कपूर ने इस तरह की फिल्म बनाकर सच्चाई से पर्दा उठाने की हिम्मत की।

जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि 27 फरवरी 2002 में अहमदाबाद जा रही साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन के बोगी नंबर एस-6 को सुनियोजित षडयंत्र के तहत गोधरा स्टेशन पर कुछ लोगों ने आग के हवाले कर दिया। इस कांड में 59 राम भक्त कार्य सेवकों की मौत हो गई थी। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा साजिश के तहत सम्पूर्ण गुजरात को दंगे की आग में झोंकने का विभत्स काम किया गया था।

भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि विपक्ष ने तत्कालीन मुख्यमंत्री रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फंसाने का कुप्रयास किया। कमल यादव ने कहा कि गोधरा कांड एक सोची समझी साजिश थी न कि दुर्घटना। इस कांड में शामिल लोगों की पहचान हुई तथा सजा भी मिली। उन्होंने कहा कि मोदी को हर आयोग व न्यायालय से क्लीन चिट मिली।

# हरियाणा प्रशासनिक न्यायाधिकरण के गठन पर हाईकोर्ट 13 को करेगा सुनवाई

**रजिस्ट्रार जनरल से पूछा- 2022 के बाद कितने मामलों का हुआ निपटारा?**

प्रात : किरण/एजेंसी





चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट हरियाणा प्रशासनिक न्यायाधिकरण के गठन के बारे में मुख्य याचिका पर 13 दिसम्बर को सुनवाई करेगा। इस मामले में खंडपीठ ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से हाईकोर्ट में लंबित हरियाणा के कर्मचारियों के कुल सेवा मामलों की संख्या तथा वर्ष 2022 से हरियाणा से संबंधित ऐसे मामलों के निपटारे की संख्या के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी हुई है।

हाईकोर्ट ने अपने रजिस्ट्रार जनरल से हरियाणा राज्य से संबंधित कर्मचारियों के सेवा मामलों की सुनवाई करने वाली पीठों की संख्या का विवरण भी मांगा है। हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ ने हरियाणा के कर्मचारियों से संबंधित सेवा मामलों के निर्णय के लिए हरियाणा में हरियाणा प्रशासनिक न्यायाधिकरण की स्थापना से संबंधित एक संज्ञान पर सुनवाई करते हुए यह विवरण मांगा है।

**हरियाणा प्रशासनिक न्यायाधिकरण काम क्यों नहीं कर सकता?**

तत्कालीन मुख्य सचिव हरियाणा द्वारा हस्ताक्षरित 28 जून, 2022 की रिपोर्ट ने हाईकोर्ट को सूचित किया है कि पंजाब और हरियाणा की राज्य बार काउंसिल और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि यह बताने में विफल रहे हैं कि जब सभी ट्रिब्यूनल और आयोग पहले से ही ट्राइसिटी में सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं, तो हरियाणा प्रशासनिक न्यायाधिकरण काम क्यों नहीं कर सकता है। रिपोर्ट में हाईकोर्ट को यह भी बताया गया है कि हरियाणा सरकार ने 16 नवंबर, 2021 की अधिसूचना के तहत पहले ही पंचकूला में हरियाणा प्रशासनिक न्यायाधिकरण की मुख्य पीठ की स्थापना कर दी है, जिसमें दो अदालतें हैं। हाईकोर्ट में लंबित मुकदमों के बोझ को भी कम करेगा। हरियाणा की रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि हरियाणा प्रशासनिक न्यायाधिकरण न केवल सेवा मामलों के निपटान की प्रक्रिया में तेजी लाएगा, बल्कि हाईकोर्ट में लंबित मुकदमों के बोझ को भी कम करेगा।

महत्वपूर्ण बात यह है कि केंद्र सरकार ने प्रशासनिक न्यायाधिकरण अधिनियम, 1985 की धारा 4(2) के तहत 24 जुलाई, 2019 को एक अधिसूचना जारी की थी, जिसमें राज्य सरकार के कर्मचारियों से संबंधित सेवा मामलों के लिए हरियाणा प्रशासनिक न्यायाधिकरण का गठन किया गया था। इसके साथ ही राज्य सरकार के कर्मचारियों के 10000 से अधिक सेवा-संबंधी मामलों को निर्णय के लिए तुरंत हाईकोर्ट से न्यायाधिकरण में स्थानांतरित किया जाना था।

इससे एक अभूतपूर्व स्थिति पैदा हो गई जहां पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट बार के सदस्य अधिसूचना जारी करने का विरोध करते हुए हड़ताल पर चले गए और जुलाई-अगस्त 2019 में तीन सप्ताह से अधिक समय तक कामकाज ठप रहा। हालांकि, 2 अगस्त, 2019 को हाई कोर्ट की पूर्ण पीठ ने न्यायाधिकरण की स्थापना के संबंध में केंद्र सरकार की अधिसूचना के कार्यान्वयन को स्थगित कर दिया था।

# गुरुग्राम में मनाया गया राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस

गुरुग्राम/एजेंसी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निदेशक एमसीएच (हरियाणा) एवं सिविल सर्जन गुरुग्राम डॉ. वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में जिला में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आईईसी सामग्री, स्वास्थ्य वार्ता, स्कूलों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता सत्रों के माध्यम से पूरे समुदाय में जागरुकता फैलाई गई। 1984 में भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों को याद करने और लोगों को पर्यावरण सुरक्षा के महत्व को बताने के लिए 2 दिसंबर को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया जाता है। डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि वायु प्रदूषण स्ट्रोक, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी), फेफड़ों का कैंसर और अस्थमा सहित कई बीमारियों का कारण बन सकता है। वायु प्रदूषकों के संपर्क में आने से श्वसन संक्रमण भी हो सकता है।

अपील की सुनवाई के लिए नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना
(आदेश 41 का नियम 14)
**न्यायालय लधुवाद न्यायाधीश वाराणसी**
न.नि.अ.सं.-41/2024
मंजू बुधिया बनाम अश्वनी
अपील विरूद्ध अवर न्यायालय
**मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नगर निगम वाराणसी**
आदेश दिनांक 10.06.2024
अवर न्यायालय की वाद संख्या सं.- बनाम अश्वनी कुमार बुधिया पुत्र स्व. मानिक चन्द बुधिया निवासी म.नं. 1340 ग्राउण्ड फ्लोर सेक्टर-37 फरीदाबाद हरियाणा।
आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में की डिक्री की द्वारा उपस्थित की गई है और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिए इस न्यायालय द्वारा दिनांक 13/12/2024 नियत की गई है। यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिए कार्य करने के लिए विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और सुनिश्चत की जाएगी।
आज दिनांक .... माह ... सन् 2024 ई0 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गयी।
**आज्ञा से- न्यायालय**

**न्याय** | यूनियन कार्बाइड कारखाने से जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट का रिसाव हुआ और हजारों लोग मौत के मुंह में चले गए थे।

# भोपाल गैस त्रासदी की बरसी : 40 साल बाद भी न तो पीड़ितों को मिला न्याय

प्रात : किरण/एजेंसी

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में वर्ष 1984 में दो-तीन दिसंबर की रात को हुई विश्व की भीषणतम औद्योगिक त्रासदी को लोग अब तक भूल नहीं पाए हैं। अब भी यहां के लोग इसका दंश झेलने को मजबूर हैं। यूनियन कार्बाइड कारखाने से जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट का रिसाव हुआ और हजारों लोग मौत के मुंह में चले गए थे। मंगलवार, 3 दिसंबर को इस भीषणतम त्रासदी की 40वीं बरसी है, लेकिन अब तक न तो पीड़ितों को न्याय मिल पाया है और न ही यूनियन कार्बाइड परिसर में पड़े कचरे को नष्ट नहीं किया जा सका है। निकट भविष्य में भी इसके निपटान की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। विषैली गैस के सम्पर्क में आने वाले लोगों के परिवारों में इतने वर्षों बाद भी शारीरिक और मानसिक रूप से अक्षम बच्चे जन्म ले रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक गैस त्रासदी से 3787 की मौत हुई और गैस से करीब 5,58,125 लोग प्रभावित हुए थे। हालांकि कई एनजीओ का दावा रहा है कि मौत का यह आंकड़ा 10 से 15 हजार के बीच था। बहुत सारे लोग कई तरह की शारीरिक अपंगता से लेकर अंधेपन के भी शिकार हुए। विभिन्न अनुमानों के मुताबिक करीब आठ हजार लोगों की मौत तो दो सप्ताह के भीतर ही हो गई थी जबकि करीब आठ हजार अन्य लोग रिसी हुई गैस से फैली संबंधित बीमारियों के चलते मारे गए थे।

**कैसे हुआ हादसा?**

यूनियन कार्बाइड की फैक्टरी से करीब 40 टन गैस का रिसाव हुआ था। इसकी वजह थी टैंक नंबर 610 में जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का पानी से मिल जाना था। इससे हुई रासायनिक प्रक्रिया की वजह से टैंक में दबाव पैदा हो गया। इससे टैंक खुल गया और गैस रिसने लगी। लोगों को मौत की नींद सुलाने में विषैली गैस को मात्र तीन मिनट लगे थे।

**क्या बनता था इस कारखाने में:**



यूनियन कार्बाइड कारखाने में कारबारील, एल्डिकार्ब और सेबिडॉल जैसे खतरनाक कीटनाशकों का उत्पादन होता था। संयंत्र में पारे और क्त्रसेमियम जैसी दीर्घस्थायी और जहरीली धातुएं भी इस्तेमाल होती थीं। सरकार का कृषि विभाग उन कीटनाशकों का एक बड़ा खरीददार था। भोपाल कारखाने से कीटनाशकों का निर्यात दूसरे देशों को किया जाता था और उससे भारत को निर्यात शुल्क की आय होती थी। जानकारों का कहना है कि कीटनाशकों की आड़ में यह कारखाना कुछ ऐसे प्रतिबंधित घातक एवं खतरनाक उत्पाद भी तैयार करता था, जिन्हें बनाने की अनुमति अमेरिका और दूसरे पश्चिमी देशों में नहीं थी।

**40 वर्ष बाद भी धरती के नीचे दफन है जहरीला कचरा:** भोपाल गैस त्रासदी के 40 वर्ष 3 दिसंबर को पूरे होने जा रहे हैं, पर इतने वर्ष बाद भी जहरीला कचरा यूनियन कार्बाइड परिसर में दफन है। इस कारण भूजल प्रदूषित होने की बात सत्यापित हो चुकी है। वर्ष 2018 में इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टाक्सिकोलाजी रिसर्च लखनऊ की रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आ चुका है। रिपोर्ट के अनुसार यूनियन कार्बाइड परिसर के आसपास की 42 बस्तियों के भूजल में हेवी मेटल, आर्गनो क्लोरीन पाया गया था, जो कैंसर और किडनी की बीमारी के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। इसके बाद इस क्षेत्र में नर्मदा जल की आपूर्ति सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर की जा रही है।

आशंका है इन कालोनियों के अतिरिक्त प्रदूषित भूजल आगे पहुंच गया हो पर वर्ष 2018 के बाद जांच ही नहीं कराई गई। राज्य सरकार ने कुछ साल पहले यूनियन कार्बाइड परिसर में पड़े लगभग 350 मी टन कचरे का निपटान गुजरात के अंकलेश्वर में करने का निर्णय लिया था और उस समय गुजरात सरकार भी इसके लिए तैयार हो गई थी, लेकिन गुजरात की जनता द्वारा इसको लेकर आंदोलन किए जाने के बाद गुजरात सरकार ने कचरा वहां लाए जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद सरकार ने प्रदेश के धार जिले के पीथमपुर में कचरा नष्ट करने का निर्णय लिया और 40 मी. टन कचरा वहां जला भी दिया, लेकिन यह मामला प्रकाश में आने के बाद यहां विरोध में किए गए आंदोलन के बाद स्वयं मध्य प्रदेश सरकार ने इससे अपने हाथ खींच लिए।

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने नागपुर में डीआरडीओ स्थित इंसीनिरेटर में कचरे को नष्ट करने के आदेश दिया, लेकिन महाराष्ट्र के प्रदूषण निवारण मंडल ने इसकी अनुमति नहीं दी और महाराष्ट्र सरकार ने भी नागपुर में कचरा जलाने से इनकार कर दिया।

## मस्जिदों में मंदिर की मूर्ति की खोज ? क्या यह धर्मांधता नहीं है ?

बाबरी मस्जिद को ध्वंस करके राम मंदिर के निर्माण के बाद भी भारत के बहुसंख्यकों के एक प्रतिशत भक्त शायद देश में शांति-सौहार्द के इच्छुक नहीं हैं। इसीलिए अब अजमेर के ख्वाजा की दरगाह हो या सम्भल की सदियों पुरानी मस्जिद हो उसके नीचे देवताओं की मूर्तियों की खोज के लिए सर्वे किए जा रहे हैं। ताज्जुब है कि सुप्रीम कोर्ट ने भी संसद द्वारा पारित विधि को मंजूर किया है जिसमें कहा गया है कि आजादी मिलने के समय जिस उपासना स्थल का जो स्वरूप था उसे वैसा ही कानूनी रूप से माना जाएगा. ! हालांकि अयोध्या मंदिर के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ साफ रूप से लिखा था कि इस मामले को अपवाद के रूप में माना जाएगा। परंतु जिस प्रकार मथुरा झ काशी और उत्तर प्रदेश के अन्य स्थानों पर पुरातत्व सर्वेक्षण के नाम पर जिस प्रकार कार्रवाई की जा रही है वह अदालती फैसले का सम्मान तो नहीं हैं। हाँ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ का बुलडोजर न्याय और उनका अलपसंख्यकों के प्रति दुराव ही प्रदेश में हो रही इन गैर कानूनी कार्रवाई को हवा दे रहा हैं। एक तरफ अल्पसंख्यकों के उपासना स्थलों को गैर कानूनी बताने की शासकीय कोशिश हो रही है वहीं बांग्ला देश में वहां के अल्पसंख्यकों हिन्दू समुदाय पर बहुसंख्यक मुस्लिम समुदाय की प्रताड़ना का विरोध लगभग एक जैसा ही है। अर्थात जो जहां बहुमत में है वह अपने से कमजोर को दबा रहा हैं। कहने को तो बांग्ला देश में भी लोकतंत्र और कानून का राज है, जैसा की भारत में, परंतु धार्मिक अतिरेक दोनों ही जगहों पर अत्याचार सा बन गया है। उदाहरण के तौर पर उत्तर प्रदेश और राजस्थान में अगर मस्जिदों और दरगाहों को हिन्दू उपासना स्थल पर निर्मित किए जाने का दावा किया जाता है, वहीं बांग्ला देश में इस्कॉन मंदिरों की भूमि को मुस्लिमों से छीने जाने का आरोप लगाया जाता हैं। ऐसा नहीं है कि गैर हिन्दू देश में, खासकर मुस्लिम राष्ट्रों में भी वहां के शासकों ने मंदिर निर्माण के लिए न केवल इजाजत दी वरन अन्य प्रकार से भी मदद दी है। यूनाइटेड अरब अमीरात, कतार आदि ऐसे ही मुस्लिम राष्ट्र है जहां हिन्दुओं ने मंदिरों का निर्माण किया हैं। अब अगर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी श्री होसबोले बांग्ला देश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के लिए देश में आवाज उठाने की हांक लगा रहे हैं, तब उन्हें पहले अपने योगी जी से कहना चाहिए कि वे अल्पसंख्यकों के प्रति सद्भाव बनाए। अन्यथा बांग्ला देश के हिन्दुओं की रक्षा का आरएसएस का आवाहन निरुदेश ही साबित होगा -यानि मीडिया में एक और बयान ! बस उससे ज्यादा कुछ भी नहीं। आरएसएस की कट्टरता का एक उद्धरण झांसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर लगभग 500 से अधिक यात्रियों संघ की प्रार्थना कराई ह्लसदा भक्तवत्सले मतरभूमिह्व अब यह कोई धार्मिक प्रार्थना नहीं है, लेकिन यह एक ऐसे संगठन का गढ़ है जो अन्य धर्मावलंबियों के प्रति असहिष्णु है। अब प्लेटफॉर्म में कोच में नमाज अदा करने पर इस संगठन द्वारा आपत्ति जताई गई थी। तब ट्रेनों के कैंसिल होने के कारण प्रतीक्षारत यात्रियों को सीट दिलाने का आश्वासन देकर पंक्तिबद्ध खड़े करवाना और संघ के गान को आयोजित करना, गैर कानूनी नहीं पर उचित तो तनिक भी नहीं है।आरएसएस और उसके आनुसंगिक संगठनों द्वारा धर्म को लेकर जिस प्रकार कट्टरता का भाव सार्वजनिक क्षेत्रों में अभिव्यक्त होता है, वह भारत जैसे बहु धरमी और विभिन्न आस्थाओं वाले देश के लिए उचित नहीं है। अब हमें आजादी मिले हुए सात दशक हो गए हैं इसलिए लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए सभी को भारतवासी बनकर देश के संविधान के प्रति निष्ठावान रहना होगा। अन्यथा अफ्रीका में अनेक देश है जहां पर जातीय अथवा नस्लीय कारणों वहां सतत लड़ाई हिंसा जारी है। कुछ नेताओ के अहंकार के कारण लाखों लोगों का जीवन वहां नरक बन चुका है। भूख, बेरोजगारी, बलात्कार और सामूहिक हत्या वहां दिनचर्या बन गई है। येमान सूडान और मलावी आदि देशों में धार्मिक नस्लीय कट्टरता ने आम जनों का जीवन नरक कर दिया हैं। अगर हमने इसे वक्त रहते नहीं रोका तो भारत भी पाकिस्तान येमान और सूडान बन सकता है।

## कांग्रेस के सामने चुनौतियों भरे कार्य

कांग्रेस को चुनावी रुझानों और मतदाताओं के बीच मूड में आने वाले तेजी से परिवर्तन को समझना होगा जो पार्टी का समर्थन और उसकी अस्वीकृति करते हैं- जैसा कि हम छह महीने के भीतर होने वाले चुनावों में देखते हैं। वही मतदाता जिन्होंने मई 2024 में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों को बहुत उत्साह से वोट दिया था, जो भाजपा और उसके सहयोगियों के प्रति अपनी घृणा के दर्शा रहे थे- जैसे कि हरियाणा और महाराष्ट्र में। भारत के मतदाता पिछले कुछ समय से कांग्रेस को ऊपर-नीचे कर रहे हैं और यह प्रवृत्ति पिछले डेढ़ साल में और भी स्पष्ट हो गयी है, विशेषकर मई 2023 में कर्नाटक चुनाव के समय से, जब लोगों ने भाजपा को सत्ता से बाहर करते हुए कांग्रेस को भारी बहुमत से जिताया था। इस अवधि के दौरान देश भर में लगभग हर छह महीने में मतदाताओं का मूड बदलता हुआ देखा गया है, खासकर कांग्रेस के पक्ष में या उसके खिलाफ। नवंबर 2023 में राजस्थान और मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव, अक्टूबर 2024 में हरियाणा चुनाव और अब नवंबर 2024 में महाराष्ट्र चुनाव में मिली असफलताओं ने स्पष्ट रूप से दिखा दिया है कि अगर कांग्रेस को देश भर में आगामी चुनावों में भाजपा से मुकाबला करना है तो उसके सामने महत्वपूर्ण कार्य हैं, जिन्हें उसे करना ही होगा। कांग्रेस को चुनावी रुझानों और मतदाताओं के बीच मूड में आने वाले तेजी से परिवर्तन को समझना होगा जो पार्टी का समर्थन और उसकी अस्वीकृति करते हैं- जैसा कि हम छह महीने के भीतर होने वाले चुनावों में देखते हैं। वही मतदाता जिन्होंने मई 2024 में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों को बहुत उत्साह से वोट दिया था, जो भाजपा और उसके सहयोगियों के प्रति अपनी घृणा के दर्शा रहे थे- जैसे कि हरियाणा और महाराष्ट्र में, कुछ महीने बाद अक्टूबर और नवंबर में हुए चुनावों में भाजपा और सहयोगियों के पक्ष में मतदान किया, जो इंडिया ब्लॉक में कांग्रेस और उसके सहयोगियों के प्रति अपनी अस्वीकृति दशार्ते हैं। यह एक बहुत ही आश्चर्यजनक रूझान है, जो प्रथम दृष्टया दशार्ता है कि अब वोटरों को किसी भी पार्टी या गठबंधन द्वारा हल्के में नहीं लिया जा सकता है। इस स्थिति में कांग्रेस के पास विपक्ष में किसी भी अन्य राजनीतिक दल की तुलना में सर्वाधिक दांव पर है, क्योंकि यह केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है। कांग्रेस को वास्तव में वर्तमान चुनावी रुझानों को गहराई से समझने की आवश्यकता है, जो कुछ ही महीनों के भीतर अपने मूड को बदलने की प्रवृत्ति दिखाते हैं, जो अंततः पार्टी के चुनावी भाग्य को प्रभावित करते हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि पिछले डेढ़ साल में मतदान के रूझान में बहुत भिन्नता देखी गयी है, जो क्षेत्र दर क्षेत्र और जनसांख्यिकीय पृष्ठभूमि बदलने के साथ ही बदल जाते हैं। कांग्रेस को न केवल इस रूझान की गहरी समझ की आवश्यकता होगी, बल्कि मतदाताओं के तेजी से बदलते व्यवहार के कारणों को भी समझना होगा। ग्रेस को सबसे पहले हार का विश्लेषण करने की आवश्यकता है, और फिर हार के कारण या जहां इसने कम प्रदर्शन किया है, उसकी पहचान की। हार का विश्लेषण करने के अलावा, उसे आत्मनिरीक्षण करने, अपने अभियान को तैयार करने, उम्मीदवारों के चयन, गठबंधनों के साथ सीट बंटवारे और मतदाताओं को स्पष्ट रूप से संदेश देने में पार्टी द्वारा की गयी रणनीतिक गलतियों की पहचान करने की आवश्यकता। कांग्रेस नेतृत्व वास्तव में क्या करना चाहता है का संदेश भी स्पष्ट रूप मतदाताओं तक संप्रेषित करना होगा। हाल के सभी चुनावों में कांग्रेस पार्टी को मिली असफलताओं का भी मूल्यांकन करने की आवश्यकता है, क्योंकि कुल मिलाकर हार का श्रेय स्थानीय और क्षेत्रीय नेताओं को दिया गया है, जो गुटबाजी में लिप्त पाये गये और पार्टी में फूट दिखाई दी। इसके अलावा, उनके व्यवहार को ऐसा देखा गया जैसे कि उनका केवल स्वार्थ है। इसलिए, पार्टी के पास अपने क्षेत्रीय और स्थानीय नेताओं की प्रभावशीलता और विश्वसनीयता का आकलन करने का एक बड़ा काम है। इस आकलन का उपयोग जमीनी स्तर से संगठनात्मक नेटवर्क के पुनर्निर्माण में किया जा सकता है, जो पार्टी के लिए समय की मांग है। यह पहले से ही सर्वविदित है कि कांग्रेस ने बूथ स्तर की समितियों तक अपना ऊर्ध्वाधर नेतृत्व खो दिया है, जिसे उसने कभी हासिल किया था। स्थानीय नेटवर्क का पुनर्निर्माण- जैसे कि जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर की समितियां- सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि कोई भी राज्य स्तरीय या राष्ट्रीय स्तर की समितियां मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक नहीं ला सकती हैं।

# दुनिया का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर भारत

अंतर्राष्ट्रीय संगठन डेलायट ने अपनी हालिया रिपोर्ट में वर्ष 2030 तक भारत के चीन और अमेरिका जैसी विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता बाजार के रूप में उभर कर सामने आने की आशा व्यक्त की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के मध्यम वर्ग का दायरा काफी तेजी से बढ़ रहा है जिसके कारण बाजार तक पहुंच रखने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ रही है। व्यापार की नीतियों में उदारीकरण और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ने का असर उपभोक्ता बाजार पर दिख रहा है, सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं और उत्पादों के निर्यात में बढ़ोत्तरी ने भी उपभोक्ता बाजार का आकार बढ़ाने में सहायता की है।





**ललित गर्ग**
**लेखक**

अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत एवं उसके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की साख एवं सीख के कारण भारत दुनिया का सिरमौर बनने की दिशा में अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में 5 दिन के विदेश दौरे में तीन देशों की यात्रा की और 31 ग्लोबल लीडर्स और वैश्विक संगठनों के प्रमुखों के साथ मुलाकात की। मोदी की विदेश यात्राओं से विश्व में भारत का न सिर्फ सम्मान बढ़ रहा है बल्कि दुनिया का हमारे देश के प्रति नजरिया भी बदल रहा है। भारत का हमेशा से मानना रहा है कि दुनिया के शीर्ष ताकतों को सिर्फ अपने बारे में नहीं सोचना चाहिए। आर्थिक रूप से संपन्न देशों को छोटे-छोटे देशों के हितों का भी उतना ही ख्याल रखना होगा। प्रधानमंत्री के एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का मंत्र इस बात की ओर ही संकेत है। भारत में वैश्विक विकास को फिर से पटरी पर लाने, युद्धमुक्त दुनिया बनाने, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य और डिजिटल परिवर्तन जैसे वैश्विक चिंता के प्रमुख मुद्दों पर दुनिया की अगुवाई करने की क्षमता है। इस पहलू को अब दुनिया की तमाम बड़ी शक्तियां भी स्वीकार करने लगी हैं। मोदी ने बार-बार कहा है भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से काम करता है, जिसमें छोटे-छोटे देशों के हितों को पूरा करने के लिए समान विकास और साझा भविष्य का संदेश भी निहित है, जो भारत की आशावादी एवं समतामूलक सोच को दशार्ता है। भारत को स्वर्णिम भारत, अच्छा भारत, रामराज्य का भारत या दुनिया का सिरमौर इसलिये कहा जाता है कि यह वो देश है जहाँ से दुनिया ने शून्य को जाना। खेल, पर्यटन और फिल्मों से जिसको पहचाना जाता है। जिसकी अंतरिक्ष में पहुँच, तकनीकी प्रतिभाओं से विश्व ने भी भारत का लोहा माना है। बिना रक्त क्रांति के जिसने पायी थी आजादी। भारत दुनिया को बाजार नहीं, एक परिवार मानता है। संतों के सान्निध्य में चलने वाली भारत की व्यवस्था पूरी दुनिया के लिए मार्गदर्शन हैं। मानव सभ्यता के 95 प्रतिशत समय तक भारत दुनिया को खनिज, मसाले और धातुओं के साथ ही धर्म, गणित एवं खगोलशास्त्र की अवधारणाएं देता रहा। जब सारी दुनिया भटकती है तब भारत उसका मार्ग प्रशस्त करता है। भारत टकराव और संघर्ष को मानवता के लिए खतरा मानता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मौजूदा दौर में हमें अपने अस्तित्व ही नहीं, सम्पूर्ण मानवता के लिए लड़ने की जरूरत है। भारत ने अपनी विदेश नीति के जरिए हमेशा ही ये संदेश दिया है कि आज दुनिया जलवायु परिवर्तन, गरीबी, आतंकवाद, युद्ध और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है, उनका समाधान आपस में लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है। आज दुनिया में ऐसी ही संवेदनशील अर्थव्यवस्थाओं के निर्माण की चर्चा हो रही है जहां समाज कल्याण एवं जीडीपी विकास दोनों का सह-अस्तित्व हो और नागरिकों की प्रसन्नता सर्वोपरि हो। भारत ऐसी ही अर्थव्यवस्था यानी संवेदनशील वैभव के सदुपयोग को खुशहाल जीवन और दीर्घकालिक आत्मनिर्भर समाज का आधार मानते हुए आगे बढ़ रहा हैं। भारतीय सभ्यता सदा से धन और दान दोनों को सर्वोच्च मानती है। हमारे ऋषियों-मनीषियों ने वाकपटुता, सहायता करने की तत्परता, शत्रुओं से निपटने की बुद्धिमत्ता, स्मृति, कौशल, नैतिकता एवं राजनीति का ज्ञान आदि गुणों को सफल नेतृत्व का आधार बताया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन्हीं गुणों के बल पर भारत को दुनिया में अव्वल स्थान पर पहुंचाया हैं। भारत के पास सबसे मजबूत लोकतंत्र है, विविधता है, स्वदेशी एवं समावेश सोच, आदर्श जीवनशैली, वैश्विक सोच है और दुनिया इन्हीं आइडियाज में अपनी सभी चुनौतियों का समाधान देख रही है। आज अमेरिकी अपनी गिरती साख को लेकर चिन्तीत है। यूरोपीय संस्कृति ऐसी रही है, जिसमें उन वस्तुओं पर भी पैसा बहाया गया, जिनकी उन्हें कभी जरूरत ही नहीं थी। चीन ने कारोबार और नीतियों का ऐसा रास्ता अपनाया, जिसमें कोई नैतिकता नहीं। रूस अपने शत्रु को आंकने में गलती कर गया और एक अंतहीन से युद्ध में उलझकर रह गया। दुनिया में मची इस उथल-पुथल के बीच ऐसा लगता है कि केवल भारत ही ऐसी प्रमुख शक्ति है, जिसने ऐसा रास्ता चुना जो कूटनीतिक समझ और नैतिकता से भरा है। साथ ही, उसने एक स्थिर अर्थव्यवस्था के वैश्विक ब्रांड के रूप में खुद को स्थापित किया है, जिसके साथ दुनिया व्यापार करना चाहती है। ये सब इसी कारण संभव हुआ, क्योंकि हम अपनी संस्कृति से जुड़े हैं, हमारा नेतृत्व संस्कृति से जुड़ा एक महान् कर्मयोद्धा कर रहा है। दुनिया पिछले हजारों सालों से सुखों के लिए दौड़ रही है लेकिन इस दौड़ में हार चुकी है। अब उसकी नजर भारत पर है। देश को अपनी सारी शक्ति एकजुट करनी होगी। सारी दुनिया में कट्टरपंथ और उदारता के बीच लड़ाई चल रही है। कपट और सरलता के बीच संघर्ष चल रहा है। देश को अपने मूल्यों को स्थापित करने के लिए सेनापति की भूमिका निभानी होगी और उसके लिये उसकी तैयारी भी है। वर्तमान में भारत आर्थिक, सामरिक, वैज्ञानिक तथा ज्ञान के क्षेत्र में विश्व का सिरमौर बन रहा है, यह अच्छा संकेत है। अन्यान्य क्षेत्रों के साथ भारत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया का सिरमौर है। सौर ऊर्जा उत्पादन में भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है। इसलिए सारा संसार भारत की ओर बड़ी आशा और विश्वास के साथ देख रहा है। परन्तु अनेकानेक विशेषताओं एवं विलक्षणताओं के बीच कुछ विसंगतियां एवं विषमताएं भी हैं। भारत की अस्मिता का प्रतीक मातृशक्ति की आज सर्वत्र अवमानना की जा रही है। चरित्रहीनता, भ्रष्टाचार और संवेदनहीनता से जूझता हुआ हमारा भारतीय समाज भोगवादी संस्कृति का आदी हो चुका है। अपने देश में भारत के हित में विचार करनेवाले, समाज की उन्नति के संबंध में चिंतन करनेवाले लोगों की कमी नहीं है। फिर भी आज देश की व्यवस्था में राष्ट्रभक्तों का अभाव दिखता है, संकीर्ण राजनीति एवं सत्ता की दौड़ में मूल्यों को धुंधलाने की स्थितियां कमजोर करती है। यही कारण है कि संपूर्ण देश में एक असंतोष की भावना दिखाई देती है। सरकारी यंत्रणाओं के प्रति जनमानस का विश्वास प्रायः लुप्त होता जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में नये परचम फहराने वाले युवाओं, घर को संस्कारों से संवर्धित करनेवाली नारीशक्ति, संपूर्ण भारत के जीवन को पोषित करनेवाले हमारे अन्नदाता किसान भाइयों तथा खेतों, कारखानों तथा सर्वत्र मजदूरी करनेवाले श्रमिकों, वन-संस्कृति का जतन करनेवाले वनवासी भगिनी-बंधुओं के आत्मविश्वास, लगन तथा परिश्रम के जागरण से भारत दुनिया में अव्वल होने की दिशा में अग्रसर है। देश का शिक्षित, प्रबुद्ध तथा समृद्ध समाज को दीन-दलितों, अशिक्षितों तथा असहाय लोगों के उत्थान के लिए आगे आना होगा।

# मोहन की भागवत का नया अध्याय बच्चे बढ़ाओ

डॉ भागवत इन्हीं घनेरे नरों में से एक हैं। डॉ भागवत को नहीं पता कि शादी करना और विवाह करना कोई आसान काम नहीं है। यदि होता तो वे खुद शादी न कर लिए होते। उनके मित्र प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी ने तो शादी की भी लेकिन भाग खड़े हुए। वे तीन क्या ,एक बच्चा भी इस देश को नहीं दे पाए। समाज की संरचना में इस लिहाज से डॉ भागवत और डॉ मोदी जी का कोई योगदान नहीं है। इसलिए उन्हें ये कहने का भी अधिकार नहीं है कि लोग तीन बच्चे पैदा करें। इस देश को हम दो, हमारे दो का नारा देने वाली देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी ने शादी भी की और दो बच्चे भी देश सेवा के लिए दिए।





**राकेश अचल**
**लेखक**

वेदव्यास की श्रीमद् भागवत कथा में 18 हजार श्लोक, 335 अध्याय व 12 स्कंध हैं , लेकिन आरएसएस के डॉ मोहन भागवत की कथा में न श्लोकों की संख्या तय है और न अध्यायों की और न स्कन्धों की। ये लगातार घटते-बढ़ते रहते हैं। डॉ मोहन भागवत की भगवत कथा भारतीय संविधान की तरह लचीली है। डॉ भगवत ने अपनी भागवत में एक नया अध्याय जोड़ा है तीन बच्चे पैदा करो का । अब उनके इस नए अध्याय से पूरा देश आल्हादित भी है और चिंतित भी। संघ प्रमुख कहने को पशु चिकित्स्क हैं किन्तु वे मानवता से ओतप्रोत हैं। उन्हें पशुओं से ज्यादा मनुष्यों की फिक्र रहती है । आजकल उन्हें बहुसंख्यक हिन्दू समाज के अल्पसंख्यक होने की चिंता सता रही है इसीलिए उन्होंने देश की जनता से आव्हान किया है कि हर कोई कम से कम ३ बच्चे तो पैदा करें ही , अन्यथा उनका वजूद मिट जाएगा। डॉ भागवत को शायद पता नहीं है कि आजकल बच्चे पैदा करना तो दूर शादी करना भी कठिन हो गया है । देश में बच्चों से ज्यादा बेरोजगारों की सख्या बढ़ रही है और बरोजगारों की शादी आसानी से नहीं होती।ये बेरोजगार तीन बच्चे पैदा करने के राष्ट्रयज्ञ में कैसे शामिल हो सकते हैं ?गोस्वामी तुलसीदास जी ने राम चरित मानस में लिखा है कि - पर उपदेश कुशल बहुतेरे, जे अचरहिं ते नर न घनेरे। डॉ भागवत इन्हीं घनेरे नरों में से एक हैं। डॉ भागवत को नहीं पता कि शादी करना और विवाह करना कोई आसान काम नहीं है। यदि होता तो वे खुद शादी न कर लिए होते। उनके मित्र प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी ने तो शादी की भी लेकिन भाग खड़े हुए । वे तीन क्या ,एक बच्चा भी इस देश को नहीं दे पाए। समाज की संरचना में इस लिहाज से डॉ भागवत और डॉ मोदी जी का कोई योगदान नहीं है। इसलिए उन्हें ये कहने का भी अधिकार नहीं है कि लोग तीन बच्चे पैदा करें। इस देश को हम दो, हमारे दो का नारा देने वाली देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी ने शादी भी की और दो बच्चे भी देश सेवा के लिए दिए। यानि भागवत और मोदी के मुकाबले इंदिरा गाँधी का योगदान ज्यादा महत्वपूर्ण है। सवाल ये है कि डॉ भागवत को आबादी बढ़ने की सलाह देने की जरूरत आखिर पड़ी क्यों ? क्या डॉ भागवत समाजशास्त्री हैं ? क्या डॉ भागवत अर्थशास्त्री हैं ? नहीं हैं। वे पशु चिकित्स्क हैं। इसलिए उन्हें आबादी के बारे में बात करने की न पात्रता हासिल है और न किसी ने उन्हें ये अधिकार दिया है।

देश की आबादी 2024 में 144 करोड़ थी ,जो भविष्य में घटना नहीं है ,भले ही देश की प्रजनन दर घटकर २ प्रतिशत ही क्यों न हो जाये। आबादी बढ़ाने की फिक्र उन देशों की हो सकती है जिन देशों में लगातार आबादी घट रही है । भारत तो जनसंख्या के मामले में विश्व चैम्पियन है। नंबर वन ,यानि चीन से भी आगे। इस पर भी डॉ भागवत कह रहे हैं कि देश का काम केवल दो बच्चों से चलने वाला नहीं ही ,कम से कम 3 बच्चे हर विवाहित जोड़े को पैदा करना चाहिए। संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत लगता है अपने प्रधानमंत्री के हम उम्र प्रचारक तो हैं किन्तु हम ख्याल बिलकुल नहीं है। उन्हें माननीय प्रधानमंत्री जी की योजनाओं और चिंताओं का पता नहीं है ,यदि पता होता तो वे आबादी बढ़ाने की बात ही न करते । शायद किसी ने डॉ भागवत को ये नहीं बताया कि इस देश में आज भी सरकार को 85 करोड़ लोगों को पेट भरने के लिए मुफ्त में अनाज देना पड़ रहा है। यानि इस आबादी के एक बड़े हिस्से के पास न दो जून की रोटी है,न रहने को घर ,चिकित्सा ,शिक्षा और दीगर सुविधाओं की तो बात ही दूर है। ऐसे में यदि लोगों ने आबादी बढ़ाना शरू कर दी तो ये मुफ्तखोरों की तादाद और नहीं बढ़ा देंगे ! देश को तीन बच्चे पैदा करने का गुरु मंत्र देने वाले डॉ भागवत को अपना समान्य ज्ञान बढ़ाना चाहिए ,क्योंकि शायद वे नहीं जानते कि दुनिया की कुल आबादी का कोई 18 फीसदी हिस्सा तो अकेले भारत के पास है। डॉ भागवत को पशु चिकत्सा शिक्षा के दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ की वो रिपोर्ट नहीं पढ़ाई गयी होगी जिसके मुताबिक दुनिया में दुनिया के 1 अरब गरीबों में से 23 करोड़ से ज्यादा लोग अकेले भारत में रहते हैं। इनमें भी बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा यानि आधी है। डॉ भागवत को ये नहीं पता कि इस वर्ष की रिपोर्ट संघर्ष के बीच गरीबी पर केंद्रित है, क्योंकि 2023 में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे अधिक संघर्ष हुए और युद्ध, आपदाओं और अन्य कारकों के कारण अब तक की सबसे अधिक संख्या यानी 11.7 करोड़ लोगों को अपने घरों को छोड़कर विस्थापित होना पड़ा। इनमें मणिपुर की विभीषिका में बेघर हुए लोग शामिल नहीं हैं। मुझे पता नहीं है कि डॉ भागवत ने आधुनिक जनसंख्या विज्ञान किस विश्व विद्यालय से पढ़ा है ? मोहन भागवत ने कहा, आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चली जाती है, तो वह समाज दुनिया से नष्ट हो जाता है जब कोई संकट नहीं होता है। इस तरह से कई भाषाएं और समाज नष्ट हो गए हैं. जनसंख्या 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए। मै डॉ मोहन भागवत के ज्ञान को कोई चुनौती देना नहीं चाहता,मेरी हैसियत भी नहीं है चुनौती देने की । लेकिन एक बालक बुद्धि के हिसाब से मै भी एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की तरह जानना चाहता हूँ कि वह अधिक बच्चे पैदा करने वालों को क्या देंगे. क्या वह अधिक बच्चे पैदा करने वालों के बैंक खातों में 1500 रुपये देंगे ? क्या वह इसके लिए कोई योजना लाएंगे ? बहरहाल 3 बच्चे पैदा करने के मश्विरे के बारे में मै तो सोचने से रहा क्योंकि मेरे यहां तो फुलस्टाप लग चुका है ,लेकिन जो अभी इस उद्यम में लगे हैं ,वे सोचें ,समझें और खुद कोई निर्णय करे। डॉ भागवत की बातों में बिना समझे न आ जाएँ ,अन्यथा उनका तीसरा बच्चा भी मुमकिन है उस कतार में बैठा हो जिसे पांच किलो मुफ्त का अनाज खाकर जीवित रहना पड़ता है।

## लोकतंत्र बचाने के लिए ईवीएम विरोधी आंदोलन

कांग्रेस ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन द्वारा मतदान कराये जाने के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन करने का फैसला लिया है, जो पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया के लिये बेहद जरूरी हो गया है। पिछले कुछ समय से राजनीतिक दलों के अलावा अनेक लोगों और स्वयंसेवी संगठनों ने इसके खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है परन्तु भारतीय जनता पार्टी के सबसे बड़े हितरक्षक बने केन्द्रीय चुनाव आयोग ने इस सम्बन्ध में उठने वाली हर मांग को अनसुना किया है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस विषय पर भाजपा का ही साथ दिया है जो एक तरह से जनता के विचारों की अनदेखी करना कहा जा सकता है। शुक्रवार को दिल्ली में हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में फैसला लिया गया कि 26 दिसम्बर को कर्नाटक के बेलगाम से इस आंदोलन की शुरूआत होगी। इस दिन महात्मा गांधी के उसी शहर में कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्षता करने के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं, जिसने देश की तकदीर को पलटकर रख दिया था। कर्नाटक सरकार उस घटना को बड़े पैमाने पर मनाने जा रही है। ईवीएम के खिलाफ प्रस्तावित आंदोलन को उसी शहर से प्रारम्भ करना गांधीजी द्वारा स्वतंत्रता के लिये किये गये संघर्ष को नये सिरे से याद करना और एक बड़ी हालिया जरूरत को पूरा करने की दिशा में लड़ाई छेड़ना है। कोई पूछ सकता है कि क्या ईवीएम इतना बड़ा मुद्दा है कि उसके खिलाफ ऐसा बड़ा कदम उठाया जाये? हाल के सियासी घटनाक्रमों को देखें तो कहा जा सकता है कि यह इस वक्त का सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दा है। देश जिन दुश्वारियों से गुजर रहा है उसका प्रमुख कारण ईवीएम के जरिये होने वाले चुनाव हैं जो पूरी तरह से भाजपा के पक्ष में नियोजित हो रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ताकत प्रदान कर रहे हैं। ईवीएम पर सम्पूर्ण आधिपत्य चुनाव आयोग का है अतः कोई दावे से यह तो नहीं कह सकता कि ये मशीनें सत्ता पक्ष को कितना और कैसे सहयोग कर रही हैं लेकिन पिछले कुछ चुनावों में, जिनमें लोकसभा और विधानसभाएं शामिल हैं, जो दृश्य प्रचार के दौरान दिखाई देता रहा और जो परिणाम आए, वे गहन संदेह पैदा करते हैं। यह शक शर्तिया तौर पर ईवीएम की हेराफेरी को इंगित करते हैं। इसकी शुरूआत 2022 के उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों से हुई जिसके परिणामों से संदेह पुख्ता होता चला गया। उस चुनाव में सारी परिस्थितियां और माहौल साफ-साफ भाजपा के खिलाफ दिखाई दे रहा था जिसके कई कारण थे। प्रमुख थे- किसानों व महिलाओं पर हुए अत्याचार और कोरोना काल में लोगों की बदहाली। फिर भी नतीजे भाजपा के पक्ष में गये तो इसकी लगभग पुष्टि हुई कि ईवीएम के जरिये धांधलियां हुई हैं। ईवीएम इसलिये क्योंकि मतगणना की पूर्व संध्या पर कई मशीनें स्ट्रांग रूम से बाहर पाई गई थीं। मतगणना के दौरान कई मशीनों की बैटरी 99 फीसदी तक चार्ज पाये जाने से शक गहराया। जिन क्षेत्रों में भाजपा के प्रति सर्वाधिक नाराजगी थी वहां भाजपा के उम्मीदवारों की जीत ने इस संदेह पर मुहर लगाई। 2014 के पहले, यानी नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पूर्व तक जो भाजपा ईवीएम को लोकतंत्र का हत्यारा कहती थी और जिनके एक प्रवक्ता जीवीएल नरसिम्हा राव ने भारी-भरकम किताब लिखकर इस तरीके से मतदान के दोष गिनाये थे, वही अब ईवीएम की सबसे बड़ी पक्षधर है। पिछले दो-ढाई वर्षों में जितने भी मतदान हुए हैं (लोकसभा व विधानसभा के) उनके परिणामों ने इसके प्रति शक को पुख्ता ही किया है। विपक्ष का दावा है कि वर्तमान लोकसभा में ईवीएम की हेराफेरी से लगभग 80 सीटें भाजपा ने जीती हैं। इसका सीधा सा अर्थ है कि यदि मशीनों का दुरुपयोग न होता तो आज भाजपा व उसका गठबन्धन एनडीए सत्ता में नहीं रहता और न ही मोदी पीएम होते। जनादेश की जैसी डकैती हुई है उससे इस आंदोलन का महत्व समझा जा सकता है। लोकतंत्र में उसे ही सरकार चलाने का अधिकार होता है जिसके पक्ष में जनता ने फैसला सुनाया हो- यहां तो उल्टा हुआ है। तिस पर यदि निष्पक्ष चुनाव कराने वाली एजेंसी यानी केन्द्रीय चुनाव आयोग ही किसी एक दल के साथ खड़ा हो और शीर्ष न्यायालय भी न सुने तो विपक्षी दलों के सामने जनता के बीच जाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं रहता। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार से कई बार समय विपक्षी दलों ने गुहार लगाई पर उन्हें समय तक नहीं मिला। वहीं सुप्रीम कोर्ट वीवीपैट मिलान से भी इंकार करता है जो इस गड़बड़ी को रोकने का जवाब हो सकता है। कोर्ट कुछ ही संख्या में मिलान के लिये तैयार हुआ पर वह प्रतिशत नगण्य है। वह तो यह मानने के लिये ही तैयार नहीं कि मशीनें हैक हो सकती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षकों की लंबित मांगों के जल्द निस्तारण की मांग उठाई

अमरोहा।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई गंगेश्वरी पदाधिकारियों ने बीएसए को संबोधित ज्ञापन बीईओ को सौंपा। लंबित मांगों को पूरा कराने की मांग उठाई। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि अंतर्जनपदीय एवं अंतः जनपदीय स्थानांतरण के अंतर्गत आए शिक्षक-शिक्षिकाओं को नगरीय आवासीय भत्ता का लाभ प्रदान किया जाए। शिक्षकों के उपार्जित अवकाश पोर्टल पर जल्द अपडेट किए जाएं। मतदाता पुनरीक्षण अभियान में कार्यरत बीएलओ ड्यूटी एवं पदाभिहीत ड्यूटी में लगे शिक्षक एवं शिक्षामित्रों को पूर्व की तरह प्रतिकर पर अवकाश प्रदान किए जाएं, संकुल शिक्षक के रुखालू एवं नानई में रिक्त चल रहे पदों पर शीघ्र तैनाती की जाए, बीएसए कार्यालय में लंबित शिक्षकों के प्रकरणों को निस्तारित किया जाए, शिक्षकों के जीपीएफ की लेखा पर्ची जल्द पूर्ण की जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह, ब्लाक अध्यक्ष रामवीर सिंह, प्रदीप भाटी, गौतम सिंह, वैभव गुप्ता, संजय सिंह, जयवीर सिंह, विजेंद्र सिंह, हरिओम सिंह, प्रमोद कुमार, विकास राहुल, संजय सिंह, तूफान सिंह कटारिया, राकेश शर्मा, चंद्रपाल सिंह आदि रहे।

### खेलकूद प्रतियोगिता में दिव्यांगों ने दिखाया दम-खम

अमरोहा।क्षेत्र के गांव पपसरा में समेकित शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों के ब्लॉक स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बीईओ के निर्देशन में आयोजित किए गए। जोया ब्लॉक क्षेत्र के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। प्राथमिक बालक वर्ग की म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में अंकुश ने प्रथम रहे। प्राथमिक स्तर की 50 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में दिशा प्रथम रहीं, जबकि बालक वर्ग में रोहन प्रथम रहे। 50 मीटर जूनियर बालिका वर्ग की दौड़ में आंचल प्रथम रहीं, जबकि बालक वर्ग में पंकज प्रथम रहे। लेमन रेस में यशी प्रथम रहीं। संचालन प्रभारी ब्लॉक पीटीआई पुरुजीत सिंह ने किया। इस दौरान कविराज सिंह, मुकेश चौधरी, रामकिशोर, जयदीप चौधरी, नखराज सिंह यादव, कंचन, विनीता गुप्ता, जमशेद शरीफ, मतीन अहमद आदि रहे।

### संस्कृत बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में तीन केंद्र प्रस्तावित

अमरोहा।माध्यमिक शिक्षा विभाग ने संस्कृत बोर्ड की परीक्षा के लिए जिले में तीन केंद्र प्रस्तावित किए हैं। इनमें राजकीय बालिका इंटर कालेज अमरोहा, राजकीय बालिका इंटर कालेज गजरौला व गुरुकुल चोटीपुरा इंटर कालेज शामिल है। परीक्षा में 450 से अधिक छात्र-छात्रा शामिल होंगे। यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान ही संस्कृत बोर्ड की परीक्षाएं भी प्रस्तावित मानी जा रही हैं। डीआईओएस विष्णु प्रताप सिंह ने बताया कि संस्कृत बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन संपन्न कराया जाएगा। बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। फिलहाल, संस्कृत बोर्ड परीक्षा का कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। यूपी बोर्ड परीक्षा के साथ ही संस्कृत बोर्ड की परीक्षाएं भी प्रस्तावित मानी जा रही हैं।

### विज्ञान परिसर मे विश्व एड्स दिवस पर कार्यशाला आयोजित

अमरोहा।विश्व एड्स दिवस पर सोमवार को जेएस हिन्दू डिग्री कॉलेज के कैलसा मार्ग स्थित विज्ञान परिसर में कार्यशाला हुई। कॉलेज व तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज मुरादाबाद के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के संयुक्त संयोजन में हुए आयोजन में एड्स एवं एचआईवी में अंतर, एड्स फैलने के कारण, रोकथाम, आईसीटीसी के संचालन, एआरटी आदि पर चर्चा की गई। असिस्टेंट प्रोफेसर डा. रमेश कुमार, डा. गौरी भारद्वाज, डा. अशोक सैनी, डा. श्वेता, डा. खुशी, संयोजक निजाम अहमद ने एड्स के प्रति जागरूकता का आह्वान किया। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डा. निखिल दास ने मनोवैज्ञानिक रूप से एड्स पीड़ित को सबल करने पर जोर दिया। डा. अमित पाल सिंह, संस्थान निदेशक डा. सौरभ अग्रवाल ने भी विचार रखे। इस दौरान डा. पवन गेरा, डा. कावेरी सक्सेना, डा. धर्मेंद्र शर्मा, डा. अमित शुक्ला, डा. रचना गुप्ता, डा.हर्षदीप यादव, डा.सूरज सिंह सैनी, डा. चिरंजीव कुमार वार्ष्णेय, डा. सचिन कुमार, डा. अमित पाल सिंह, प्रवेश वर्मा, अंवेश शर्मा, शाहनवाज सिद्दीकी, नदीम अख्तर आदि रहे।

### बरेली में इन्वर्टिस विश्वविद्यालय की छात्रा ने की खुदकुशी

बरेली। यहां के इन्वर्टिस विश्वविद्यालय की एक छात्रा ने सोमवार को छात्रावास में फंदे से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। थाना बिथरी,चैनपुर के थाना प्रभारी संजय सिंह तोमर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि निहारिका (19) बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी और विश्वविद्यालय परिसर स्थित नर्मदा छात्रावास में रहती थी। उन्होंने कहा कि सोमवार दोपहर उसने कथित तौर पर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। तोमर ने बताया कि छात्रा के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। छात्रा के परिजनों को इस घटना की सूचना दे दी गई है।

# सदस्यता अभियान का उद्देश्य संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ नये लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड है- कृष्णपाल गुर्जर

प्रात: किरण, संवाददाता



फरीदाबाद, । भाजपा सदस्यता अभियान की विशेष बैठक का आयोजन सेक्टर-21सी के सामुदायिक भवन में किया गया। इस बैठक में मुख्य वक्ता केन्द्रीय राज्यमंत्री चौ. कृष्णपाल गुर्जर थे, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा द्वारा की गई। कार्यक्रम का आयोजन विधायक धनेश अदलखा द्वारा किया गया। इस मौके पर बडखल विधायक धनेश अदलखा, निर्वतमान महापौर सुमन बाला, पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं सदस्यता अभियान का कार्यभार देख रहे संदीप जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदस्यता अभियान के सह संयोजक गोपाल शर्मा, हुकम सिंह भाटी, जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, अनिता शर्मा, निर्वतमान पार्षद सरदार जसवंत सिंह, मंडल अध्यक्ष अमित आहूजा, हरेन्द्र भड़ाना, कमल शर्मा, सुनील ग्रोवर, अलका भाटिया, संदीप कौर, शालिनी मंगला, राधेश्याम भाटिया, मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवल से की गई। इसके पश्चात आए हुए मेहमानों का पुष्प गुच्छा भेट कर और पटका पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए चौ.कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि सदस्यता अभियान का उद्देश्य संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ नये लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड है। हमने सदस्यता अभियान के बचे हुए दिनों में जिले को सर्वप्रथम लाना है और जिले में कौनसी विधानसभा अव्वल आए उसमें भी मुकाबला है। उन्होनें कहा कि जिस बडखल सीट को सबसे ज्यादा कठिन मानते थे वह भी मेहनती और निष्ठावान कार्यकताओं और जागरूक मतदाताओं की बदौलत भाजपा की झोली में आई। उन्होंन कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सांसदों को टारगेट दिया कि जिस सांसद के फालोवर एक लाख से कम होगें उनको लोकसभा के लिए कनसीडर नहीं किया जाएगा। सबने अपने फेसबुक फालोवर पर काम किया और बनाए। आपको मालूम होना चाहिए कि मेरे फेसबुक फालोअर आज लगभग 14 लाख है। भारतीय जनता पार्टी यदि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है तो वो सिर्फ आपके काम की वजह से बनी है। इसलिए जो भी नगर निगम का पार्षद चुनाव लड चाहता है उसके लिए हमारे संगठन ने 2000 सदस्य बनाने की कड़ीशन तय कर रखी है। टिकट के बारे में भी उसी पर विचार किया जाएगा जो दो हजार सदस्य बनाएगा। क्योकि जो दो हजार सदस्य नहीं बना सकता वह 40 हजार पर कैसे चुनाव लड़ेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि भाजपा हर 6 वर्ष के बाद सदस्यता अभियान चलाती है और सभी सदस्य अपनी सदस्यता का नवीनीकरण करवाते हैं। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के तहत कार्यकर्ता गांव गली में जाकर भाजपा से जोड़ेंगे। उन्होंने अपील की कि सभी बूथ अध्यक्ष इस अभियान को गति दें और लक्ष्य से अधिक सदस्ता करवाएं ताकि बार बार भाजपा सरकार का नारा साकार होता रहे। विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि भाजपा की नीतियों, विचारों को जनता पसंद कर रही है। तभी तो इस सदस्यता अभियान में लोग बढ़ चढकर भाग ले रहे है। में कार्यकताओं को नमन करता हु और विश्वास दिलाता हुं कि 5 दिसंबर तक फरीदाबाद जिले के साथ साथ बडखल भी नंबर वन पर होगा। क्योकि जहां महिला शक्ति और युवा मिलकर काम करते हो तो वह मुकाम पाकर छोड़ते है।

# कलेक्ट्रेट सभागार में कृषक चयन के लिए ई-लॉटरी के संबंध में बैठक आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता




अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विभाग के तत्वाधान में प्रोमशन ऑफ मैनेजमेंट फॉर इन-सीट मैनेजमेंट ऑफ काप रेजड्यू योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषक चयन के लिए ई-लॉटरी के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमे जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि को निर्देश दिए कि जिन कृषक का जो यंत्र लॉटरी में निकल रहे हैं उसकी क्या प्रक्रिया है पूरी जानकारी उन्हें अवश्य दें ताकि किसी कृषक बंधु का कोई यंत्र कैंसिल न हो। कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2024-24 में संचालित विभिन्न योजनाओ के अन्तर्गत आवेदन करने वाले कृषको का चयन ई-लाटरी के माध्यम से किया गया है। जिसमें विभिन्न श्रेणी के कृषि यन्त्रो पर 50 प्रतिशत से लेकर 80 फिसदी तक अनुदान अनुमन्य है। जनपद के लिए निर्धारित कृषि यन्त्रो के लक्ष्यो के सापेक्ष जैसे रोटावेटर- 26, चैफ कटर मानव रहित-6, लेजर एंड लेवलर-03, कम्बाईन हारवेस्टर विद एस0एम0एस0-01, पावर टीलर-06, स्मॉल गोदाम- 03, मिनी राईज मिल-02, हैरो-02, कल्टीवेटर-02, स्ट्रारीपर- 02, ड्रम सीडर-06, कस्टम हायरिंग सेन्टर ग्रामीण उघमी-04, कस्टम हायरिंग सेन्टर(एफ0पी0ओ हेतु)-02, फार्म मशीनरी बैक एफ0पी0ओ हेतु- 02 का चयन विभागीय पोर्टल पर पारदर्शिता के साथ किया गया है। जिसकी 50 प्रतिशत तक प्रतीक्षा सूची बनाई गई है। जिसमे चयनित कृषक द्वारा यन्त्र न क्रय करने पर प्रतीक्षा सूची मे से कृषक का चयन स्वतः हो जायेगा। चयनित कषको द्वारा कृषि यन्त्रों के बिल अपलोड करने की अन्तिम तिथि 01 जनवरी (अधिकतम 30 दिन) एंव कस्टम हायरिंग सेन्टर ग्रामीण उघमी-04, कस्टम हायरिंग सेन्टर (एफ0पी0ओ हेतु)-01, फार्म मशीनरी बैक एफ0पी0ओ हेतु- 02 के बिल अपलोड की अन्तिम तिथि 16.01.2025 (अधिकतम 45 दिन) में कृषि विभाग के पोर्टल ६६६. १्र४'३४१.ड्ढ५.ल्ल पर बिल अपलोड कराना होगा, जिसके एक सप्ताह में कृषि यन्त्रों का सत्यापन क्षेत्रीय कर्मचारियो द्वारा कराकर अनुदान भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए अमरेंद्र प्रताप सिंह, उपनिदेशक कृषि राम प्रवेश,जिला कृषि अधिकारी बब्लू सिंह सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं लॉटरी में शामिल कृषक बंधु उपस्थित रहे।

# भाई ने भाई को पेट में चाकू घोंपा, मुकदमा दर्ज

प्रात: किरण, संवाददाता



पलवल,। पलवल में पानी का पाइप काटने को लेकर दो सगे भाइयों में हुई कहासूनी खूनी संघर्ष में बदल गई। एक ने दूसरे भाई पर चाकू से हमला कर दिया। भाई के पेट में कई बार चाकू घोंपा गया। उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर सगे भाई के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गदपुरी थाना प्रभारी रेणू शेखावत ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि सिकंदरपुर गांव निवासी चेतराम ने दी शिकायत में कहा है कि वह अपने खेत को देखने के लिए गया था। उसी दौरान उसे किसी ने बताया कि उसके भाई मुकेश ने उसकी पानी की पाइप काट दीहै। शाम को जब उसका भाई व भाभी घर पर थे तो वह उनके घर उलाहना देने गया। उसका कहना है कि उसके भाई मुकेश ने उससे कहा कि घर से भाग जा, नहीं तो जान से मार दूंगा। गुस्से को देखते हुएवह अपने घर आ गया और चारपाई पर लेट गया। कुछ देर बाद मुकेश उनके घर की दीवार कूद कर आया और उस परचाकू से हमला कर दिया। आरोप है कि मुकेश ने उसके पेट में कई बार चाकू से वार किया। इससे वह खून से लथपथ होगया तो उसने शोर मचाया। उसकी भाभी पिंकी व भतीर्जी विशाखा दौड़कर आई और उसे बचाया। उन्होंने जब आरोपी मुकेश को पकडने का प्रयासकिया तो वह उनसे छूट कर दीवार कूद कर फरार हो गया। उससे कहा कि आज तो बच गया, फिर मौका लगेगा, तो जानसे खत्म कर दूंगा। घायल अवस्था में उसे उसकी मौसी का लड़का कैलाश व भाभी पलवल के नागरिक अस्पताल लेकरगई। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# विश्व दिव्यांग दिवसः दिव्यांगता की बेड़ियों को तोड़ पाशा बने कमजोर कदमों का सहारा

प्रात: किरण संवाददाता



बिजनौर। उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर निवासी एमआर पाशा खुद एक दिव्यांग हैं लेकिन अपने जैसे ही दूसरे कई दिव्यांगों की जिंदगी में एक उम्मीद भरी किरण बन कर उभरे है उनकी हर प्रकार से मदद कर उनके लिये वरदान साबित हो रहे हैं पाशा दिव्यांगों के लिये उनके सहायक उपकरणों का वितरण और जीविकोपार्जन के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ दिला रहे है। जनपद बिजनौर के स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम बुढ़नपुर निवासी एम.आर. पाशा की मुहिम दिव्यांगता की बेड़ियों को तोड़ अपने जैसे हजारो कमजोर ठिठके कदमों को जिंदगी की नई रफ्तार देने में बहुत मददगार साबित हो रहे हैं । खुद की दिव्यांगता के दंश पर धैर्य खोने की बजाय अपनी हिम्मत के जरिए उन्होंने दूसरे दिव्यांगों के जीवन में उजाला किया है ।गांव बुढ़नपुर में वर्ष 1984 में जन्मे एमआर पाशा भी दिव्यांग हैं। उन्होंने स्योहारा के एमक्यू इंटर कॉलेज से 12 वीं और धामपुर के आरएसएम डिग्री कॉलेज से बीएससी की शिक्षा प्राप्त की। वह बताते हैं कि बचपन से ही उन्होंने दिव्यांग होने के चलते बहुत सी चुनौतियों का सामना किया। बावजूद इसके कभी दिव्यांगता को अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। पढ़ाई के समय से ही उनके मन में दूसरे दिव्यांगों की मदद करने का जज्बा कूट कूट कर भरा था। वर्ष 2000 में उन्होंने संगठन बनाते हुए दिव्यांगों को एक प्लेटफार्म पर साथ जोड़ने की मुहिम शुरू की। अपनी आजीविका के लिए वह गांव में ही जूनियर हाई स्कूल चलाते हैं। भविष्य में वृद्धाश्रम खोलने के साथ ही कैलिपर्स बनाने की फैक्टरी लगाने को उन्होंने अपना अगला लक्ष्य बताया। स्योहारा निवासी एमआर पाशा दिव्यांगों को अपनी पहल से कृत्रिम अंग वितरित कर समाज की मुख्य धारा संग जोड़ रहे हैं। साल 2000 में बनाई गई अपनी राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के जरिए दिव्यांगों की आवाज को हर स्तर पर बुलंद करते है। हजारों जरूरतमंदों, दिव्यांगों, वृद्ध व असहाय लोगों कृत्रिम अंगों के वितरण संग पेंशन समेत सरकारी अन्य दूसरी योजनाओं का लाभ भी दिला चुके हैं। सर्दियों में लिहाफ-कंबल वितरण की उनकी मुहिम भी लगातार सफलता पूर्वक बनी हुई।

# फरीदाबाद : बाइक की टक्कर से कार में लगी आग, ड्राइवर निकलकर भागा

प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद, । रविवार रात दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड पर बाइक की टक्कर से कार में आग लग गई। ड्राइवर आग लगते ही तुरंत कार से बाहर आ गया, जिससे उसकी जान बच गई। हालांकि, कार की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। घटना के बाद कार का ड्राइवर वहां से भाग गया। हादसा सेक्टर 8 से सेक्टर 12 जाने वाली रोड पर हुआ। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। आग लगने से कार पूरी तरह जल गई। बाद में फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घटना के चश्मदीद शानू ने बताया कि एक क्रेटा कार सर्विस लाइन के ग्रिल से टकराते हुए बाइक से टकरा गई। इसके बाद बाइक को घसीटा और कार आगे जाकर घूम गई। तभी बाइक की टंकी से पेट्रोल निकला और कार में आग लग गई। उससे पहले कार का ड्राइवर बाहर निकल चुका गया था। टक्कर के 5 मिनट बाद एक व्यक्ति बाइक पर आया और कार के ड्राइवर को अपने साथ बाइक पर बैठाकर लेकर चला गया। कार में आग लगने के बाद आसपास के लोगों ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया। फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। करीब 20 मिनट बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। तब तक आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया था। हालांकि कुछ देर बाद आग पर काबू पा लिया गया। कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति को भी चोट लगी थी। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। देखने में ऐसा लग रहा था कि क्रेटा का ड्राइवर नशे में था, तभी उसने बाइक को टक्कर मारी। आग लगने के बाद वह मौके से चलता बना। सेक्टर 8 चौकी इंचार्ज नरेंद्र सिंह ने बताया कि रात करीब 8:15 पर ये हादसा हुआ है। टक्कर के बाद बाइक क्रेटा कार के नीचे फंस गई और स्पार्किंग की वजह से कार में आग लगी। फिलहाल कार मलिक कहां का है उसका क्या नाम है ये सब पता नहीं चल पाया है। कार ने जिस बाइक में टक्कर मारी उस बाइक पर दो युवक सवार थे जिसमें से एक का नाम बॉबी है और दूसरे का नाम अनुज है। दोनों युवकों को चौकी में बुलाकर पूछताछ की जाएगी।

# पोल्ट्री इंडिया एक्सपो 2024 का 16वां संस्करणः हैदराबाद में 40,000 विजिटर्स पहुंचे, पोल्ट्री उद्योग में नवाचार और विकास का प्रदर्शन

प्रातः किरण संवाददाता



हैदराबाद, भारतीय पोल्ट्री उपकरण निमार्ताओं के संघ द्वारा आयोजित पोल्ट्री इंडिया एक्सपो 2024 का 16वां संस्करण हैदराबाद में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें 40,000 विजिटर्स ने हिस्सा लिया। दक्षिण एशिया के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पोल्ट्री प्रदर्शनी का आयोजन 27 से 29 नवंबर 2024 के बीच हैदराबाद, तेलंगाना के हिटेक्स एग्ज़िबिशन सेंटर में किया गया। इस कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी ने शिरकत की। अपने संबोधन में राज्यपाल रेड्डी ने कहा, मैं क्ढएटअ को बधाई देता हूं और उनकी सराहना करता हूं कि उन्होंने तकनीक का उपयोग करते हुए लोगों तक स्वस्थ अंडे और मांस की आपूर्ति के लिए नई विधि विकसित की है। त्रिपुरा, जिसे मैं प्रतिनिधित्व करता हूं, में बाजार और अनुकूल माहौल है। मैंने क्ढएटअ से वहां पोल्ट्री प्रदर्शनी आयोजित करने का अनुरोध किया है, और मैं सरकार से सभी आवश्यक अनुमतियां दिलवाने का वादा करता हूं। राज्यपाल रेड्डी ने इस प्रदर्शनी के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तेलंगाना पोल्ट्री, उपकरण, प्रोसेसिंग और मांस क्षेत्रों में विकसित देशों से प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि स्थानीय उद्योग इस कार्यक्रम से सीख लेकर बाजार में इन उन्नतियों को लागू करेंगे। इस वर्ष की थीम ने वैश्विक पोल्ट्री उद्योग में नवीनतम नवाचारों को प्रदर्शित करने, नेटवर्किंग और ज्ञान आदान-प्रदान के लिए इस कार्यक्रम की भूमिका पर जोर दिया। इस एक्सपो में 50+ देशों के 400 से अधिक प्रदर्शकों और 50,000 विजिटर्स ने हिस्सा लिया, जिनमें पोल्ट्री किसान, सरकारी अधिकारी, उद्योग विशेषज्ञ और वैश्विक पोल्ट्री विशेषज्ञ शामिल थे। नॉलेज डे 2024 झ 26 नवंबर 2024: एक्सपो का शुभारंभ नॉलेज डे के साथ हुआ, जो एक प्रमुख तकनीकी संगोष्ठी है। इसमें विश्वभर से विशेषज्ञ शामिल हुए और उद्योग के नवीनतम रुझानों पर अपने विचार साझा किए। /पोल्ट्री इंडिया के अध्यक्ष उदय सिंह बायस ने भारत के पोल्ट्री क्षेत्र के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस उद्योग को सशक्त बनाने और टिकाऊ बनाए रखने के लिए सरकारी समर्थन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने उच्च इनपुट लागत, विशेष रूप से मक्का और सोया जैसे फीड घटकों की बढ़ती कीमतों का जिक्र किया और महत्वपूर्ण वस्तुओं जैसे सोया मील और प्रोसेसिंग मशीनरी पर जीएसटी छूट सहित तत्काल नीतिगत हस्तक्षेपों की मांग की। बायस ने रबी मक्का की खेती बढ़ाने और पशु रोगों से निपटने के लिए टीकों के आयात प्रक्रियाओं को तेज करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। बायस ने कहा, हम एक संतुलित दृष्टिकोण की वकालत करते हैं जो भारत की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखता है और टिकाऊ प्रथाओं का समर्थन करता है, साथ ही भारत को पोल्ट्री निर्यात में वैश्विक नेता बनाने का लक्ष्य रखता है।ह्व विकास और नवाचार का मंचः पोल्ट्री इंडिया एक्सपो 2024 का 16वां संस्करण उद्योग पेशेवरों के लिए नई व्यावसायिक संभावनाओं को तलाशने और पोल्ट्री फार्मिंग, फीड तकनीकों और स्वास्थ्य प्रबंधन में नवीनतम प्रगति को जानने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ। इस प्रदर्शनी में आपूर्ति श्रृंखला बाधाओं, पर्यावरणीय चिंताओं और रोग प्रबंधन जैसी उभरती चुनौतियों का भी समाधान किया गया। प्रतिभागियों ने टिकाऊ प्रथाओं और तकनीकी नवाचारों पर मूल्यवान जानकारी प्राप्त की, जो पोल्ट्री क्षेत्र में वृद्धि को प्रेरित करेगी।

# फरीदाबाद : मंदिरों में चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता



फरीदाबाद,। चोरी के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए आदर्श नगर क्षेत्र के 2 मंदिरों में हुई चोरी का भी खुलासा करते हुए 7 मोबाइल, इन्वर्टर और बैटरी तथा 22 हजार की नकदी बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुलिस चौकी आईएमटी फरीदाबाद में सतीश कुमार वासी गांव चंदावली ने दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव चंदावली में मोबाइल की दुकान है। 22 नवंबर को सुबह 6.20 बजे अपनी दुकान पर पहुंचा, तो दुकान का ताला टूटा हुआ था। चेक करने पर 8 मोबाइल फोन तथा 9 हजार की नकदी चोरी मिली। जिस शिकायत पर थाना सदर बल्लभगढ़ में मामला दर्ज किया गया। मामले में अपराध शाखा सेक्टर 65 की टीम ने सूत्रों से प्राप्त सूचना पर आरोपी ऋषि(19) वासी गांव चंदावली बल्लभगढ को चंदावली चौक से काबू किया है। आरोपी से 7 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसके उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर 21-22 नवम्बर की रात को चंदावली गांव में मोबाइल की दुकान में चोरी की थी। इसके अतिरिक्त उसने अपने साथी कार्तिक के साथ मिलकर आदर्श नगर क्षेत्र में 2 मंदिरों में चोरी तथा सरिया चोरी की वारदात को भी अंजाम दिया था। अपराध शाखा टीम ने आगामी कार्यवाही करते हुए साथी आरोपी कार्तिक वासी चंदावली को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ में बतलाया कि उसने अपने साथी ऋषि के साथ मिलकर मिलकर आदर्श नगर क्षेत्र में 2 मंदिरों में चोरी की थी तथा एक सरिया चोरी की वारदात को भी अंजाम दिया था।आरोपियों ने उपरोक्त चोरियों के मामलों में 22 रूपए नकद व एक इन्वर्टर और बैटरी बरामद कराई है। इन्वर्टर और बैटरी को सेक्टर-62 आशियाना से बरामद कराया है। कोर्ट में पेश कर आरोपियों को जेल भेजा गया।

# केबीनेट स्वास्थय मंत्री कुमारी आरती राव का पृथला में किया गया भव्य स्वागत



प्रात: किरण संवाददाता

फरीदाबाद,। हरियाणा सरकार में कैबिनेट स्वास्थय मंत्री एवं कष्ट निवारण पलवल की चेयरमैन कुमारी आरती राव का आज पृथला में भाजपा नेता इन्दरवीर, जयवीर भड़ाना, राकेश एडवोकेट, हेतराम नेताजी, भूपराम मास्टर जी, मितरौल सरपंच अजीत, गोपालगढ़ सरपंच संजू, राजबीर देवराज, विक्रांत चौहान, राधेश्याम पंडित जी, जयपाल उदयसिंह, विख्यात निशानेबाज शांतुन ठाकुर, विख्यात निशानेबाज भूपेन्द्र चौहान, श्रीमति गीता, रीता, रेनू, रविता, सुशीला, महेन्द्र सिंह कालेज ऑफ फामेर्सी की डायरेक्टर मीनू तंवर, चेयरमेन अजय तंवर ने मिलकर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कुमारी आरती राव ने कहा कि भाजपा सरकार सभी को बेहतर स्वास्थय सुविधाएं देने के लिए कृतसंकल्प है। हरियाण की जनता ने तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाकर अपनी तरक्की और खुशहाली के द्वार को खोला है। उन्होनें इन्दरवीर और भाजपा समर्थकों का भव्य स्वागत के लिए धन्यवाद किया।

# हम संभल पहुंचकर पीड़ितों का हाल चाल जानना चाहते हैं : रिजवान कुरैशी

प्रात: किरण संवाददाता,



लखनऊ, । कांग्रेस उपाध्यक्ष रिजवान कुरैशी ने सोमवार को बताया हमारी कोशिश रहेगी कि हम संभल पहुंचकर वहां के पीड़ितों की दुख तकलीफ समझें। उन्होंने कहा, सरकार हमें वहां पहुंचने से रोकना चाहती है। आखिर सरकार ऐसा क्यों कर रही है। मैं पूछना चाहता हूं कि ऐसा क्या है, जो सरकार छुपाने का प्रयास कर रही है। एक विपक्ष का डेलीगेशन वहां जाना चाहता है, ठीक उसी तरह से जिस तरह से न्यायिक आयोग वहां पहुंचा था। मेरा यही कहना है कि अगर इन लोगों ने कोई गलत नहीं किया है, तो रोकने का कोई मतलब नहीं रहता है। लेकिन, अगर इन लोगों ने कुछ गलत किया है, तो इस बात में कोई दो राय नहीं है कि यह लोग विपक्ष को रोकने लिए लीपापोती करते रहेंगे। उन्होंने कहा, यह लोग हिंदुस्तान के हिंदू और मुस्लिमों को भ्रमित करने और आपस में लड़ाने की कोशिश कर रहे हैं। वर्शिप एक्ट के मुताबिक, 1947 से पहले जिस धार्मिक स्थल की स्थिति जैसी थी, उसे वैसा ही रहने दिया जाएगा, उसके साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। लेकिन, अब इन लोगों ने यह साफ कर दिया है कि हम स्वरूप नहीं बदलेंगे। लेकिन, यह तो जान लें कि यह 1947 से पहले क्या था। अच्छी बात यह है कि हमारे देश के हिंदू और मुस्लिम दोनों ही जागरूक हो चुके हैं। हम लोग अब इनकी बातों में आने वाले नहीं हैं ।ह्व उन्होंने कहा, ह्लयह लोग अपनी विफलताओं से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए राजनीति कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में हिंदू-मुस्लिम को एकजुट होकर इनका जवाब देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, ये लोग जो हमें रोकने की कोशिश कर रहे हैं, मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि क्या हम लोग पाकिस्तान से आए हुए लोग हैं, या बांग्लादेश से, या हम बाहरी हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि आखिर बाहरी कौन है। आखिर यह लोग हमें किस आधार पर रोकने की कोशिश कर रहे हैं। मैं तो कहूंगा कि बाहरी तो भाजपा के लोग हैं, जो हिंदुस्तान में शांति भंग करना चाहते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि आखिर यह लोग क्या छुपाना चाह रहे हैं, जो हमें वहां जाने से रोक रहे हैं।

# मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए आर्थिक सहायता लेने की प्रक्रिया हुई सरल, जरूरतमंदों को आवेदन के 15 दिन में मिलेगी आर्थिक सहायता : डीसी

प्रात: किरण संवाददाता

फरीदाबाद, । मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए आर्थिक सहायता के रूप में इलाज खर्च का 25 प्रतिशत अधिकतम एक लाख रुपये तक मिलेगा लाभ, आवेदक साल में केवल एक बार ही आर्थिक सहायता ले सकेंगे यह जानकारी डीसी विक्रम सिंह ने दी। डीसी विक्रम सिंह ने आवेदन मंजूरी की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि जैसे ही आवेदक आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर अपना आवेदन डालेगा वैसे ही आवेदन को संबंधित क्षेत्र के सांसद, विधायक, अध्यक्ष जिला परिषद, अध्यक्ष ब्लॉक समिति, मेयर/एमसी के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा और ये जनप्रतिनिधि पांच दिन के भीतर अपनी सिफारिशों के साथ डीसी कार्यालय को भेजेंगे। उसके उपरांत आवेदन को डीसी कार्यालय द्वारा संबंधित तहसीलदार को आवेदक की चल-अचल संपत्ति की वेरिफिकेशन तथा सिविल सर्जन को मेडिकल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए भेजा जाएगा। इस पूरी प्रकिया में संपत्ति की वेरिफिकेशन के लिए चार दिन व सिविल सर्जन कार्यालय से जुड़े सत्यापन कार्य के लिए पांच दिन की समयसीमा निर्धारित की गई हैं उन्होंने बताया कि उपरोक्त दोनों विभागों से मिली रिपोर्ट्स को उपायुक्त की संस्तुति के साथ कमेटी के सदस्य सचिव को भेजा जाएगा, जिसे वे सीनियर एकाउंट अधिकारी को भेजेंगे। इसके बाद स्वीकृत राशि सीधे लाभार्थी के खाते में भेज दी जाएगी। डीसी ने बताया कि आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बरेली में इन्वर्टिस विश्वविद्यालय की छात्रा ने की खुदकुशी

बरेली। यहां के इन्वर्टिस विश्वविद्यालय की एक छात्रा ने सोमवार को छात्रावास में फंदे से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। थाना बिथरी,चैनपुर के थाना प्रभारी संजय सिंह तोमर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि निहारिका (19) बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी और विश्वविद्यालय परिसर स्थित नर्मदा छात्रावास में रहती थी। उन्होंने कहा कि सोमवार दोपहर उसने कथित तौर पर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। तोमर ने बताया कि छात्रा के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। छात्रा के परिजनों को इस घटना की सूचना दे दी गई है।

### उप्र : काशी विश्वनाथ ट्रेन पर पथराव करने वालों की तलाश शुरू

बरेली। दिल्ली से वाराणसी जा रही काशी विश्वनाथ ट्रेन पर फतेहगंज पश्चिम के आगे धनेटा हाल्ट के पास शनिवार शाम हुए पथराव में ट्रेन के एक कोच के शीशे टूट गए। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। रेलवे पुलिस बल ने पथराव करने वाले लोगों की तलाश शुरू कर दी है। बरेली आरपीएफ के थाना प्रभारी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि शनिवार को घटी इस घटना की प्राथमिकी रामपुर में दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि इस घटना में एक कोच के शीशे टूटे, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। सिंह ने बताया कि आरपीएफ ने बरेली जंक्शन से चंदौसी, मुरादाबाद, शाहजहांपुर की ओर रेलवे लाइन के किनारे वाले गांवों में तलाशी अभियान सोमवार से शुरू किया है और जल्द ही पथराव करने वालों की पहचान की जाएगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन नंबर 15128 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस धनेटा हाल्ट पर पहुंची तो कुछ लोग ट्रेन पर पत्थर फेंकने लगे। पत्थर लगने से कोच बी-1 का शीशा चटक गया। पथराव से यात्रियों में दहशत फैल गई।

### वर्ल्ड एड्स डे पर सिविल सर्जन ने मोबाइल वैन को दिखाई झंडी

फरीदाबाद,। जिले में वर्ल्ड एड्स डे के लिए सोमवार एचआईवी डिपार्टमेंट के बाहर से मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने मोबाइल वैन को सेक्टर 24 एस्कॉर्ट्स कंपनी के लिए रवाना किया। साथ ही बीके चौक तक एएनएम स्टूडेंट के साथ जागरूकता रैली निकाली। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि एचआईवी से ग्रसित व्यक्तियों को सरकार द्वारा 2250 रुपए हर महीने दिए जाते हैं। डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर हरजिंद्र सिंह, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. सुशील अहलावत, डॉक्टर एमपी सिंह, डीआर टीबी एचआईवी कोऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत काउंसलर कविता, प्रीति, अनीता, आशा, राजकुमार अशोक धर्मवीर, डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर हरजिंद्र सिंह, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. सुशील अहलावत, डॉक्टर एमपी सिंह, डीआर टीबी एचआईवी कोआर्डिनेटर सुभाष गहलोत काउंसलर कविता, प्रीति, अनीता, आशा, राजकुमार अशोक धर्मवीर आदि मौजूद रहे।

### आईटीआई की छात्राओं को बाल विवाह न करने की दिलाई शपथ

फरीदाबाद,। केंद्र सरकार द्वारा बाल विवाह के खिलाफ अभियान ह्यबाल विवाह मुक्त भारतह्ण की शुरूआत की गई है। देश में बाल विवाह की घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को इस परंपरा के दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए जिले के सरकारी स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई जा जिसके तहत आज ओल्ड फरीदाबाद स्थित आईटीआई की छात्राओं को बाल विवाह न करने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर हेमा कौशिक ने बताया कि इस शपथ का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश में बाल विवाह की सामाजिक बुराई के बारे में जागरूक करना है। बाल विवाह अभी भी एक बड़ी समस्या है। देश को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए आगामी दस दिसंबर तक पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत बाल विवाह की रोक को लेकर बनाए गए कानून की जानकारी दी जाएगी। लड़कियों को सशक्त बना कर ही विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। अगर लड़कियों को बाल विवाह कानून की जानकारी होगी तो वह आवाज बुलंद कर सकेंगी। उन्होंने छात्राओं को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की जानकारी देने के साथ साथ नियमों के बारे में भी बताया गया।

# जनसमस्याओं का त्वरित समाधान करना सुनिश्चित करें अधिकारी : आरती सिंह राव

प्रात : किरण, संवाददाता



पलवल,। प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान व आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि सभी विभाग लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व सुविधाओं का समयबद्ध लाभ देना व उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना सुनिश्चित करें, ताकि सरकार की सुशासन की नीति का लाभ आमजन तक सुविधाजनक तरीके से पहुंचे। यह निर्देश स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने सोमवार को जिला सचिवालय के सभागार में आयोजित लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करने के दौरान दिए। इस बैठक के एजेंडा में कुल 12 परिवाद शामिल किए गए, जिनमें से 8 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने गांव सुल्तानपुर निवासी राजेंद्र द्वारा गांव में दूषित पानी की निकासी न होने और उनके खेत में जाने वाले रास्ते को बंद करने संबंधी शिकायत की सुनवाई करते हुए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को एक जनवरी तक दूषित पानी की निकासी के लिए नाले के निर्माण कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा खेत के रास्ते को भी खुलवाने और अगली बैठक में संबंधित अधिकारी द्वारा साकारात्मक रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता साकिर द्वारा दी गई शिकायत पर स्वास्थ्य मंत्री ने गांव मीठाका में आंगनबाड़ी भवन के अधूरे निर्माण कार्य को पंचायती राज विभाग के कार्यकारी अभियंता द्वारा 28 फरवरी तक पूरा करवाने के आदेश दिए। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने महेंद्र द्वारा गांव ममोलाका में श्मशान भूमि गैर कानूनी तरीके से खोदकर तालाब में तबदील करने संबंधी शिकायत पर सुनवाई करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में गंगाधर निवासी गांव घरोट की जमीन का मुआवजा दिलाने से संबंधित शिकायत पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता द्वारा बताया गया कि यह मामला काफी पुराना है। इसके अलावा ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में पेंशन न बनने से संबंधित मामलों में संबंधित अधिकारियों को पात्रों की पेंशन बनाने में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। बैठक में बदहाल सड़कों और रोड पर लगे कूड़े के ढेर संबंधित मामले भी मौजूद लोगों द्वारा उठाए गए, जिन पर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने इन समस्याओं का जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर होडल से विधायक हरिंद्र सिंह, पृथला से विधायक रघुवीर सिंह तेवतिया, हथीन से विधायक मोहम्मद इसराइल, जिला उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन, अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, जिला परिषद सीईओ जितेंद्र कुमार, एसडीएम संदीप अग्रवाल, एसडीएम रणवीर सिंह, नगराधीश अप्रतिम सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, नगर परिषद होडल की चेयरपर्सन इंद्रेश कुमारी, जिला परिषद चेयरपर्सन के प्रतिनिधि मनोज रावत, जगमोहन गोयल, वीरपाल दीक्षित व प्रवीण ग्रोवर सहित परिवाद समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

# किसानों के दिल्ली कूच को लेकर बॉर्डर पर हो रही है चेकिंग, लगा हुआ है लंबा जाम

प्रात : किरण, संवाददाता



नोएडा,। किसान आंदोलन और उनके दिल्ली कूच करने के इरादे को देखते हुए दिल्ली-नोएडा के सभी बॉर्डर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जहां पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है इस चेकिंग अभियान के जरिए आम जनता को भारी जाम का सामना करना पड़ रहा है और कई किलोमीटर तक गाड़ियां रेंगती नजर आ रही हैं। पुलिस की तरफ से जारी किए गए बयान के मुताबिक 2 दिसंबर को किसानों के दिल्ली आह्वान को लेकर दिल्ली/बार्डर एरिया में चेकिंग की जा रही है, जिसमें यातायात धीमी गति से संचालित हो रहा था, वर्तमान में सभी रेड लाइट को निरन्तर ग्रीन कर दिया गया है। एक बार फिर यातायात सामान्य गति से संचालित है। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस यातायात को सुचारू रूप से संचालित करा रही है। पुलिस अपने इस बयान के जरिए यह बताने की कोशिश कर रही है कि जाम को खुलवा दिया गया है। लेकिन सड़कों पर उतरे वाहन चालकों को मिनटों का सफर घंटे में तय करना पड़ रहा है। यह स्थिति तब बनी हुई है जब अभी तक किसानों ने अपने मीटिंग प्वाइंट तक पहुंचना शुरू भी नहीं किया है। हालांकि यातायात विभाग के मुताबिक डायवर्जन प्लान तैयार कर लिया गया है और जरूरत के हिसाब से उसे लागू किया जाएगा। महामाया फ्लाईओवर एक केंद्र बिंदु है जहां पर सभी किसानों को एकत्र होना है और फिर यहां से दिल्ली की तरफ बढ़ना है। यहां से कालिंदी कुंज के जरिए और डीएनडी और उसके बाद चिल्ला बॉर्डर के जरिए दिल्ली की तरफ जाया जा सकता है, जहां पर दिल्ली पुलिस और यूपी पुलिस दोनों ही तरफ से चेकिंग अभियान चलाकर किसी भी किसान को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने की कोशिश कर रही है।

# पत्नी का हत्यारा पति गिरफ्तार, पिस्तौल बरामद



प्रात : किरण, संवाददाता

पलवल, । पलवल में घरेलू विवाद के चलते पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से वारदात में प्रयोग किए गया देसी कट्टा व खाली खोल बरामद कर लिया गया है। मामले में झगड़े की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी तो वहां महिला का खून से सना शव मिला था। मुंडकटी थाना प्रभारी मुकेश ने सोमवर को जानकारी देते हुए बताया कि थाने में तैनात एएसआई जीतराम ने शिकायत दी थी कि 30 नवंबर को वह अपनी टीम के साथ गश्त कर रहा था। उसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि बंचारी गांव में नितेश और का उसकी पत्नी हेमा उ्फ पिंकी के साथ झगड़ा हो गया है। झगड़े के दौरान नितेश ने अपनी पत्नी हेमा की किसी हथियार से सिर में चोट मारकर हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित थी। हेमा का शव जमीन पर पड़ा हुआ था और उसके सिर से खून निकल रहा था। पूछने पर मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि वह वारदात के समय मौके पर नहीं थे। पुलिस ने मृतका के पति को फोन मिलाया, मगर फोन बंद मिला। पुलिस ने नितेश की मां अनीता से पूछताछ की। अनीता ने बताया कि वह अपने खेतों पर थी। वारदात के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। इसके बाद मौके पर एफएसएल की टीम बुलाई है। जांच में मामला हत्या का पाया गया। इसके बाद पुलिस ने मृतका के पति के खिलाफ हत्याका मुकदमा दर्ज किया था। प्रभारी थाना ने बताया कि हत्यारोपी पति नितेश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने घरेलू विवाद को लेकर कहासुनी के चलते अवैध हथियार कट्टा से सिर में गोली मारकर हत्या करना कबूल किया है।

# टोल वसूली भाजपाइयों के जेब में न जाकर सड़क के गड्ढे भरने और रखरखाव में काम आए : अखिलेश यादव

प्रात : किरण, संवाददाता



लखनऊ,। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रोड सेफ्टी के बहाने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि टोल वसूली भाजपाइयों के जेब के गड्ढे न भरकर सही में सड़क के गड्ढे भरने और रखरखाव में काम आए। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया के माध्यम से रोड सेफ्टी कार्यक्रम की तस्वीर शेयर करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने लिखा कि रोड सेफ़्टी मतलब ह्यसड़क सुरक्षा कार्यक्रम में 80 प्रतिशत दुर्घटनाओं के मूल कारण में भ्रष्टाचार होता है। अगर पीडब्ल्यूडी में करप्शन खत्म हो जाए तो सड़क सही बनेंगी, चेतावनी चिन्ह सही होंगे। स्पीड ब्रेकर बनेंगे, गाड़ी बेक्रर नहीं। उन्होंने आगे लिखा कि अगर आरटीओ में करप्शन खत्म हो जाए तो सही गाड़ियां ही चलेंगी, अनफिट नहीं। सही में गाड़ी चलाना सीखे हुए लोगों को ही ड्राइविंग लाइसेंस मिलेगा। अगर ट्रैफिक पुलिस में करप्शन खत्म हो जाए तो वो चौराहों पर खड़े होकर नियमों का पालन करवाएंगे, न कि कोने में छिपकर नियम तोड़ने का इंतजार करेंगे। अब तो गूगल पर किसी और नंबर पर पैसे से ले लेते हैं। भाजपा राज में डिजिटल इंडिया का ये अजब इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने लिखा कि सबसे बड़ी बात ये है कि अगर टोल वसूली भाजपाइयों के जेब के गड्ढे न भरकर सही में सड़क के गड्ढे भरने और रखरखाव में काम आए और सत्ता में बैठे लोग अगर जरा भी ईमानदारी बरतते हुए टेक्नोलॉजी का सही इस्तेमाल करें तो मीडिया को रोड सेफ्टी पर कार्यक्रम नहीं करने पड़ेंगे और सच्चे मीडिया वाले संविधान सेफ्टी, लोकतंत्र सेफ्टी, सामाजिक न्याय सेफ्टी, जस्टिस सेफ्टी समानता सेफ्टी और मीडिया सेफ्टी जैसे दूसरे विषयों पर भी कुछ ऐसे प्रोग्राम कर सकेंगे। सपा मुखिया ने लिखा कि रोड सेफ़्टीह्न के लिए ट्रैफि क नियमों को बचपन से ही पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर, उनमें जीवन के मूल्य के लिए चेतना जगाकर, जनता को रचनात्मक तरीके से समझाकर ही सार्थक परिणाम निकाले जा सकते हैं।

# नोएडा में किसानो का जबरदस्त प्रदर्शन



प्रात : किरण, संवाददाता

नोएडा,। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश के किसानो ने सोमवार को यहां जमकर प्रदर्शन किया और सरकार विरोधी नारेबाजी की। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के तत्वावधान में हजारों की संख्या में किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नोएडा के महामाया फ्लाईओवर पर एकत्रित हुए। दिल्ली की ओर जाने की कोशिश कर रहे किसानो को सुरक्षा बलों ने बेरीकेडिंग लगा कर रोक दिया हालांकि कुछ स्थानो पर किसनो ने बेरीकेडिंग को ध्वस्त कर दिया और महामाया फ्लाईओवर से गुजर कर चिल्ला बॉर्डर तक पहुंच गए। चिल्ला बॉर्डर पर किसी भी अप्रिय हालात से बचने के लिये लगभग 4000 पुलिसकर्मी तैनात किये गये थे। मौके पर तनाव की स्थिति बनी रही। किसानो के प्रदर्शन के चलते ग्रेटर नोएडा व नोएडा एक्सप्रेसवे पर भी जाम की स्थिति बनी रही। दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर सुबह से ही लंबा जाम लग गया। भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि पुलिस किसानों को रोक रही है जबकि उनकी समस्या का समाधान दिल्ली से ही निकलेगा। नोएडा सेक्टर 95 में दलित प्रेरणा स्थल के पास अधिकारियों के साथ बातचीत से समाधान नहीं निकलने से किसान वहीं धरने पर बैठ गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में संसद का शीतकालीन सत्र जारी रहने के चलते किसानो को रोका जा रहा है। किसी भी अप्रिय हालात से बचाव के मद्देनजर एहतियात के तौर पर भारी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा ड्रोन से भी नजर रखी जा रही है।

# सपा के बाद कांग्रेस ने किया संभल जाने का ऐलान, पुलिस ने लगाया कड़ा पहरा

प्रात : किरण, संवाददाता



लखनऊ,। समाजवादी पार्टी के बाद अब कांग्रेस ने भी संभल जाने का ऐलान किया है। लखनऊ में कांग्रेस दफ्तर के बाहर पुलिस को तैनात किया गया है। कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल संभल में मारे गए परिवार वालों से मिलने के लिए जाने की तैयारी कर रहा है। उधर पुलिस भारी संख्या में कांग्रेस कार्यालय के बाहर पहुंच गई। कार्यालय की तरफ जाने वाले मार्गों पर रोक लगा दी गई है। 12 बजे इस काफिले के निकलने की बात कही जा रही है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पुलिस ने मुझे नोटिस जारी किया है। कहा है कि मेरे दौरे से अव्यवस्था फैलेगी। निश्चित रूप से हम भी अव्यवस्था नहीं, बल्कि शांति चाहते हैं। पुलिस और सरकार ने वहां जो अत्याचार और अन्याय किया है, मैं चाहता हूं कि मेरे नेतृत्व को यह पता चले। उन्होंने कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ताओं ने निर्णय लिया कि हम अपने पार्टी कार्यालय में एक ही स्थान पर रहेंगे। यहां कार्यकताओं से बातें हुई और आगे की रणनीति तय हुई। हम वहां (संभल) जाने का प्रयास करेंगे। हम सब लड़ेंगे और न्याय दिलाएंगे। विधानसभा में कांग्रेस की नेता विपक्षी दल आराधना मिश्रा ने कहा कि संभल में बहुत बड़ी घटना हुई है। वहां पांच लोगों की गोली लगने से मौत और 30 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। यह सामान्य घटना नहीं है। काफी बड़ी घटना है। कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में जाना चाहता है। हम लोग वहां सही तथ्य को पता करने लिए जाना चाहते थे। वहां शांति की अपील करना चाह रहे थे। कल रात से मुझे हाउस अरेस्ट किया गया। प्रदेश अध्यक्ष के अलावा अन्य नेताओं को भी रोका जा रहा हैं। सरकार की अराजकता है। वह अपनी नाकामी छुपाना चाहते है। 163 संभल में लागू है, लखनऊ में नहीं। हमें घर से नहीं निकलने दिया जा रहा है। यह सरकार की गुंडागर्दी है। इधर पुलिस ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को नोटिस जारी कर हिंसा प्रभावित संभल का दौरा न करने को कहा है। अजय राय को दिए गए नोटिस में उन्हें बताया गया है कि संभल जिले में शांति और सांप्रदायिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए वह जनहित में सहयोग करें और अपना प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित करें। ताकि संभल जिले के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा पारित धारा 163 बीएनएसएस के आदेश का उल्लंघन न हो। दरअसल प्रशासन ने दस दिसंबर तक संभल आने पर रोक लगा रखी है। बीते दिनों सपा के कई नेताओं ने वहां जाने की कोशिश की थी। सपा विधानमंडल दल के नेता और प्रदेश अध्यक्ष को वहां जाने से रोक दिया गया था। इकरा हसन सहित कुछ और सांसदों को भी वहां नहीं जाने दिया गया था। ज्ञात हो कि शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान 24 नवंबर को हुई हिंसा की पड़ताल के लिए गठित न्यायिक आयोग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। तीन सदस्यीय आयोग के दो सदस्य रविवार को संभल पहुंचे और हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर अफसरों से जानकारी ली। आयोग की टीम जामा मस्जिद भी गई और मस्जिद कमेटी के सदस्यों से मुलाकात की। इस बीच, मंडल आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि हिंसा के जिम्मेदारों के खिलाफ सबूत जुटाए जा रहे हैं।

# महाकुंभ : यूपी में अब 75 नहीं, 76 जिले होंगे, अधिसूचना जारी

प्रात : किरण, संवाददाता



लखनऊ,। उत्तर प्रदेश में अब 75 नहीं, बल्कि 76 जिले होंगे। इस संबंध में प्रयागराज जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ की तरफ से यह अधिसूचना जारी की गई। नए जिले का नाम महाकुंभ मेला होगा। प्रदेश में कुंभ और अर्ध कुंभ के मौके पर नए जिले के संबंध में अधिसूचना जारी करने की परंपरा रही है। महाकुंभ मेला जिले में पूरा परेड क्षेत्र और चार तहसीलों सदर, सोरांव, फूलपुर और करछना के 67 गांव शामिल हैं। महाकुंभ मेला जिले के जिलाधिकारी विजय किरन आनंद होंगे। वहीं राजेश द्विवेदी को एसएसपी बनाया गया है। अधिसूचना में जिलाधिकारी को उनके कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया है। यह कदमे महाकुंभ के सुचारू संचालन के लिए उठाया गया है, ताकि महाकुंभ के संबंध में की जा रही किसी भी तैयारी में कोई बाधा ना आए। प्रयागराज के चार तहसीलों को अलग करके एक नया जिला बनाया गया है, जो महाकुंभ तक अस्तित्व में रहेगा। अधिसूचना में कहा गया है कि तहसील सदर के 25 गांव, तहसील सोरांव के तीन गांव, तहसील फूलपुर के 20 गांव और करछना तहसील के 19 गांव शामिल किए गए हैं। बता दें कि 13 जनवरी से लेकर 26 फरवरी तक कुंभ मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस महाकुंभ मेले में कुल छह शाही स्नान होंगे। मेले को लेकर सभी तैयारियां जोरों शोरों से जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद सभी तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को प्रयागराज जाएंगे। प्रधानमंत्री के प्रयागराज दौरे को लेकर सभी तैयारी पूरी की जा चुकी है। इस दौरान प्रधानमंत्री गंगा पूजन से महाकुंभ के आयोजन का शुभारंभ करेंगे। महाकुंभ का पहला शाही स्नान 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन होगा। उल्लेखनीय है कि 12 साल में एक बार महाकुंभ मेले का आयोजन किया जाता है।

# आईएमएस में वॉलीबॉल टूनार्मेंट का आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता



नोएडा। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज आईएमएस नोएडा में वॉलीबॉल टूनार्मेंट का आयोजन हुआ। सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन कुल 8 टीम ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन, स्पोट्स कॉडिनेटर रीना मैसी के साथ शिक्षक एवं छात्रों ने अपनी उपस्थिती दर्ज कराई। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए आईएमएस महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने कहा कि हमारी कोशिश छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल की बारीकियां एवं खेल-कूद में करियर की संभावनाएं को देखते हुए भी तैयार करना है। उन्होंने कहा कि एक ही मंच पर पढ़ाई के साथ खेल-कूद एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का समावेश होना जरूरी है। खेल-कूद एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से छात्रों को सफलता और जीवन जीने का प्रशिक्षण मिलता है। वहीं आईएमएस स्पोर्ट्स कॉडिनेटर रीना मैसी ने बताया कि आज कार्यक्रम के पहले दिन कुल 8 टीम ने हिस्सा लिया, जिनमें बीबीए के 3, बीसीए की 2, लॉ की 1 एवं एमबीए की की 2 टीम के बीच मैच खेला गया। सोमवार को वॉलीबॉल टूनार्मेंट के पहले राउंड में बीसीए टीम-ए ने बीबीए टीम-बी, एमबीए टीम-बी ने बीसीए टीम-बी, लॉ की टीम ने एमबीए टीम-ए एवं बीबीए टीम-ए ने बीबीए टीम-सी पर क्रमशः 3-0, 3-0, 3-0 एवं 3-0 की बढ़त के साथ जीत हासिल की। वहीं दूसरे राउंड में बीसीए टीम-ए ने लॉ को एवं बीबीए टीम-ए ने एमबीए टीम-बी को शिकस्त दी। मंगलवार को संस्थान परिसर में आईएमएस के 4 टीमों की आपस में भिड़ंत होगी, जिसमें चयनित दो टीम इंटरा कॉलेज टूनार्मेंट का फाइनल खेलेंगे।

# एक ही स्थान पर आमजन की समस्याओं का हो रहा निदान : डीसी विक्रम सिंह

प्रात : किरण, संवाददाता



फरीदाबाद,। जिला प्रशासन द्वारा आमजन की शिकायतों के त्वरित व प्रभावी समाधान के लिए समाधान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को आयोजित हुए समाधान शिविर में काफी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे जिनकी सुनवाई डीसी विक्रम सिंह द्वारा की गयी। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार जन कल्याण के साथ जन समस्याओं के समाधान को समर्पित है। लोगों की हर प्रकार की समस्याओं के तुरंत समाधान के लिए समाधान शिविरों के आयोजन की अनूठी शुरूआत की गई है। आम जनमानस को इसका पूर्ण लाभ उठाना चाहिए। प्रशासन आगे बढ़कर लोगों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए उनका समाधान कर रहा है। इसके लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। समाधान शिविर में आने वाला कोई भी व्यक्ति निराश नहीं लौटेगा। डीसी ने बताया कि समाधान शिविर के माध्यम से लोगों की प्रमुख समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। इनमें प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, लोकल बॉडी का नो ड्यूज सर्टिफिकेट, म्युनिसिपल कमेटी से नक्शा अनुमोदन, बिजली-सिंचाई-सार्वजनिक स्वास्थ्य, समाज कल्याण पेंशन तथा अपराध की शिकायतें और राशन कार्ड को शामिल किया गया है। इनसे संबंधित हर प्रकार की शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविर में संपर्क किया जा सकता है। डीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार के आदेशानुसार सेक्टर-12 स्थित उपायुक्त कार्यालय, नगर निगम सहित सभी उपमंडल अधिकारी कार्यालयों में प्रत्येक कार्य दिवस पर समाधान शिविरों का आयोजन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक किया जा रहा है।



# श्रीवल्ली के बिना पुष्पा फ्रेंचाइजी अधूरी

अपकमिंग फिल्म 'पुष्पा 2– द रूल' की रिलीज का इंतजार कर रहे तेलुगू सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने फिल्म में अपनी सह–कलाकार रश्मिका मंदाना की जमकर तारीफ की। हाल ही में फिल्म की स्टार कास्ट को फिल्म की प्रमोशन के लिए मुंबई में एक प्रेस कार्यक्रम में देखा गया। जहां फिल्म के हीरो अल्लू अर्जुन फिल्म की अभिनेत्री रश्मिका की तारीफ करते नजर आए। उन्होंने कहा कि श्रीवल्ली के किरदार के बिना 'पुष्पा' फ्रैंचाइजी एकदम अधूरी है। कार्यक्रम के दौरान अल्लू अर्जुन ने रश्मिका के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह एक खास तरह की शख्सियत है। वह अपने आस–पास मौजूद सभी लोगों का साथ देती है। अल्लू अर्जुन ने कहा, मैं दो मिनट का समय निकालकर इस फिल्म के लिए उनके द्वारा किए गए हर काम के लिए उनका शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। उनका समर्थन बहुत बड़ा है। श्रीवल्ली के समर्थन के बिना यह फिल्म पूरी नहीं हो सकती। मैं और मेरे निर्देशक उनके बहुत प्रशंसक हैं, क्योंकि हम हर दिन शूटिंग करते रहते हैं और वह कभी–कभार आती हैं। जब वह आती हैं, तो वे दिन बहुत खास होता है। वह सेट पर बेहद ही सकारात्मक ऊर्जा लेकर आती हैं।

अल्लू अर्जुन द्वारा रश्मिका के योगदान को दिल से स्वीकार करना न केवल उनके सौहार्द को दर्शाता है, बल्कि एक उनके व्यक्तित्व को भी निखारता है। स्टार ने आगे कहा, वह ऐसी ही अभिनेत्रियों के साथ काम करना चाहते हैं। जो दुनिया में अपना नाम रोशन करना जानती हैं। दुनिया को ऐसी और लड़कियों की जरूरत है। एक ऐसे समय पर जब हम सब तुलना करते हैं और कहते हैं ओह, लड़कियां आज ऐसी हैं, आज वैसी हैं, वह ऐसी लड़की है, जहां आप कह सकते हैं कि ऐसी लड़कियां भी दुनिया को बेहतर बना सकती हैं। सुकुमार द्वारा निर्देशित 'पुष्पा 2– द रूल' में फहाद फासिल भी हैं। इस फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स ने किया है और इसका संगीत टी सीरीज ने दिया है। यह फिल्म 5 दिसंबर, 2024 को रिलीज होगी।



# रश्मिका बनीं भारत की सबसे ज्यादा फीस लेने वालीं अभिनेत्री

रश्मिका मंदाना ने खुद को लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक के रूप में स्थापित किया है। वह अभिनेत्री जिसने तमिल, कन्नड़, तेलुगु और बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में काम कर शोहरत हासिल की है। रश्मिका जल्द ही अल्लू अर्जुन के साथ अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा: द राइज की सीक्वल पुष्पा: द रूल में नजर आने वाली हैं। फिल्म का प्रमोशन जोरो–शोरों से जारी है। इसी बीच रश्मिका ने उस रिपोर्ट पर चुप्पी तोड़ी है जो बीते कुछ समय से सबका ध्यान आकर्षित कर रही है। अभिनेत्री ने सच्चाई का खुलासा करते हुए बताया कि क्या वह वाकई में पुष्पा 2: द रूल में अभिनय करने के बाद भारत में सबसे अधिक फीस चार्ज करने वाली अभिनेत्री बन गई हैं। सोशल मीडिया पर रश्मिका मंदाना का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें मीडिया ने अभिनेत्री से पुष्पा 2 के बाद सबसे महंगी अभिनेत्री होने की रिपोर्ट के बारे में सवाल किया। रश्मिका ने तुरंत जवाब देते हुए कहा, मैं इससे बिल्कुल भी सहमत नहीं हूं, क्योंकि यह सच नहीं है। रश्मिका मंदाना ने यह बात इफ्फी 2024 के समापन समारोह में कही थी।

## पुष्पा 2: द रूल को लेकर कयासों का बाजार गर्म

पुष्पा 2: द रूल को लेकर पहले से ही सोशल मीडिया पर कई खबरें वायरल हो रही हैं। कुछ में दावा किया गया है कि अल्लू अर्जुन ने इस फिल्म के लिए 300 करोड़ रुपये की मोटी रकम चार्ज की है। साथ ही जानकारी है कि इसके थ्रिएट्रिकल राइट्स 1000 हजार करोड़ रुपये में बिके हैं।

पुष्पा 2: द रूल के लिए रश्मिका मंदाना की फीस वहीं, रश्मिका मंदाना की फीस को लेकर भी कयासों का बाजार गर्म है। जानकारी मिली है कि उन्होंने पुष्पा 2: द रूल के लिए 10 करोड़ रुपये फीस ली है। यह उनके फिल्म के पहले पार्ट पुष्पा: द राइज की फीस से पांच गुना ज्यादा है। अभिनेत्री ने 2021 में रिलीज हुई फिल्म के पहले पार्ट के लिए 2 करोड़ रुपये फीस ली थी। वहीं, पुष्पा 2 की रिलीज की बात करें तो सुकुमार द्वारा निर्देशित यह फिल्म 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मूवी में फहद फासिल भी मुख्य भूमिका में हैं।

## रश्मिका मंदाना की कुल संपत्ति

रश्मिका मंदाना अभिनय के साथ–साथ विज्ञापन से भी तगड़ी कमाई करती हैं। इसके अलावा उन्होंने बेंगलुरु, मुंबई, गोवा, कूर्ग और हैदराबाद की संपत्तियों सहित पूरे भारत में रियल स्टेट में भी निवेश किया है। फाइनेंशियल एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, उनके बेंगलुरु स्थित घर की कीमत लगभग 8 करोड़ रुपये है। उनका कार कलेक्शन भी शानदार है, जिसमें ऑडी क्यू 3, रेंज रोवर स्पोर्ट, मर्सिडीज–बेंज सी–क्लास, टोयोटा इनोवा और हुंडई क्रेटा शामिल हैं। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, उनकी कुल संपत्ति लगभग तकरीबन 45 करोड़ रुपये है।




# पुष्पा 2 के डर से खिसकी कन्नप्पा की रिलीज डेट, विष्णु मांचू ने तोड़ी चुप्पी

विष्णु मांचू की पौराणिक ड्रामा कन्नप्पा बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म प्रभास, अक्षय कुमार, काजल अग्रवाल के अलावा मोहनलाल के दिलचस्प कैमियो की वजह से चर्चा में है। कन्नप्पा दिसंबर के महीने में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी। हालांकि, बीते दिन निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज आगे खिसकाकर अप्रैल 2025 कर दी। खबरें ऐसी भी आईं कि दिसंबर में पुष्पा 2 की रिलीज को देखकर निर्माताओं ने यह फैसला लिया। वहीं, इन रिपोर्ट्स पर अब खुद विष्णु मांचू ने चुप्पी तोड़ी है। साथ ही रिलीज डेट के बदलाव की असली वजह बताते नजर आए हैं।

## क्यों खिसकी कन्नप्पा की रिलीज डेट?

एक इवेंट में विष्णु मांचू से सवाल किया गया कि क्या उन्होंने अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2: द रूल के बज को देखते हुए कन्नप्पा की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी है। इस पर उन्होंने कहा कि उनकी और अल्लू अर्जुन दोनों की फिल्म को एक ही वितरकों द्वारा समर्थन दिया जा रहा है। हालांकि, उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट खिसकाने का कारण इसका वीएफएक्स बताया। फिल्म के वीएफएक्स की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हो सकी है। इसमें अभी और समय लगेगा जिसकी वजह से नई रिलीज डेट 25 अप्रैल, 2025 तय की गई है।

## दर्शकों को अच्छी फिल्म देना चाहते हैं मांचू

अभिनेता–फिल्म निर्माता ने कहा, हम कन्नप्पा को अगस्त में रिलीज करना चाहते थे, लेकिन यह संभव नहीं था। फिर हमने इसे दिसंबर में रिलीज करने की योजना बनाई। हालांकि, वीएफएक्स और पोस्ट–प्रोडक्शन का काम पूरा नहीं होने के कारण इसकी रिलीज को टालना पड़ा। मांचू ने यह भी कहा कि निर्माता दर्शकों को एक अच्छी फिल्म देना चाहते हैं जिसकी वजह से उन्होंने समय लेकर काम को बेहतरीन तरीके से पूरा करने की ठानी।

## कन्नप्पा का निर्माण, स्टारकास्ट

कन्नप्पा मुकेश सिंह द्वारा निर्देशित एक पीरियड फिल्म है। फिल्म की कहानी पारुचुरी गोपालकृष्ण, बुर्रा साई माधव और थोटा प्रसाद ने मिलकर लिखी है। कन्नप्पा में प्रभास, मोहनलाल, शिवराज कुमार, नयनतारा, तमन्ना भाटिया, काजल अग्रवाल, आर सरथकुमार, ब्रह्मानंदम अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण 24 फ्रेम्स फैक्ट्री कर रही है। इस फिल्म में संगीत मणि शर्मा और स्टीफन देवासी द्वारा दिया जाएगा।

# दुआ लीपा की परफॉर्मेंस से सरप्राइज हुईं सुहाना

शाहरुख खान का मशहूर गाना, वो लड़की जो, उनके चाहने वालों के पसंदीदा गानों में से एक है। यह गाना उनकी 1999 की फिल्म बादशाह में शामिल किया गया था, यह गाना पिछले साल इंस्टाग्राम पर अंतरराष्ट्रीय गायिका दुआ लिपा के मशहूर गाने लेविटेटिंग के साथ क्रॉसओवर के हिस्से के रूप में वायरल म्यूजिकल ट्रेंड बन गया था। 30 नवंबर को, दुआ ने मुंबई में अपने कॉन्सर्ट में मैशअप परफॉर्म किया और शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान उनकी परफॉर्मेंस देखकर दंग रह गईं।

सुहाना खान ने अपने इंस्टाग्राम पर दुआ लिपा के मुंबई कॉन्सर्ट में हाल ही में दिए गए प्रदर्शन का एक वीडियो शेयर किया है। सुहाना की इंस्टाग्राम स्टोरी में गायिका स्टेज पर अपना प्रसिद्ध ट्रैक लेविटेटिंग गाती और शाहरुख खान और ट्विंकल खन्ना के गाने वो लड़की जो पर थिरकती नजर आ रही हैं। खूबसूरत गायिका को सफेद रंग की चमकदार ड्रेस पहने देखा जा सकता है। क्लिप पर लिखा था, दुआ लिपा (लाल दिल) एसआरके (तिरंगा) लेविटेटिंग एक्स वो लड़की जो। अभिनेत्री ने दुआ के क्रॉसओवर प्रदर्शन का आनंद लेते हुए एक विस्मयकारी इमोजी के साथ–साथ एक महिला डांस करने वाली इमोजी भी बनाई। इस बीच, काम का बात करें तो सुहाना खान ने 2023 में जोया अख्तर की द आर्चीज से अगस्त्य नंदा और बाकी बॉलीवुड स्टार्स के साथ अपने फिल्मी करियर की शुरुआत कीथी। सुहाना अब शाहरुख खान की आने वाली फिल्म किंग में नजर आएंगी। सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित इस एक्शन फिल्म में अभिषेक बच्चन भी हैं।



# सूर्या 44 में डांस नंबर करेंगी श्रिया सरन

श्रिया सरन को आखिरी बार 2024 की हिंदी वेब सीरीज शोटाइम में देखा गया था। अभिनेत्री के वर्कफ्रंट को लेकर चर्चा जोरो पर है। बीते दिनों खबरें थीं कि श्रिया फिल्म निर्माता कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित अस्थायी शीर्षक वाली फिल्म सूर्या 44 से जुड़ गई हैं। वहीं, अब इन रिपोर्ट्स पर खुद अभिनेत्री ने पक्की मुहर लगा दी है। साथ ही अपने बयान से प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ाती नजर आई हैं।

अभिनेत्री श्रिया सरन ने हाल ही में कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित एक गैंगस्टर ड्रामा सूर्या 44 में स्पेशल डांस नंबर में अपनी भागीदारी की पुष्टि की। गोवा में 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में अपनी भूमिका के बारे में बोलते हुए उन्होंने खुलासा किया, मैंने सूर्या सर की फिल्म में एक गाना शूट किया है। इसे शूट करने का अनुभव काफी अच्छा रहा। मुझे लगता है कि गाना दिसंबर में आ रहा है।



## आगामी पैन इंडिया प्रोजेक्ट पर भी दिया अपडेट

गोवा में एक विशेष रूप से निर्मित सेट पर फिल्माया गया यह गाना श्रिया की सुंदरता और ऊर्जा को उजागर करते हुए एक शानदार विजुअल ट्रीट देने का वादा करता है। इस डांस नंबर में सूर्या भी हैं। यह गाना निश्चित रूप से फिल्म के मुख्य आकर्षण में से एक होगा। श्रिया ने अपने आगामी पैन–इंडिया प्रोजेक्ट पर भी बात करते हुए कहा, मैं एक आगामी पैन–इंडिया प्रोजेक्ट पर काम कर रही हूं, और शूटिंग तीन दिनों में शुरू होगी। हालांकि, उन्होंने फिल्म के बारे में अधिक जानकारी देने से परहेज किया।



# रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म से वापसी करने को तैयार इमरान खान, इस अभिनेत्री के साथ फरमाएंगे रोमांस!

अभिनेता इमरान खान साल 2015 से सिल्वर स्क्रीन से गायब हैं। हालांकि, खबरें हैं कि वो अब एक नए नेटफ्लिक्स प्रोजेक्ट के साथ वापसी करने वाले हैं। यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी होगी, जिसका निर्देशन दानिश असलम करेंगे। दानिश ने इमरान की फिल्म ब्रेक के बाद का भी निर्देशन किया था। वहीं, इस नेटफ्लिक्स प्रोजेक्ट में नजर आने वालीं अभिनेत्री को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। एक नाम भी सामने आया है। आइए इस पर गौर फरमा लेते हैं–

कथित तौर पर अभिनेत्री भूमि पेडनेकर इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में इमरान खान के अपोजिट नजर आएंगी। हालांकि, अभिनेत्री ने अभी तक कॉन्ट्रैक्ट पर साइन नहीं किया है। अगर वह फिल्म का हिस्सा बनती हैं तो यह भक्षक और आगामी द रॉयल्स के बाद नेटफ्लिक्स इंडिया के साथ उनका तीसरा सहयोग होगा। फिल्म की स्क्रिप्ट फिलहाल अपने अंतिम चरण में है, जिसका मसौदा अगले महीने पूरा होने की उम्मीद है। इसके तुरंत बाद प्री–प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा और टीम की योजना मार्च में शूटिंग शुरू करने की है। इमरान के फैंस उनकी स्क्रीन पर वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## इमरान की वापसी का बना मुहूर्त!

शुरुआत में इमरान को अब्बास टायरवाला द्वारा निर्देशित डिज्नी+ हॉटस्टार के लिए एक जासूसी थ्रिलर सीरीज में अभिनय करने के लिए चुना गया था, लेकिन रिलायंस इंडस्ट्रीज और वॉल्ट डिज्नी कंपनी के बीच विलय के कारण परियोजना रद्द कर दी गई थी। अब, यह नेटफ्लिक्स फिल्म इमरान की आधिकारिक वापसी का प्रतीक है।

## भूमि पेडनेकर का वर्कफ्रंट

भूमि पेडनेकर की बात करें तो वह जल्द ही अमेजन प्राइम वीडियो पर क्राइम थ्रिलर दलदल में दिखाई देंगी। जिसमें वह जघन्य हत्याओं की जांच करने वाली एक पुलिसकर्मी की भूमिका में नजर आएंगी। इसके अलावा वह कार्तिक आर्यन के साथ पति, पत्नी और वो 2 का भी हिस्सा होंगी। वह नेटफ्लिक्स सीरीज द रॉयल्स में भी नजर आएंगी। भूमि के पास अर्जुन कपूर और रकुल प्रीत के साथ मेरे बीवी की हस्बैंड भी है, हालांकि फिल्म की रिलीज में देरी हो रही है।

# नागा चैतन्य और नेटफ्लिक्स में नहीं हुई शादी के डॉक्यूमेंट्री की कोई डील

तेलुगू एक्टर नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला की शादी हैदराबाद में 4 दिसंबर को है लेकिन उसके पहले इनका प्री–वेडिंग फंक्शन शुरू हो गया है। हल्दी सेरेमनी की तस्वीरें भी सामने आईं, जिसमें दोनों पीले रंग में रंगे हुए नजर आए। इस बीच एक्टर ने उन रिपोर्ट्स को भी खारिज किया, जिसमें दावा किया गया था कि इनके शादी के राइट्स 50 करोड़ रुपये में बेचे गए हैं। दरअसल, बीते दिन ऐसी खबरें थीं कि नागा चैतन्य और उनके परिवार ने शादी के वीडियो के अधिकार 50 करोड़ रुपये में बेचे हैं। अब एक्टर ने जूम से बात की और इन खबरों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, यह झूठी खबर है। ऐसी कोई डील नहीं हुई है। जबकि दावा किया गया था कि नयनतारा की डील जहां 25 करोड़ में हुई है। वहीं, नागा चैतन्य ने एक्ट्रेस को पीछे छोड़ दिया है और सबसे मंहगी डील साइन की है। लेकिन अब एक्टर ने साफ–साफ मना कर दिया है कि उनकी ऐसी कोई डील नहीं हुई है।

एक्टर ने आगे बताया कि शादी की रस्में शोभिता के परिवार की ही रीति–रिवाजों के हिसाब से होंगी। शादी ग्रांड नहीं होगी। सिर्फ परिवार और करीबी दोस्त ही शामिल होंगे। अगस्त महीने में कपल ने सगाई की थी तो उसके बारे में भी पहले कोई जानकारी नहीं दी थी। सीधे तस्वीरें शेयर कर सबको चौंका दियाथा। एक्टर ने अपनी शादी को प्राइवेट अफेयर बताया है।






## संक्षिप्त समाचार

### जांच के बीच बांग्लादेश अडानी पावर डील पर फिर से करना चाहता है बातचीत




**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश अडानी ग्रुप के साथ बिजली खरीद डील के तहत कीमतों में भारी कमी करना चाहता है, जब तक कि कोर्ट द्वारा इसे रद्द न कर दिया जाए। वहां के ऊर्जा मंत्री ने रॉयटर्स को बताया कि इस डील की जांच चल रही है। जांच फरवरी तक पूरी होने की उम्मीद है। इसके बाद कोर्ट अपना फैसला सुनाएगा। बता दें यह अपडेट तब आया है, जब अडानी ग्रुप पर कई संकट एक साथ आ पड़े हैं। अमेरिकी अधिकारियों द्वारा चेयरमैन गौतम अडानी पर पहले से ही आरोप लगाए जा रहे हैं कि वे भारत में 265 मिलियन डॉलर की रिश्वतखोरी योजना का हिस्सा थे। हालांकि, इन आरोपों से उन्होंने इनकार किया है, जबकि भारत में ही एक राज्य बिजली डील की समीक्षा कर रहा है और फ्रांस की टोटल एनर्जीज ने अपने निवेश रोक दिए हैं। बांग्लादेश के बिजली और ऊर्जा सलाहकार मुहम्मद फौजुल कबीर खान ने कहा, कांट्रैक्ट में विसंगतियों के मामले में फिर से बातचीत करें। केवल भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी जैसी अनियमितताओं के मामले में ही रद्द करें। दोनों ही न्यायालय द्वारा आदेशित जांच के निष्कर्षों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि कुछ मुद्दे, जैसे कि बांग्लादेश को पावर प्लांट को कुछ भारतीय टैक्स छूट से लाभ नहीं मिल रहा है। ये पहले ही अडानी को बताए जा चुके हैं और आंशिक रूप से सौदे पर फिर से बातचीत का आधार बन सकते हैं।

### 11 दिसंबर से हर हाल में रोकने होंगे फर्जी एसएमएस और कॉल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने ओटीपी आधारित एसएमएस सत्यापन को लागू करने की समयसीमा को एक बार फिर बढ़ा दिया है। ट्राई ने फिर दूरसंचार कंपनियों और अन्य पक्षों को अंतिम मौका देते हुए नए नियमों को लागू करने के लिए 10 दिसंबर तक का वक्त दिया है। प्राधिकरण ने साफ कर दिया है कि फर्जी एसएमएस और कॉल को 11 दिसंबर से हर हाल में रोकना होगा। दरअसल, ट्राई ने इसी साल अगस्त में 'मैसेज ट्रेसिबिलिटी' नियम लाने का ऐलान किया था, जिसे एक दिसंबर से लागू होना था। यह नियम खासतौर पर फर्जी और अंपजीकृत एसएमएस को रोकने के लिए बनाया गया है, लेकिन दूरसंचार कंपनियों और अन्य संस्थाओं की तैयारियों की कमी के चलते इसे कई बार टाला जा चुका है। अब इसे लागू करने की समयसीमा 11 दिसंबर कर दी गई है।

# शुद्ध जीएसटी संग्रह 11 फीसदी बढ़ा, रिफंड में 8.9 प्रतिशत की कमी; महाराष्ट्र पहले, यूपी छठे स्थान पर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** घरेलू लेनदेन से अधिक राजस्व मिलने की वजह से सरकार को जीएसटी संग्रह के जरिये नवंबर, 2024 में 1.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक कमाई हुई है। वहीं, रिफंड समायोजन के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.63 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। यह आंकड़ा नवंबर, 2023 की तुलना में 11 फीसदी अधिक है।




## आयात पर कर से राजस्व संग्रह बढ़ा

वित्त मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 9.4 फीसदी बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। वहीं, आयात पर कर से राजस्व संग्रह लगभग छह फीसदी बढ़कर 42,591 करोड़ रुपये पहुंच गया। हालांकि, रिफंड के मोर्चे पर नवंबर में सालाना आधार पर 8.9 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। इस दौरान कुल 19,259 करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए। आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों यानी अप्रैल-नवंबर अवधि में कुल 14.57 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह हुआ है। इस दौरान शुद्ध जीएसटी संग्रह एक साल पहले की समान अवधि के 11.81 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 12.90 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।

## यूपीआई लेनदेन में 8 प्रतिशत तक गिरावट

त्योहारी बिक्री के चलते अक्तूबर में सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद नवंबर, 2024 में यूपीआई लेनदेन की मात्रा में सात फीसदी और मूल्य में आठ फीसदी की गिरावट आई है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने यूपीआई के जरिये 21.55 लाख करोड़ रुपये मूल्य के कुल 15.48 अरब लेनदेन हुए। अक्तूबर, 2024 में 23.5 लाख करोड़ रुपये मूल्य के रिकॉर्ड 16.58 अरब यूपीआई लेनदेन हुए थे। इसके अलावा, आईएमपीएस लेनदेन भी मात्रा के लिहाज से 13 फीसदी घटकर 40.8 करोड़ रह गया, जबकि मूल्य के लिहाज से यह 11 फीसदी कम होकर 5.58 लाख करोड़ रुपये रह गया। हालांकि, फास्टैग के जरिये लेनदेन में मात्रा के लिहाज से 4 फीसदी की तेजी दर्ज की गई।

## राज्यों और केंद्र में बढ़ सकती है फंड की तकरार, झारखंड ने दी कानूनी कदम उठाने की चेतावनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, पंजाब, पश्चिम बंगाल, झारखंडज घटने के बजाय यह लिस्ट लंबी होती जा रही है, मसला है पैसे का। कुछ राज्यों का दावा है कि केंद्रीय करों में उनका जो हिस्सा बनता है, उतना पैसा उन्हें नहीं दिया जा रहा। वहीं, झारखंड जैसे राज्य कह रहे हैं कि केंद्र सरकार कोयला खनन से जुड़े उसके 1.36 लाख करोड़ रुपये रिफंड करे, वरना कानूनी कदम उठाए जाएंगे। अर्थव्यवस्था में सुस्ती और राज्यों की कमजोर माली हालत के बीच यह तकरार और बढ़ सकती है। राज्यों का हाल यह है कि मार्च 2024 तक कर्ज सहित उनकी देनदारियां उनके सकल घरेलू उत्पाद के 28 प्रतिशत के करीब हो चुकी थीं। इस देनदारी पर ब्याज खर्च आने वाले वर्षों में बढ़ेगा। वित्तीय अनुशासन पर बनी एन के सिंह कमेटी ने 2017 में राय दी थी कि देनदारियां स्टेट जीडीपी के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। 2003-04 में करीब 32 प्रतिशत रहा यह अनुपात 2014-15 में लगभग 22 प्रतिशत पर आ गया था। लेकिन हाल के वर्षों में यह फिर बढ़ा है।

## मारुति सुजुकी और टाटा मोटर्स की गाड़ियों की बिक्री में इजाफा, ह्यूंडई मोटर इंडिया में दो फीसदी गिरावट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मौजूदा शादी सीजन, ग्रामीण क्षेत्रों में जारी मांग और स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) को लेकर मजबूत आकर्षण की वजह से नवंबर, 2024 में घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री में इजाफा हुआ है। मारुति सुजुकी इंडिया ने पिछले महीने कुल 1,41,312 यात्री वाहन बेचे, जो नवंबर, 2023 में बिके 1,34,158 इकाइयों की तुलना में पांच फीसदी अधिक है। टाटा मोटर्स की इलेक्ट्रिक गाड़ियों समेत यात्री वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर दो फीसदी बढ़कर 47,063 इकाई पहुंच गई। हालांकि, हाल ही में सूचीबद्ध ह्यूंडई मोटर इंडिया की यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री पिछले महीने सालाना आधार पर दो फीसदी गिरावट के साथ 48,246 इकाई रह गई। कंपनी की कुल बिक्री 44 फीसदी बढ़कर 25,586 इकाई पहुंची। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने 20 फीसदी अधिक वाहन बेचे। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा, ग्रामीण इलाकों से वाहनों की मांग में वृद्धि दर्ज की गई है। नवंबर में कंपनी की ग्रामीण पहुंच 2.2 फीसदी बढ़कर 48.7 फीसदी पहुंच गई। वहीं, ह्यूंडई मोटर इंडिया ने पिछले महीने 22.1 फीसदी का अपना अब तक का सर्वाधिक मासिक ग्रामीण योगदान हासिल किया।

# साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए विश्वसनीय एप चुनें; बाजार में वास्तविक कम, नकली एप्लिकेशन ज्यादा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बाजार में निवेश के नाम पर आजकल बहुतेरे एप मौजूद हैं। इनमें ज्यादातर धोखाधड़ी वाले हैं। ये एप कुछ दिन में निवेश पर दोगुना लाभ का झांसा देकर निवेशकों को फंसाते हैं। बिलासपुर में रिटायर बुजुर्ग को साइबर ठगों ने मोटा मुनाफा का लालच देकर अलग-अलग नंबरों से कॉल कर शेयर बाजार में निवेश के लिए तैयार किया। उनको भरोसे में लेकर एप इंस्टॉल करवा दिया। पहले 50,000 रुपये निवेश कराया। इस पर बुजुर्ग को अच्छा फायदा भी मिला। इस लालच में आकर उनसे 10 दिनों में 46 लाख 20 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। फिर आरोपियों ने मोबाइल बंद कर लिया।

नोएडा सेक्टर-77 में अंतरिक्ष फॉरेस्ट सोसायटी के निवासी दीपचंद से एक अक्तूबर को कुछ लोगों ने संपर्क कर शेयर बाजार में ज्यादा मुनाफे का लालच दिया। दीपचंद उनकी बातों में आ गए और उन्हें एक व्हॉट्सएप समूह से जोड़ दिया गया। जालसाज समूह बनाकर धोखा देते हैं। दीपचंद मामले में व्हॉट्सएप पर कुछ लोग पुलिस वर्दी में दिख रहे थे। दीपचंद ने धीरे-धीरे 7.66 करोड़ निवेश कर दिए व समूह में उनका मुनाफा दोगुना दिखने लगा। बाद में आरोपियों ने उनसे शुल्क के नाम पर तीन करोड़ जमा कराने को कहा। इस पर दीपचंद को हैरानी हुई। उन्होंने सेबी से पता किया तो जानकारी फर्जी निकली। ठगी के शिकार होने का एहसास होने पर दीपचंद ने मामला दर्ज कराया है।



तकनीक का फायदा जालसाज भी उठा रहे हैं। बाजार में निवेश के लिए वास्तविक एप कम और नकली ज्यादा हैं। रोजाना ऐसे सैकड़ों मामले आते हैं।

एचडीएफसी बैंक का स्मार्टवेल्थ ऐसा एप है, जहां निवेश सुविधाएं एक छत के नीचे मिलती हैं। यह न सिर्फ शुरुआत करने वालों के लिए है, बल्कि अनुभवी निवेशक भी इसका उपयोग कर सकते हैं। यह समझना भी महत्वपूर्ण है कि संपत्ति प्रबंधन कैसे किया जाए, क्योंकि यही वह पहलू है जो निवेशक को पैसा आगे बढ़ाने में मदद करता है। हमेशा प्रतिष्ठित बैंकों और कंपनियों के एप को ही चुनें। स्मार्टवेल्थ एप ऐसा साधन देता है, जो यूजर्स को एक ही स्थान पर वित्त का प्रबंधन करने में मदद करता है। इसके जरिये आप 100 रुपये से भी निवेश को शुरू कर सकते हैं। यह निवेश बाधाओं को कम करता है और सुनिश्चित करता है कि नए लोग भी आसानी से निवेश शुरू कर सकें। यह एप सेवानिवृत्ति योजना, रोजमर्रा के निवेश पर नजर रखने जैसे तमाम साधनों में काम आता है।

# ईपीएफ और ईएसआईसी के लिए मोदी सरकार दोगुना करने जा रही सैलरी लिमिट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोदी सरकार मंथली सैलरी लिमिट को दोगुना करके 30,000 रुपये महीना कर सकती है। सरकार जल्द ही कर्मचारी भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा निगम योजनाओं के अंतर्गत श्रमिकों को अनिवार्य रूप से शामिल करने के लिए वेतन सीमा बढ़ा सकती है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम के तहत वेतन सीमा को ईपीएफ के बराबर लाने की भी योजना है। हाल ही में शनिवार को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के शीर्ष निर्णय लेने वाले निकाय केंद्रीय न्यासी बोर्ड की बैठक में इन दोनों मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। वर्तमान में ईपीएफओ के तहत शामिल होने के लिए वेतन सीमा 15,000 रुपये प्रति माह है और ईएसआईसी के तहत 21,000 रुपये। बिजनेस स्टैंडर्ड के आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि दोनों योजनाओं के लिए सीमा को बढ़ाकर 30,000 रुपये प्रति माह किए जाने की संभावना है। ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) की शनिवार को हुई बैठक में वेतन सीमा बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में शामिल एक सूत्र ने बताया, सीबीटी की फरवरी की बैठक में अंतिम फैसला लिए जाने की उम्मीद है, लेकिन अधिकतर सदस्य और श्रम मंत्रालय मौजूदा सीमा को दोगुना करने के पक्ष में हैं। ईपीएफ और ईएसआई के तहत वेतन सीमा से तात्पर्य वेतन सीमा से है, जिस तक ईपीएफ और ईएसआई कंट्रिब्यूशन कानून के तहत अनिवार्य है। ईपीएफ और ईएसआई के लिए कर्मचारी के योगदान की राशि नियोक्ता द्वारा कर्मचारियों के वेतन से काटकर ईपीएफओ और ईएसआईसी में जमा की जानी चाहिए। नियोक्ताओं को योगदान के बराबर राशि जमा करानी होगी। मौजूदा नियमों के अनुसार, 15,000 रुपये से अधिक कमाने वाले कर्मचारियों के पास ईपीएफ कवरेज से बाहर निकलने का विकल्प होता है। यदि यह सीमा 15,000 रुपये बढ़ाई जाती है, तो योगदानकर्ताओं की संख्या बढ़ जाएगी। अभी ईपीएफओ के तहत एक्टिव 7 करोड़ सदस्य है। ईपीएफओ के लिए मौजूदा वेतन सीमा 15,000 रुपये प्रति माह निर्धारित की गई है, जिसे 2014 में 6,500 रुपये से संशोधित किया गया था। ईपीएफओ के तहत, कर्मचारी और नियोक्ता दोनों 15000 रुपये या उससे कम मासिक वेतन पाने वाले कर्मचारियों के लिए ईपीएफ खाते में 12-12 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

# एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड पर आनंद राठी ने बुलिश कॉल दी

**नई पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी मिक डिजिटल इंडिया लिमिटेड की स्थापना की**

**मुंबई , एजेंसी।** एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड जो एलईडी वीडियो डिस्प्ले के डिजाइन, विकास और निर्माण में एक वैश्विक अग्रणी कंपनी है, को प्रतिष्ठित वित्तीय सलाहकार फर्म आनंद राठी ने बाय कॉल दी है। आनंद राठी ने कंपनी में 10त्न तक के वृद्धि की संभावना का अनुमान लगाया है।

हाल ही में 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी के संचालन से राजस्व 156.26त्न बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के 1071.46 लाख रुपये से वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 2745.67 लाख रुपये हो गया। एबिटा 37.56त्न बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के 281.24 लाख रुपये से वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 386.86 लाख रुपये हो गया। एबिटा मार्जिन वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के 2.79त्न से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 13.97त्न हो गया, जो 1118 आधार बिंदु की वृद्धि है। शुद्ध लाभ 8.18त्न बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 196.52 लाख रुपये से वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में




212.59 लाख रुपये हो गया। कंपनी ने हाल ही में नया पूर्ण स्वामित्व वाला सहायक मिक डिजिटल इंडिया लिमिटेड को शामिल किया है। यह सहायक कंपनी सभी प्रकार के स्मार्ट मीटर, डिजिटल मीटर, छत पर लगे एसी पैकेज यूनिट्स एकीकृत पावर सप्लाई सिस्टम, मिनी कंप्यूटर, माइक्रोप्रोसेसर आधारित सिस्टम और कंप्यूटर पेरिफेरल्स के निर्माण और व्यापार का कार्य करेगी।

इसके अलावा, बोर्ड ने सदस्यों की मंजूरी के अधीन, 5 साल की अवधि के लिए नॉन-एग्जीक्यूटिव इंडिपेंडेंट केटेगरी में कंपनी के अतिरिक्त निदेशक के रूप में श्री पेनुमाका वेंकट रमेश की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। श्री पीवी रमेश के पास एशिया पेसिफिक, यूरोप और अफ्रीका सहित क्षेत्रों में सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और कॉर्पोरेट उद्यमों में 40 वर्षों से अधिक का वरिष्ठ कार्यकारी नेतृत्व है। उन्होंने भारत सरकार, आंध्र प्रदेश, यूएनओपीएस , यूएनएफपीए , आईएफएडी , विश्व बैंक और आरईसी लिमिटेड में उल्लेखनीय रूप से, आरईसी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं, साथ ही उन्होंने इसकी लाभप्रदता को दोगुना कर दिया और घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार दोनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण धन जुटाया। श्री रमेश के पास कॉर्पोरेट, गवर्नेंस, पब्लिक और कॉर्पोरेट फाइनेंस, एनर्जी, इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्रीन फाइनेंसिंग में व्यापक विशेषज्ञता है। उनका नेतृत्व एनर्जी पहुंच और ग्रीन एनर्जी इनिशिएटिव को आगे बढ़ाने में सहायक रहा है। उन्होंने मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड सहित प्रमुख निगमों को भी सलाह दी है, और विभिन्न संगठनों में विजिटिंग प्रोफेसर, सलाहकार और बोर्ड सदस्य के रूप में योगदान देना जारी रखा है। हाल ही में कंपनी ने घोषणा की थी कि उसे ईस्टर्न रेलवे जोन के मालदा डिवीज़न से ईस्टर्न रेलवे के मालदा मंडल के अभयपुर स्टेशन पर सीआईबी के प्रोविज़न हेतु स्वीकृति पत्र मिला है।

हाल ही में, कंपनी को अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत 14 स्टेशंस को पीएफ से जोड़ने के लिए 12 मीटर चौड़ा फुट ओवरब्रिज देने के संबंध में दूरसंचार सामग्री की सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग हेतु वेस्टर्न रेलवे ज़ोन के रतलाम डिवीज़न से स्वीकृति पत्र मिला।

एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड 1988 से एलईडी वीडियो डिस्प्ले, हाई-एंड इलेक्ट्रॉनिक और टेलीकम्युनिकेशन इक्विपमेंट और टेलीकॉम सॉफ्टवेयर के डिज़ाइन, डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग में एक ग्लोबल लीडर है। यह एक आईएसओ 9001-2008 और आईएसओ 14001-2004 प्रमाणित कंपनी है, इसने एलईडी वीडियो, ग्राफिक्स और टेक्स्ट डिस्प्ले, एलईडी लाइटिंग सॉल्यूशंस, एंबेडेड, सिस्टम और टेलीकॉम सॉफ्टवेयर और कम्युनिकेशंस और इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स की डायनामिक फील्ड्स में एक मज़बूत उपस्थिति स्थापित की है।

एमआईसी के प्रमुख प्रोडक्ट्स, एलईडी वीडियो डिस्प्ले (इनडोर, आउटडोर और मोबाइल), स्पोर्ट्स स्टेडियम्स, ट्रांसपोर्टेशन हब, डिजिटल थिएटर्स, थीम पार्क्स, एडवर्टाइजमेंट और पब्लिक इन्फॉर्मेशन डिस्प्ले का अभिन्न अंग बन गए हैं। भारत के सबसे तेजी से बढ़ते आईटी शहरों में से एक, हैदराबाद में इसका मुख्यालय है, एमआईसी की भारत के सभी प्रमुख महानगरीय क्षेत्रों में मार्केटिंग, सेल्स और सर्विस सपोर्ट सेंटर्स के विशाल नेटवर्क के माध्यम से देशव्यापी उपस्थिति है। कंपनी अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में भी अपने ऑपरेशंस का विस्तार कर रही है ।

## 1000 करोड़ रुपये का रक्षा मंत्रालय से मिला ऑर्डर, रॉकेट से भागे जहाज कंपनी के शेयर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** जहाज बनाने वाली कंपनी कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के शेयरों में रॉकेट सी तेजी आई है। कोचीन शिपयार्ड के शेयर सोमवार को बीएसइ में 5 पर्सेंट की तेजी के साथ 1655.75 रुपये पर पहुंच गए हैं। मिनी रत्न कंपनी के शेयरों में यह तेजी डिफेंस मिनिस्ट्री से एक बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिलने के बाद आई है। कोचीन शिपयार्ड ने रक्षा मंत्रालय के साथ 1000 करोड़ रुपये के एक कॉन्ट्रैक्ट पर दस्तखत किए हैं। पिछले 5 दिन में जहाज कंपनी के शेयरों में 15 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। कोचीन शिपयार्ड को मिला यह कॉन्ट्रैक्ट एक बड़े इंडियन नेवल वेसेल के शॉर्ट रेफिट और ड्राई डॉकिंग के लिए है। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित अवधि करीब 5 महीने है। कोचीन शिपयार्ड ने यह स्पष्ट किया है कि यह ऑर्डर रिलेटेड पार्टी ट्रांजैक्शंस के तहत नहीं आता है। मिनी रत्न कंपनी कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने हाल में सीट्रियम लेटर्न्यू यूएसए इंक के साथ एक समझौता किया है। यह एमओयू इंडियन मार्केट में जैक-अप रिग्स के डिजाइन और क्रिटिकल इक्विपमेंट के लिए है।

अंडर-19 एशिया कप

# भारतीय कप्तान मोहम्मद अमान ने ठोका दमदार शतक

## जापानी टीम का मार-मारकर तेल निकाल दिया

**शारजाह (एजेंसी)।** भारतीय अंडर 19 टीम के कप्तान मोहम्मद अमान ने जापान के खिलाफ कमाल कर दिया। उन्होंने एसीसी अंडर 19 एशिया कप में गजब का शतक ठोका। अमान ने 106 बॉल पर अपना शतक पूरा किया। अमान 81 रन पर 2 विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे। उन्होंने काफी समझदारी के साथ बल्लेबाजी की। अमान ने प्रोपर क्रिकेटिंग शॉट्स खेले और रन बनाने में कोई भी जल्दबाजी नहीं की। जब वह एक बार सेट हो गए। उसके बाद उन्होंने अपने असली रंग दिखाए।18 साल के मोहम्मद अमान अंत तक नाबाद रहे और उन्होंने 103 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 118 गेंद में नाबाद 122 रन बनाए। अपनी पारी के दौरान अमान ने 7 चौके लगाए। वह भारत की ओर से सर्वाधिक

### भारत ने जापान को दिया 340 रनों का लक्ष्य



रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। जापान अंडर 19 क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया था। ऐसे में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरे 50 ओवर खेले और 6 विकेट पर 339 रन ठोक दिए। यह इस अंडर 19 एशिया कप के एडिशन में किसी भी टीम द्वारा सबसे बड़ा स्कोर है।

**आयुष म्हात्रे ने भी ठोकी तूफानी फिफ्टी** – भारत के ओपनर आयुष म्हात्रे ने 27 गेंद पर इस मैच में अपना अर्धशतक (54 रन) पूरा किया था। आयुष ने अपनी पारी में 6 चौके और 4 छक्के भी लगाए थे। केपी कार्तिक्ये ने भी मिडिल ऑर्डर में आकर अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने 49 गेंद में 57 रन बनाए। इस एशिया कप का यह सबसे तेज अर्धशतक था। हालांकि वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर बड़ी पारी खेलने में फ्लॉप हो गए। उनको स्टार्ट तो अच्छा मिला था। लेकिन वह उसको बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए और सिर्फ 23 रन के स्कोर पर आउट हो गए। जापान को भारत ने 340 रन का बड़ा टारगेट दिया है।

# शोएब अख्तर ने भारत को लेकर उगला जहर

## वहीं उन्हें मारके आओ... भारत के लिए शोएब के बिगड़े बोल, रोहित सेना देगी मुंहतोड़ जवाब

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर हो रहे पूरे मामले में पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर खुश नहीं हैं। हालांकि सब देशों में सहमति बन गई है कि टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल में खेला जाएगा, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इसे मंजूरी देने के लिए कुछ शर्तें रखी हैं। पीसीबी इस टूर्नामेंट को पूरे पाकिस्तान में ही कराना चाहता था, लेकिन आईसीसी के साथ हुई हालिया बैठक के बाद उनका रुख नरम पड़ गया है। वहीं पीसीबी अब ये मांग कर रहा है कि भारत में होने वाले सभी आईसीसी इवेंट्स भी हाइब्रिड मॉडल में ही खेले जाएं। अख्तर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की इस बात से सहमत हैं कि चूंकि टूर्नामेंट अब हाइब्रिड मॉडल में होगा तो पाकिस्तान को ज्यादा रेवेन्यू मिलना चाहिए। मगर, वो इस बात से सहमत नहीं हैं कि पाकिस्तान भविष्य के आईसीसी इवेंट्स के लिए भारत का दौरा न करे।



### शोएब अख्तर ने क्या कहा?

शोएब अख्तर का कहना है कि, आपको होस्टिंग राइट्स और रेवेन्यू मिल रहा है, ये ठीक है। पाकिस्तान की मांग भी वाजिब है। उन्हें मजबूत रुख बनाए रखना चाहिए था। अगर हम अपने देश में चैंपियंस ट्रॉफी करा पा रहे हैं और वो (भारतीय टीम) आने को तैयार नहीं हैं, तो उन्हें ज्यादा रेवेन्यू शेयर करना चाहिए। ये अच्छी मांग है। लेकिन, अख्तर ये भी मानते हैं कि पीसीबी को पाकिस्तान की टीम को भविष्य के आईसीसी इवेंट्स के लिए भारत भेजना चाहिए। शोएब अख्तर ने आगे कहा, भविष्य में भारत में खेलने के मामले में, हमें दोस्ती का हाथ बढ़ाना चाहिए और वहां जाना चाहिए। मेरा हमेशा से यही मानना रहा है कि भारत जाओ और उन्हें वहीं हराओ।

आईपीएल 2025

# नीलामी से हमें सही मिश्रण मिला, मुंबई कप्तान हार्दिक पांड्या

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि वह जेद्दा में हाल ही में हुई मेगा नीलामी से जिन खिलाड़ियों को चाहते थे, उनके बारे में कोचिंग स्टाफ के साथ करीबी संपर्क में थे और उन्हें लगा कि 2025 सीजन के लिए टीम वास्तव में अच्छी निकली है। पिछले महीने की नीलामी में एमआई ने ट्रेंट बोल्ट, विल जैक्स, रयान रिकलेटन, मिशेल सेंटनर, लिजाद विलियम्स और रीस टॉपले जैसे अनुभवी विदेशी खिलाड़ियों के साथ-साथ दीपक चाहर, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, राज अंगद बावा जैसे भारतीय खिलाड़ियों को भी शामिल किया। उन्होंने अल्लाह गजनफर, बेवॉन जैकब्स, विग्नेश पुथुर और वेंकट सत्यनारायण राजू जैसे कम प्रसिद्ध खिलाड़ियों को भी शामिल किया। हार्दिक ने मुंबई के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, मैं संपर्क में था, हम वास्तव में किसके लिए जा रहे हैं और मुझे लगता है कि हम नीलामी से काफी अच्छे निकले हैं और टीम अच्छी दिख रही है। हमने सही मिश्रण पाया है, जिसमें अनुभवी खिलाड़ी हैं। बौल्टी वापस आ गए हैं, दीपक चाहर, जो ऑलराउंडर हैं, और साथ ही विल जैक्स, रॉबिन मिंज और रिकेल्टन जैसे युवा खिलाड़ी, जो नए हैं। इसलिए मुझे लगता है कि हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। हमने सभी आधारों को कवर किया है।



उन्होंने नीलामी की रोलरकोस्टर प्रकृति पर भी बात की, जो एक आईपीएल सीजन के लिए टीम बनाने में एक बड़ी भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा, नीलामी की गतिशीलता हमेशा मुश्किल होती है। आप जानते हैं कि जब आप इसे लाइव देख रहे होते हैं, तो यह बहुत रोमांचक होता है और भावनाएं हमेशा ऊपर-नीचे होती रहती हैं क्योंकि आप इस खिलाड़ी को चाहते हैं लेकिन कभी-कभी आप हार जाते हैं। बहुत भावुक न होना बहुत महत्वपूर्ण है, और अंत में हमें एक पूरी टीम बनानी होगी।

# वॉर्म-अप मैच से हम जो चाहते थे हमें मिल गया: रोहित शर्मा

**कैनबरा (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री को हराने के बाद वॉर्म-अप गेम के समय में कटौती से खुश हैं। रविवार को मनुका ओवल में इलेवन ने छह विकेट से जीत दर्ज की। दो दिवसीय गुलाबी गेंद वाले मैच का शुरुआती दिन बारिश के कारण धुल गया और मुकाबले के दूसरे दिन अधिक बारिश के कारण मैच को प्रति पक्ष 46 ओवर का कर दिया गया। बाएं अंगूठे की चोट के कारण पहला टेस्ट न खेलने के बाद शुभमान गिल ने अर्धशतक बनाया और रोहित की वापसी के बावजूद यशस्वी जयसवाल और केएल राहुल ने सलामी बल्लेबाज के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा, भारत ने एडिलेड में गुलाबी गेंद से शुरू होने वाले टेस्ट से पहले सभी बॉक्सों पर टिक कर दिया।

# बुमराह महानतम तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में जाने जाएंगे: ट्रैविस हेड

**एडिलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड को लगता है कि जसप्रीत बुमराह इस खेल के महानतम तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में जाने जाएंगे और उन्होंने कहा कि वह बड़े गर्व से अपने पोते-पोतियों को भारतीय तेज गेंदबाज का सामना करने की कठिन चुनौती के बारे में बताएंगे। बुमराह ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारत यह मैच 295 रन से जीतने में सफल रहा।

हेड ने कहा, 'जसप्रीत को शायद इस खेल को खेलने वाले सबसे महान तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में जाना जाएगा। अभी हम यह पता लग रहे हैं कि वह हमारे लिए कितना चुनौती पूर्ण हो सकता है। उसके खिलाफ खेलना अच्छा है। जब मैं भविष्य में अपने करियर पर नजर डालूंगा तो बड़े गर्व से अपने पोते पोतियों को बताऊंगा कि मैंने उनका



सामना किया था। इसलिए उनके खिलाफ खेलना बुरा नहीं है। उम्मीद है मुझे आगे भी उनके खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा लेकिन उनका सामना करना चुनौती पूर्ण है।

हेड पर्थ में अर्धशतक बनाने वाले एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज थे। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ, उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, लेकिन मध्यक्रम के इस विस्फोटक बल्लेबाज को यकीन है कि उनके साथी टिप्स के लिए उनसे संपर्क नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, 'यह निश्चित है कि वे मुझसे बल्लेबाजी के टिप्स नहीं लेंगे। प्रत्येक खिलाड़ी का खेलने काअपना तरीका होता है।

दोनों टीमें अब शुक्रवार से एडिलेड में उसी स्थान पर गुलाबी गेंद का टेस्ट खेलेंगी जहां भारत 2020 में 36 रन पर आउट हो गया था। हेड ने उस मैच को याद करते हुए कहा, 'मुझे याद है कि वह मैच जल्दी समाप्त हो गया था। हमने उस मैच का भरपूर आनंद लिया था। फिर से ऐसा करना अच्छा होगा लेकिन मुझे नहीं लगता कि अगले मैच में ऐसा होगा।

हेड ने इसके साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलिया की संघर्षरत बल्लेबाजी और गेंदबाजी इकाई के बीच किसी तरह का मतभेद नहीं है। पहले टेस्ट के दौरान जोश हेज़लवुड की एक टिप्पणी के बाद टीम के भीतर संभावित मतभेद की आशंका व्यक्त की जाने लगी थी। उन्होंने कहा, 'हमें दोनों विभाग (बल्लेबाजी और गेंदबाजी) से काफी उम्मीदें हैं और यह एक बहुत ही व्यक्तिगत खेल है। बल्लेबाजी में हम मजबूत पकड़ बनाना चाहते हैं और हम जानते हैं कि हमारे गेंदबाजों ने अतीत में कितना अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने हमें कई बार परेशानियों से बाहर निकाला है।

हेड को पूरा विश्वास है कि पहले टेस्ट में करारी हार के बावजूद उनकी टीम वापसी करने में सफल रहेगी। उन्होंने कहा, 'हमारी टीम प्रतिकूल परिस्थितियों से अच्छी तरह से निपटी है। पिछले तीन या चार वर्षों में हमने हर चुनौती का अच्छी तरह से सामना किया है। पिछले कुछ वर्षों में कई टीम ने पहला टेस्ट मैच हारने के बाद अच्छी वापसी की और वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया।

# रेफरी के निर्णय से शुरू हुआ विवाद, फुटबॉल प्रशंसकों के बीच झड़प में 100 लोगों की मौत



**गिनी (एजेंसी)।** गिनी के दूसरे सबसे बड़े शहर एन-जेरेकोर में फुटबॉल मैच के दौरान प्रशंसकों के बीच झड़प के बाद रविवार को 100 से अधिक लोग मारे गए। एक डॉक्टर ने बताया, अस्पताल में जहां तक ??नजर जाती है, शवों की कतार लगी हुई है। अन्य लोग फर्श पर पड़े हैं। मुर्दाघर भरा हुआ है। डॉक्टर ने बताया कि करीब 100 लोग मारे गए हैं, स्थानीय सुविधाओं में हताहतों की संख्या बहुत अधिक है। एक दूसरे मेडिकल प्रोफेशनल ने पुष्टि की कि दर्जनों लोग मारे गए हैं। सोशल मीडिया फुटेज में मैच स्थल के बाहर अराजक सड़क दृश्य और मैदान पर कई हताहत दिखाई दे रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने एनजेरेकोर पुलिस स्टेशन को क्षतिग्रस्त कर दिया और आग लगा दी। सुरक्षा चिंताओं के कारण एक व्यक्ति ने पहचान छिपाते हुए बताया, यह सब रेफरी के विवादित निर्णय से शुरू हुआ। फिर प्रशंसकों ने पिच पर हमला कर दिया।

यह मैच कथित तौर पर गिनी के जुंटा नेता मामादी डौम्बौया के सम्मान में आयोजित एक टूर्नामेंट का हिस्सा था, जिन्होंने 2021 में तख्तापलट के जरिए सत्ता संभाली थी और खुद को राष्ट्रपति घोषित किया था। इस तरह के टूर्नामेंट गिनी में अक्सर होते रहते हैं क्योंकि डौम्बौया आगामी राष्ट्रपति चुनावों में भाग लेने पर विचार कर रहे हैं जबकि राजनीतिक गठबंधन विकसित हो रहे हैं।

डौम्बौया ने सितंबर 2021 में राष्ट्रपति अल्फा कोंडे को पदच्युत करके बलपूर्वक नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया जिन्होंने पहले इस तरह के अधिग्रहण से बचाने के लिए तत्कालीन कर्नल को नियुक्त किया था। अंतरराष्ट्रीय मांगों के बाद उन्होंने 2024 के अंत तक नागरिक सत्ता हस्तांतरण के लिए प्रतिबद्धता जताई, हालांकि उन्होंने तब से इस रुख को बदल दिया है। जनवरी में उन्होंने 'असाधारण रूप से' खुद को लेफ्टिनेंट जनरल के पद पर पदोन्नत किया, उसके बाद अगले महीने सेना के जनरल के पद पर खुद को पदोन्नत किया।

उनके नेतृत्व में विपक्ष को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें कई नेताओं को कैद किया गया, उन पर मुकदमा चलाया गया या उन्हें निर्वासित किया गया। तख्तापलट के बाद जुंटा के 'संक्रमणकालीन चार्टर' ने अपने सदस्यों को राष्ट्रीय या स्थानीय चुनावों में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया। हालांकि डौम्बौया के समर्थक अब उनके राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की वकालत कर रहे हैं। अधिकारियों ने हाल ही में घोषणा की है कि संवैधानिक व्यवस्था बहाली के लिए चुनाव 2025 में होंगे।

प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों के बावजूद गिनी आर्थिक रूप से वंचित बनी हुई है। राष्ट्र ने दशकों तक सत्तावादी शासन का अनुभव किया है। डौम्बौया उन अन्य सैन्य नेताओं में शामिल हो गए हैं जिन्होंने 2020 से पश्चिम अफ्रीका में नियंत्रण हासिल कर लिया है जिनमें माली, बुर्किना फासो और नाइजर शामिल हैं।

# सिराज ने फॉर्म में वापसी का श्रेय भरत अरुण और मोर्ने मोर्कल को दिया, मिली थी ये सलाह

**पर्थ (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज एक बार फिर फॉर्म में वापस आ गए हैं। इस तेज गेंदबाज ने पर्थ टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह का बेहतरीन साथ दिया जिसकी बदौलत भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का अपना पहला टेस्ट मैच 295 रनों से जीता। बुमराह के अलावा, सिराज ने अपनी शानदार लेंथ और स्टंप्स को निशाना बनाने की अपनी क्षमता से प्रभावित किया। भारत के तेज गेंदबाज ने अपनी फॉर्म में वापसी का श्रेय भरत अरुण और मोर्ने मोर्कल को दिया और भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले उनके साथ हुई बातचीत का खुलासा किया। इस साल सिराज के लिए लाल गेंद के प्रारूप में चीजें इतनी अच्छी नहीं रहीं। जनवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में खराब प्रदर्शन के बाद तेज गेंदबाज को एक मैच के लिए आराम दिया गया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में, सिराज को एक बार फिर पुणे में बेंच पर बैठाया गया और उन्होंने 2 मैचों में केवल 2 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ भारत के गुलाबी गेंद से अभ्यास मैच के बाद सिराज ने कहा कि अब उन्हें टेस्ट मैचों में गेंदबाजी करना अच्छा नहीं लग रहा है। तेज गेंदबाज ने अपनी खराब फॉर्म के बारे में बताया और कहा कि चूंकि भारत में अधिकांश ओवर स्पिनरों द्वारा फेंके जाते थे इसलिए वह विकेट नहीं ले पाने के कारण निराश हो रहे थे। सिराज ने कहा, मुझे लग रहा था कि मैं अपनी गेंदबाजी का आनंद नहीं ले पा रहा हूं। एक व्यक्ति के तौर पर मैं ऐसा व्यक्ति हूं जिसे अपनी गेंदबाजी का आनंद लेने पर एक अलग एहसास होता है, भले ही मुझे विकेट न मिल रहे हों। और अब जब मुझे विकेट नहीं मिल रहे थे, तो मैं इस बात पर गहराई से विचार करने लगा कि मुझे विकेट क्यों नहीं मिल रहे हैं।



जीत

देवांक और अयान के अलावा उसके लिए दीपक ने पांच और अंकित ने तीन अंक जुटाए जबकि बंगाल के लिए स्टार रेडर ...

# पीकेएल-11: पटना पाइरेट्स ने बंगाल वारियर्स को रोमांचक मुकाबले में हराया, प्वाइंट टेबल में लगाई छलांग

नोएडा,एजेंसी। देवांक (13) और अयान (8) के शानदार खेल की बदौलत तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेटस ने प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 88वें मैच में बंगाल वारियर्स को 38-35 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही पटना अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। पटना को 15 मैचों में नौवीं जीत मिली है। देवांक और अयान के अलावा उसके लिए दीपक ने पांच और अंकित ने तीन अंक जुटाए जबकि बंगाल के लिए स्टार रेडर मनिंदर सिंह ने सुपर-10 लगाया। नितिन ने भी 6 अंक लिए जबकि डिफेंस से सागर ने चार अंक बनाए। बंगाल ने मनिंदर के शानदार रेड्स की बदौलत शुरूआती चार मिनट में 5-4 की लीड बना ली थी लेकिन मयूर कदम को आउट कर देवांक ने स्कोर 5-5 कर दिया और फिर अंकित ने मनिंदर को लपक पटना को 6-5 से आगे कर दिया।

इसके बाद दोनों टीमों को 2-2 अंक मिले और फिर फजल ने अयान का शिकार कर



8वें मिनट में स्कोर 8-8 कर दिया। देवांक ने हालांकि फजल को आउट कर अपने साथी का हिसाब बराबर किया और फिर रिवाइव होकर आए अयान ने सिद्देश को आउट कर 10वें मिनट की समाप्ति तक पटना को 11-9 से आगे कर दिया। अब बंगाल के लिए सुपर टैकल आन था लेकिन प्रणय ने दो अंक की रेड के साथ न सिर्फ इस स्थिति को टाला बल्कि स्कोर भी 11-11 कर दिया। फिर सागर ने देवांक को टैकल कर बंगाल को लीड दिला दी। हालांकि पटना ने फिर स्कोर 13-13 से बराबर कर लिया। सिद्देश ने हालांकि सुधाकर को आउट कर पटना के लिए



सुपर टैकल आन कर दिया। शुभम ने मनिंदर को डू ओर डाई रेड पर मनिंदर को लपक इसका फायदा उठाया और पटना को 15-14 से आगे कर दिया।

बंगाल ने इसके बाद फासला 1 का किया लेकिन देवांक ने मल्टी प्वाइंट रेड के साथ हाफटाइम तक पटना को 19-15 से आगे कर दिया। फिर देवांक ने हाफटाइम के बाद सुपर रेड के साथ 22-17 किया और बंगाल को आलआउट की ओर धकेल दिया। और फिर इसे अंजाम देकर 27-18 की लीड ले ली। आलइन के बाद पटना ने 2 के मुकाबले 3 अंक लेकर 10 अंक का फासला बनाए रखा। और फिर इसे 11 तक पहुंचाते हुए बंगाल को सुपर टैकल सिचुएशन में डाल दिया। सागर ने हालांकि देवांक को सुपर टैकल कर फासला थोड़ा कम किया। फिर फजल ने देवांक का सुपर टैकल कर 30 मिनट की समाप्ति तक स्कोर 25-33 कर दिया।

बंगाल की टीम सुपर टैकल के दम पर मैच में बनी हुई थी। मयूर ने अयान के खिलाफ एक और सुपर टैकल के साथ स्कोर 27-34 किया और फिर विश्वास ने अकरम और दीपक को बाहर कर फासला 5 का कर दिया। पटना ने हालांकि 8 अंक की लीड के साथ अपनी स्थिति मजबूत की। यहां से पटना की जीत तय लग रही थी। मनिंदर और सागर ने हालांकि इसके बाद कुछ अंक लेकर फासला 3 का किया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और बंगाल अपना हार का सिलसिला नहीं तोड़ सकी और सीजन की नौवीं हार को मजबूर हुई।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 03 दिसंबर, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### इजरायल रक्षा बलों ने सीरिया के ऊपर ईरानी विमान को रोका, वापस भेजा

यरूशलम, एजेंसी। इजरायल की वायुसेना ने सीरियाई हवाई क्षेत्र में उड़ रहे ईरानी विमान को रोका और उसे वापस लौटने को मजबूर कर कर दिया है, उन्हें संदेह था कि वह लेबनानी आंदोलन हिजबुल्लाह के लिए हथियार ले जा रहा है। टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि ईरानी विमान संदेश प्राप्त करने के कुछ समय बाद उसने अपना रास्ता बदल दिया था। यह घटना शनिवार देर रात की है। अखबार ने उल्लेख किया कि इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हाल के महीनों में सीरिया और इराक के हवाई क्षेत्र में उड़ रहे ईरानी विमानों को बार-बार वापस लौटने के लिए मजबूर किया है, क्योंकि उन्हें संदेह था कि वे हिजबुल्लाह के लिए हथियार ले जा रहे हैं। गौरतलब है कि लगभग 14 महीने तक लगातार तनाव बढ़ने के बाद 27 नवंबर की रात को अमेरिकी समझौता योजना के अनुसार, इजरायल और लेबनान के बीच युद्ध विराम पर सहमति बनी है। समझौते को मंजूरी दिए जाने से पहले, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए, उत्तरी मोर्चे पर युद्ध विराम की जरुरत के बारे के समझाया। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि हिजबुल्लाह की ओर से युद्ध विराम के किसी भी उल्लंघन की स्थिति में इजरायल फिर से इसका मुंह तोड़ जवाब देगा। अमेरिका की ओर से प्रस्तावित समझौता योजना के अनुसार, अगले 60 दिनों में लेबनानी सेना को देश के दक्षिण में क्षेत्रों पर कब्जा करना चाहिए और हिजबुल्लाह बलों तथा बुनियादी ढांचे को लिटानी नदी के उत्तर में वापस ले जाना चाहिए। लिटानी नदी इजरायल विभिन्न स्थानों पर उसकी सीमा से 20-30 किलोमीटर दूर बहती है।

### आतंकी संगठनों के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ेगा सीरिया : ईरानी विदेश मंत्री से बोले राष्ट्रपति असद

दमिश्क। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने आतंकवादी संगठनों से पूरी ताकत और दृढ़ संकल्प के साथ लड़ने का संकल्प लिया। असद ने इस बात पर जोर दिया कि विद्रोहियों के खिलाफ सीरिया की लड़ाई ना केवल राष्ट्रीय हितों बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भी जरुरी है। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ ने सरकारी समाचार एजेंसी सना के हवाले से बताया कि असद ने अराघची से कहा, ह्यआतंकवाद का सामना करना, इसकी संरचना को खत्म करना और इसके स्रोतों को खत्म करना पूरे क्षेत्र के लिए फायदेमंद है। सीरियाई राष्ट्रपति ने विदेशी समर्थित आतंकवादी हमलों का मुकाबला करने में सहयोगियों से समर्थन को महत्वपूर्ण माना। अराघची ने ईरानी नेतृत्व की तरफ से समर्थन का संदेश दिया। इसमें सीरिया की क्षेत्रीय अखंडता के प्रति ईरान की प्रतिबद्धता और चल रहे संघर्ष में व्यापक समर्थन प्रदान करने की उसकी तत्परता को जाहिर किया गया। अराघची की यात्रा बढ़ते तनाव के बीच हुई है। सीरियाई सैन्य बल विद्रोही समूहों के खिलाफ महत्वपूर्ण युद्ध अभियानों में लगे हुए हैं। इसके अलावा रविवार को, सीरियाई सरकार ने अलेप्पो की स्थिति पर एक असाधारण सत्र बुलाया था। इसमें राज्य संस्थानों के सामने मौजूदा चुनौतियों को स्वीकार किया गया। सरकार ने एक बयान में कहा, परिस्थितियां कठोर और मुश्किल थीं। विदेशी देशों और वैश्विक खुफिया एजेंसियों की तैयारियों के साथ-साथ (विद्रोही समूहों को) असीमित धन और समर्थन के कारण शुरुआत में स्थिति से निपटना मुश्किल हो गया। सरकार ने अलेप्पो में घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखने का वादा किया है। इसके अलावा प्रत्येक मंत्री को अपने अधिकार क्षेत्र में राज्य संस्थाओं की देखरेख करने की जिम्मेदारी दी गई है। जिससे कि जरूरी फैसले जल्द लिए जा सके।

### सीरियाई सरकार के हाथ से गया अलेप्पो, शहर का बड़ा हिस्सा हयात तहरीर अल-शाम के नियंत्रण में

दमिश्क, एजेंसी। लंबे समय से गृह युद्ध से जूझ रहे सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार अपने प्राचीनतम शहर अलेप्पो शहर को नहीं बचा पाई। सीरियाई सरकारी बलों और रूस के तोपखाने भी अल-कायदा समर्थित हयात तहरीर अल-शाम के लड़ाकों को पीछे नहीं धकेल सके। लड़ाकों ने शहर के बड़े हिस्से में नियंत्रण कर लिया। सीरियाई सरकारी बलों के एक करीबी सूत्र ने अरबी समाचार वेबसाइट '963+' से पुष्टि की कि रूस ने देश के पूर्व के डेर एज-जोर गवर्नरेट में तैनात अपने सभी बलों को हटला शहर में अपने बेस पर वापस बुला लिया है। अब अल-सलीहिया, खशम, मराट, ताबिया और सात गांवों में रूसी बल का एक भी सदस्य नहीं है। मजलूम और अल-हुसैनियाह जरूर अभी सरकारी बलों के नियंत्रण में हैं। इस बीच रूस ने फराद नदी के दो किनारों पर पुल का निर्माण शुरू किया है।

# बाइडन ने अपने बेटे हंटर को माफी दी, कहा- आरोप राजनीति से प्रेरित थे

**बाइडन ने रविवार रात को एक बयान में कहा, अपने पूरे करियर में मैंने एक ही सिद्धांत का पालन किया है: अमेरिकी लोगों को सच बताएं। वे निष्पक्ष होकर सोचेंगे। सच यह है कि मैं न्याय प्रणाली में विश्वास करता हूं, लेकिन मैं इससे जूझ चुका हूं और मुझे यह भी लगता है कि अनुभवहीन राजनीति ने इस प्रक्रिया को संक्रमित कर दिया है जिससे न्याय का उपहास हुआ है। मैंने इस सप्ताहांत इस आशय का निर्णय लिया, ऐसे में इसमें देरी करने का कोई मतलब नहीं था।**

प्रात: किरण /एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने बेटे हंटर बाइडन के लिए रविवार को एक पूर्ण एवं बिना शर्त माफी जारी करते हुए कहा कि उन्हें सिर्फ इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि वह उनके बेटे हैं। बाइडन ने रविवार रात को एक बयान में कहा, अपने पूरे करियर में मैंने एक ही सिद्धांत का पालन किया है: अमेरिकी लोगों को सच बताएं। वे निष्पक्ष होकर सोचेंगे। सच यह है कि मैं न्याय प्रणाली में विश्वास करता हूं, लेकिन मैं इससे जूझ चुका हूं और मुझे यह भी लगता है कि अनुभवहीन राजनीति ने इस प्रक्रिया को संक्रमित कर दिया है जिससे न्याय का उपहास हुआ है। मैंने इस सप्ताहांत इस आशय का निर्णय लिया, ऐसे में इसमें देरी करने का कोई मतलब नहीं था।

बाइडन ने अपने परिवार के सदस्यों के लाभ के लिए राष्ट्रपति पद की असाधारण शक्तियों का उपयोग नहीं करने के अपने पिछले वादों को पलटते हुए, रविवार रात बेटे हंटर को माफ कर दिया, जिससे वह संघीय गुंडागर्दी बंदूक और कर दोषों के लिए संभावित जेल की सजा से बच गये।

हंटर बाइडन को इस वर्ष की शुरूआत में संघीय बंदूक और कर आरोपों में दोषी ठहराया गया था तथा उन्हें जल्द कैलिफोर्निया के डेलन में पेश होना था, जहां उन्हें लंबी, जेल की सजा हो सकती थी। जो बाइडन ने कहा, ह्यह्यजिस दिन से मैंने पदभार संभाला है, मैंने यही कहा था कि मैं न्याय विभाग के निर्णय में हस्तक्षेप नहीं करूंगा और मैंने अपना वचन निभाया। मैंने यह भी देखा कि मेरे बेटे पर चुनिंदा और अनुचित तरीके से मुकदमा चलाया जा रहा है। डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति ने पहले कहा था कि वह अपने बेटे को डेलावेयर और कैलिफोर्निया के दो मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद उसे माफ नहीं करेंगे या उसकी सजा कम नहीं करेंगे। यह कदम हंटर बाइडन को बंदूक मामले में अपने मुकदमे की सजा और कर आरोपों पर दोष की स्वीकारोक्ति के बाद सजा मिलने से पहले और राष्ट्रपति पद के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस में लौटने से दो महीने से भी कम समय पहले आया है।

राष्ट्रपति ने कहा, अपराध में इस्तेमाल, किसी के नाम पर एक या कई हथियार खरीदने जैसे गंभीर कारकों के बिना किसी पर सिर्फ इस आधार पर गुंडागर्दी के आरोपों में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता कि उन्होंने बंदूक का फॉर्म कैसे भरा। जो लोग नशे की गंभीर लत के कारण अपने करों का भुगतान करने में देरी करते हैं, लेकिन बाद में ब्याज और दंड के साथ उन्हें वापस कर देते हैं, उन्हें आम तौर पर गैर-आपराधिक समाधान दिए जाते हैं। यह स्पष्ट है कि हंटर के साथ अलग व्यवहार किया गया। यह राष्ट्रपति के बेटे के लिए लंबे समय से चल रही कानूनी प्रक्रिया का समापन है, जिन्होंने दिसंबर 2020 में सार्वजनिक रूप से खुलासा किया था कि वह संघीय जांच के दायरे में हैं। एक माह बाद ही बाइडन ने राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता था।

उन्होंने कहा, हंटर को तोड़ने की कोशिश की गई, जो पिछले साढ़े पांच साल से यहां तक कि लगातार हमलों और चुनिंदा अभियोजन के बावजूद शांत है। हंटर को तोड़ने की कोशिश में उन्होंने मुझे तोड़ने की कोशिश की और यह मानने का कोई कारण नहीं है कि यह सब यहीं थम जाएगा। अब बहुत हो गया। जून में बाइडन ने बेटे को माफी देने से साफ इनकार करते हुए पत्रकारों से कहा था कि उनके बेटे के खिलाफ डेलावेयर बंदूक मामले में सुनवाई जारी है और मैं अदालत के फैसले का सम्मान करूंगा, मैं उसे (बेटे को) माफ नहीं करूंगा। हाल में राष्ट्रपति पद के चुनाव में ट्रंप की जीत के कुछ दिनों बाद आठ नवंबर को व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने हंटर बाइडन के लिए माफी या क्षमादान की संभावना को खारिज करते हुए कहा था, हमसे यह सवाल कई बार पूछा गया है। हमारा जवाब वही है, जो कि नहीं है। रविवार शाम को जारी एक बयान में, बाइडन ने कहा, आज, मैंने अपने बेटे हंटर के लिए क्षमादान पत्र पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके बेटे के खिलाफ मुकदमा राजनीति से प्रेरित था और न्याय का उपहासथा।

बाइडन ने कहा, ह्यह्यउसके मामलों में आरोप तभी लगे जब कांग्रेस में मेरे कई राजनीतिक विरोधियों ने उसे मुझ पर हमला करने और मेरे चुनाव का विरोध करने के लिए उकसाया। उन्होंने कहा हंटर के मामलों के तथ्यों को देखने वाला कोई भी समझदार व्यक्ति किसी अन्य निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकता है, सिवाय इसके कि हंटर को केवल इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि वह मेरा बेटा है। बाइडन ने कहा, ह्यह्यमुझे उम्मीद है कि अमेरिकी समझेंगे कि एक पिता और एक राष्ट्रपति इस निर्णय पर क्यों पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने यह निर्णय इस सप्ताहांत लिया। राष्ट्रपति ने हंटर और उनके परिवार के साथ मैसाचुसेट्स के नानकुट में थैंक्सगिविंग की छुट्टियां बिताई थीं। हंटर को जून में डेलावेयर संघीय अदालत में 2018 में बंदूक खरीदने को लेकर लगाए गए तीन आरोपों में दोषी ठहराया गया था। अभियोजकों ने कहा था कि उसने संघीय फॉर्म पर झूठ बोला था कि वह अवैध रूप से मादक पदार्थ का उपयोग नहीं कर रहा था या उसका आदी नहीं था। सितंबर में कैलिफोर्निया मामले में उस पर मुकदमा चलाया जाना था, जिसमें उस पर कम से कम 14 लाख डॉलर का कर चुकाने में विफल रहने का आरोप लगाया गया था। लेकिन जूरी का चयन शुरू होने के कुछ घंटों बाद ही हंटर ने आश्चर्यजनक रूप से आरोपों को स्वीकार कर लिया। हंटर ने कहा कि अपने परिवार को और अधिक पीड़ा और शर्मिंदगी से बचाने के लिए उस मामले में उसने अपना दोष स्वीकार किया क्योंकि बंदूक वाले मुकदमे में कोकीन की लत को लेकर उसके बारे में बहुत कुछ कहा गया था। हंटर को कर के मामले में 17 साल तक की और बंदूक के मामले में 25 साल तक की जेल हो सकती है। हालांकि संघीय सजा के दिशानिर्देशों के अनुसार, हंटर को बहुत कम समय की सजा की उम्मीद थी और यह भी संभव था कि वह पूरी तरह से जेल जाने से बच जाए।

हंटर ने एक ईमेल के जरिये दिए बयान में कहा कि वह कभी भी उन्हें दी गई राहत को हल्के में नहीं लेंगे। उन्होंने अपने जीवन को सही तरीके से गुजारने तथा उनके लिए समर्पित करने का संकल्प लिया है जिन्हें उनकी जरूरत है। हंटर ने कहा मैंने अपनी लत के सबसे बुरे दिनों के दौरान अपनी गलतियों को स्वीकार किया है और उनकी जिम्मेदारी ली है झ ऐसी गलतियां जिनका इस्तेमाल मुझे और मेरे परिवार को राजनीतिक खेल के लिए सार्वजनिक रूप से अपमानित करने और शर्मिंदा करने के लिए किया गया है।

## यूक्रेन को परमाणु हथियार लौटाने पर विचार नहीं कर रहा: व्हाइट हाउस

प्रात: किरण /एजेंसी



वाशिंगटन,एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा है कि अमेरिका यूक्रेन को पारंपरिक हथियार उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, लेकिन वह देश को परमाणु हथियार लौटाने की संभावना पर विचार नहीं कर रहा है। सलाहकार सुलिवन ने रविवार को एबीसी के दिस वीक कार्यक्रम में बताया, वह यूक्रेन को परमाणु हथियार लौटाने की संभावना पर विचार नहीं कर रहा है। हम यूक्रेन को विभिन्न पारंपरिक क्षमताएं प्रदान कर रहे हैं, ताकि वह प्रभावी रूप से अपनी रक्षा कर सके। न्यूयॉर्क टाइम्स ने पिछले सप्ताह अपनी रिपोर्ट में बताया कि कुछ अमेरिकी और यूरोपीय अधिकारी कथित तौर पर यूक्रेन को परमाणु हथियार वापस करने का प्रस्ताव दे रहे थे। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि यूक्रेन में परमाणु हथियार तैनात करने की संभावना के बारे में चर्चा गैर-जिम्मेदाराना है और वास्तविकता की कम समझ रखने वाले लोगों की ओर से इसे बढ़ावा दिया जा रहा है।

## हसीना के समर्थकों की रैली पर ग्रेनेड हमला मामले में जिया के बेटे, 48 अन्य बरी हुए

ढाका,एजेंसी। बांग्लादेश के उच्च न्यायालय ने 2004 में एक राजनीतिक रैली पर ग्रेनेड हमला मामले में अपने फैसले को पलटते हुए पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारीक रहमान और 48 अन्य को रविवार को बरी कर दिया। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब बांग्लादेश में राजनीतिक उठापटक देखी जा रही है। इसी साल बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर छात्रों के विद्रोह के बाद पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस संघर्ष में सैकड़ों लोग मारे गए थे। लंदन में स्व-निर्वासन के दौरान रहमान ने जिया की ह्यबांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टीह्ल के कार्यवाहक अध्यक्ष के तौर पर भी काम किया और उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर वह बांग्लादेश के अगले नेता बन सकते हैं। रहमान और 48 अन्य को शेख हसीना के समर्थकों द्वारा आयोजित एक रैली पर ग्रेनेड से हमला करने के मामले में 2018 में दोषी ठहराया गया था। इस हमले में 24 लोगों की जान चली गई थी और लगभग 300 लोग घायल हो गए थे। उस समय हसीना विपक्ष में थीं। अदालत ने अपने फैसले में 19 दोषियों को मृत्यु दंड और रहमान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। प्रतिवादियों द्वारा अपील दायर किए जाने के बाद न्यायाधीशों की दो सदस्यीय समिति ने सभी 49 लोगों को दोषी ठहराए जाने के 2018 के पूरे फैसले को रविवार को रद्द कर दिया। बचाव पक्ष के वकील शिशिर मोनिर ने संवाददाताओं से कहा कि अदालत ने मुकदमे और फैसले को अवैध करार किया। उन्होंने कहा, ह्यह्यइसके परिणामस्वरूप अब सभी प्रतिवादियों को बरी कर दिया गया है ।जिया 2001-2006 के बीच बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रही थीं। जिया और हसीना देश की सबसे ताकतवर नेता मानी जाती हैं और लंबे समय से देश की प्रतिद्वंद्वी नेता रही हैं। हसीना की अवामी लीग पार्टी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच ह्यफेसबुकह्ल पर पोस्ट कर अदालत के फैसले की आलोचना की और कहा कि बांग्लादेश के लोग ही इन हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों पर मुकदमा चलाएंगे।

## तुर्की समर्थित गुटों का अलेप्पो के कुर्द इलाकों पर हमला, अलग-थलग पड़े 2,00,000 से अधिक लोग

प्रात: किरण /एजेंसी



दमिश्क। तुर्की समर्थित गुट, अलेप्पो प्रांत में कुर्द-नियंत्रित क्षेत्रों पर हमले कर रहे हैं। हमलों की वजह से 2,00,000 से अधिक सीरियाई कुर्द अलग-थलग पड़ गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि ह्यऑपरेशन डॉन ऑफ फ्रीडमह्ल नामक इस हमले का टारगेट ग्रामीण अलेप्पो था, जहां 200,000 से अधिक सीरियाई कुर्द रहते हैं।

ऑब्जर्वेटरी ने कहा कि सीरियन नेशनल आर्मी के बैनर तले काम कर रहीं तुर्की समर्थित गुटों ने तेल रिफात शहर सहित कई क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया है। इसके अलावा कई इलाकों की घेराबंदी कर दी है, सड़कें ब्लॉक कर दी है और नागरिकों को सुरक्षित स्थानों जाने से रोक दिया है। जवाब में, सीरिया में कुर्द स्वायत्त प्रशासन ने आगे बढ़ रहे तुर्की समर्थित गुटों का विरोध करने के लिए लामबंदी की घोषणा की है।

तेल रिफात और उसके आस-पास के इलाके 2016 से कुर्द नियंत्रण में हैं। ये पिछले तुर्की सैन्य अभियानों की वजह से विस्थापित कुर्दों के लिए शरणस्थली बन हुए हैं। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब सीरिया में व्यापक संघर्ष छिड़ा हुआ है। हयात तहरीर अल-शाम जैसे विद्रोही ग्रुप और उसके सहयोगी गुट सरकार द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों के खिलाफ बड़े अभियान चला रहे हैं। तुर्की सरकार सीरिया में कुछ कुर्द समूहों, विशेष रूप से पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स (वाईपीजी) को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा मानती है। अंकारा का मानना है कि वाईपीजी के कथित रूप से कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) से संबंध हैं। पीकेके को तुर्की, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ ने आतंकी संगठन घोषित किया है। इस बीच सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने आतंकवादी संगठनों से पूरी ताकत और दृढ़ संकल्प के साथ लड़ने का संकल्प लिया। असद ने इस बात पर जोर दिया कि विद्रोहियों के खिलाफ सीरिया की लड़ाई ना केवल राष्ट्रीय हितों बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भी जरूरी है।

न्यूज एजेंसी सिन्हुआ ने सरकारी समाचार एजेंसी सना के हवाले से बताया कि असद ने अराघची से कहा, आतंकवाद का सामना करना, इसकी संरचना को खत्म करना और इसके स्रोतों को खत्म करना पूरे क्षेत्र के लिए फायदेमंद है। वहीं अराघची ने ईरानी नेतृत्व की तरफ से उन्हें समर्थन का संदेश दिया। इसमें सीरिया की क्षेत्रीय अखंडता के प्रति ईरान की प्रतिबद्धता और चल रहे संघर्ष में व्यापक समर्थन प्रदान करने की उसकी तत्परता को जाहिर किया गया।

## बांग्लादेश: दो हिंदु भिक्षु गिरफ्तार, चटगांव के 70 'अल्पसंख्यक' वकीलों-पत्रकारों पर केस दर्ज

**अल्पसंख्यक पत्रकारों और वकीलों के खिलाफ 30 नवंबर को कोतवाली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। जिसमें इन पर देशी बम विस्फोट और वाहनों में तोड़फोड़ करने में शामिल होने का आरोप लगाया गया। रविवार को एक आधिकारिक बयान में, परिषद ने इस केस को मानवाधिकारों और कानून के शासन का उल्लंघन बताया। परिषद ने कहा कि यह केस पुजारी चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी के खिलाफ दर्ज राजद्रोह मामले को बाधित करने और इससे जुड़े समाचारों के प्रकाशन-प्रसार को जबरन रोकने के गुप्त इरादे से दायर किया गया।**

प्रात: किरण /एजेंसी



ढाका,एजेंसी। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद ने चटगांव के 70 अल्पसंख्यक वकीलों और दो पत्रकारों के खिलाफ झूठा और परेशान करने वाला केस दर्ज होने पर हैरानी और चिंता जाहिर की है। इस बीच इस्कॉन कोलकाता ने दो हिंदू भिक्षुओं और एक अन्य की गिरफ्तारी व इस्कॉन सेंटर पर हमले का भी दावा किया।अल्पसंख्यक पत्रकारों और वकीलों के खिलाफ 30 नवंबर को कोतवाली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। जिसमें इन पर देशी बम विस्फोट और वाहनों में तोड़फोड़ करने में शामिल होने का आरोप लगाया गया। रविवार को एक आधिकारिक बयान में, परिषद ने इस केस को मानवाधिकारों और कानून के शासन का उल्लंघन बताया

परिषद ने कहा कि यह केस पुजारी चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी के खिलाफ दर्ज राजद्रोह मामले को बाधित करने और इससे जुड़े समाचारों के प्रकाशन-प्रसार को जबरन रोकने के गुप्त इरादे से दायर किया गया।

परिषद ने यह भी मांग की कि बांग्लादेशी सरकार और कानून प्रवर्तन अधिकारी तुरंत झूठे मामले को वापस लें, वकीलों और पत्रकारों को रिहा करने के लिए तत्काल कदम उठाएं। इस बीच, शनिवार को इस्कॉन कोलकाता ने आरोप लगाया कि बांग्लादेशी अधिकारियों ने दो भिक्षुओं, आदिपुरुष श्याम दास और रंगनाथ दास ब्रह्मचारी, के साथ-साथ चिन्मय कृष्ण दास के सचिव को भी गिरफ्तार किया है। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधा रमन ने कहा कि भिक्षुओं को शुक्रवार को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार किया जब वे चिन्मय कृष्ण दास से मिलने के बाद घर जा रहे थे।

चिन्मय कृष्ण दास को 25 नवंबर को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। राधा रमन ने खुद के बनाए गए एक वीडियो में कहा, 29 नवंबर को जब आदिपुरुष श्याम दास और रंगनाथ दास ब्रह्मचारी चिन्मय कृष्ण प्रभु से मिलकर लौट रहे थे, तो उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हमें यह भी जानकारी मिल रही है कि चिन्मय कृष्ण दास के सचिव को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने यह दावा भी किया कि दंगाइयों ने बांग्लादेश में इस्कॉन केंद्र में तोड़फोड़ की। बांग्लादेश में स्थिति तब से तनावपूर्ण है जब आध्यात्मिक उपदेशक चिन्मय कृष्ण दास पर 25 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। उन पर चटगांव में बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के ऊपर भगवा झंडा फहराने के आरोप में देशद्रोह का आरोप लगाया गया। दास की गिरफ्तारी के बाद, 27 नवंबर को चटगांव कोर्ट बिल्डिंग क्षेत्र में पुलिस और आध्यात्मिक गुरु के कथित अनुयायियों के बीच झड़प के दौरान एक वकील की मौत हो गई थी। शुक्रवार को, भारत ने बांग्लादेश में चरमपंथी बयानबाजी, हिंसा और उकसावे की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने बांग्लादेशी सरकार के साथ हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर लक्षित हमलों का मुद्दा लगातार मजबूती के साथ उठाया है।

## प्रधानमंत्री ओली के चीन दौरे पर दर्जन भर समझौतों पर हस्ताक्षर करने की तैयारी

काठमांडू, एजेंसी। चीन की चार दिनों की यात्रा पर सोमवार को बीजिंग के लिए रवाना हुए प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के दौरे पर होने वाले समझौतों पर सभी की निगाहें टिकी हैं। चीन के साथ बेल्ट एंड रोड कार्यान्वयन (बीआरआई) पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। इस समझौते को लेकर सत्तारूढ़ दल नेपाली कांग्रेस और यूएमएल के बीच चीन से ऋण लेने वाली किसी परियोजना पर हस्ताक्षर न किये जाने की सहमति बनी है। प्रधानमंत्री के चीन दौरे पर नेपाल सिर्फ उन्हीं परियोजनाओं की सूची सौंपने वाला है, जिनमें चीन से ऋण के बजाय अनुदान मिलने वाला है। नेपाल के सत्तारूढ़ दल ने चीन के साथ बीआरआई समझौते के कार्यान्वयन के लिए चीन के प्रस्तावित बीआरआई कार्यान्वयन समझौते के बदले बीआरआई फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर करने का प्रस्ताव किया है। हाल ही में चीन के दो दिवसीय भ्रमण से लौटी विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा ने कहा कि चीन को ऋण नहीं, सिर्फ अनुदान लेने की बात स्पष्ट रूप से बता दी गई है। नेपाल की तरफ से चीन को सौंपी गई परियोजनाओं की सूची में रेलवे से लेकर हाईवे तक और हाईवे से लेकर पॉड वे तक प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा हाइड्रोपावर से लेकर ट्रांसमिशन लाइन तक और हॉस्पिटल से लेकर यूनिवर्सिटी के निर्माण का प्रस्ताव भी नेपाल की तरफ से किया गया है। इतना ही नहीं, नेपाल ने अपने यहां साइंस म्यूजियम से लेकर इंडस्ट्रियल पार्क तक के लिए चीन से सहयोग मांगा है। बीआरआई को लेकर दोनों सत्तारूढ़ दलों के बीच बने कार्यदल को ही चीन से अनुदान में परियोजनाओं के चयन की जिम्मेदारी थी। इस कार्यदल के तीन में से दो सदस्य प्रधानमंत्री के प्रमुख राजनीतिक सलाहकार विष्णु रिमाल और प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार डॉ. युवराज खतीवड़ा ओली के साथ बीजिंग भ्रमण पर गए हैं। नेपाली कांग्रेस की तरफ से पार्टी के महामंत्री गगन थापा ने नेपाल के तरफ से प्रस्तावित परियोजनाओं की सूची के बारे में जानकारी दी है। उनके मुताबिक प्रधानमंत्री के चीन दौरे से ठीक पहले समझौते के लिए जिन परियोजनाओं का चयन किया गया है।

## पाकिस्तान में इंटरनेट सेवाएं बाधित

प्रात: किरण /एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में रविवार को इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफार्म तक पहुंचने में व्यवधान का सामना करना पड़ा। इस बारे में मीडिया रिपोर्ट से यह जानकारी मिली। व्हाट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और टिकटॉक जैसे लोकप्रिय प्लेटफॉर्म या तो निलंबित कर दिए गए हैं या धीमी गति से काम कर रहे हैं। उपयोगकर्ता ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तक सीमित पहुंच से निराश हैं। लगभग 52 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं ने संदेश भेजने में समस्याओं की सूचना दी।

डॉन अखबार के अनुसार, कराची, लाहौर, इस्लामाबाद, पेशावर और देश के अन्य हिस्सों में भी उपयोगकर्ताओं ने पूरे दिन टिकटॉक और इंस्टाग्राम से जुड़ी समस्याओं की शिकायत की। पाकिस्तान में लोगों को इंटरनेट की धीमी गति का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि सरकार ने सोशल मीडिया ऐप पर राष्ट्र विरोधी सामग्री की निगरानी के लिए कथित तौर पर सुरक्षात्मक उपाय के तहत फायरवॉल



स्थापित किए हैं। सरकार ने शिकायतों को तवज्जो नहीं दी तथा फायरवॉल की स्थिति के बारे में चिंताओं को बेहद बढ़ा-चढ़ाकर बतायी गई कहकर खारिज कर दिया।सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार राज्य मंत्री शाजा फातिमा ख्वाजा ने रविवार को जियो न्यूज से कहा कि फायरवॉल की स्थिति को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है और देश में 10 वर्षों से एक वेब प्रबंधन प्रणाली जारी है।

उन्होंने कहा, किसी देश के अपनी साइबर सुरक्षा पर काम करने में कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया अलग-अलग साइबर सुरक्षा तंत्रों का इस्तेमाल करती है। उन्होंने कहा कि दुनिया का सुरक्षा प्रतिमान आर्थिक प्रतिमान की तरह सूचना और प्रौद्योगिकी (आईटी) की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व का सुरक्षा प्रतिमान आर्थिक प्रतिमान के समान ही सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईटी) की ओर स्थानांतरित हो रहा है।

फातिमा ने कहा कि चूंकि पाकिस्तान को हर दिन लाखों साइबर हमलों का सामना करना पड़ता है, इसलिए देश में आतंकवादी गतिविधियों का पता लगाना कठिन होता जा रहा है। कम से कम दो ऑनलाइन टूल्स ने निर्बाध इंटरनेट सेवाओं के पाकिस्तानी सरकार के दावों को नकार दिया है। जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में इंटरनेट इंटेलिजेंस लैब द्वारा विकसित टूल इंटरनेट आउटेज डिटेक्शन एंड एनालिसिस (आईओडीए) के अनुसार, ये व्यवधान घंटों तक रहे।

इंटरनेट कनेक्टिविटी को मापने वाला यह टूल लगभग वास्तविक समय में कटौती का पता लगाता है। इसने पाया कि नेटवर्क पूरे दिन बॉर्डर गेटवे प्रोटोकॉल (बीजीपी) स्तर पर स्थिर रहा। आईओडीए ने गूगल सेवाओं तक पहुंचने में जिन समस्याओं का जिक्र किया उनकी पुष्टि एक अन्य टूल डाउनडिटेक्टर ने भी की।

## वेस्ट बैंक में इजरायली गोलीबारी में 4 फिलिस्तीनियों की मौत

प्रात: किरण /एजेंसी

रामल्लाह। उत्तरी वेस्ट बैंक के जेनिन में इजरायली सेना की गोलीबारी में चार फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, मंत्रालय ने रविवार को एक प्रेस बयान में कहा कि जेनिन के दक्षिण-पूर्व में स्थित सर शहर पर कब्जाधारियों के हमले के दौरान चार लोग मारे गए, जिनकी पहचान अभी भी अज्ञात है।

जेनिन के गवर्नर कमाल अबू रब ने सिन्हुआ को बताया कि शवों के बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने और जल जाने के कारण उनकी पहचान की पुष्टि नहीं हो सकी है। इजरायली सेना ने शवों को अपने कब्जे में ले लिया है। मंत्रालय के बयान में घटना के बारे में और जानकारी नहीं दी गई। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने सिन्हुआ को बताया कि रविवार सुबह एक इजरायली ड्रोन ने ह्यसरह्ल के गांव के एक कमरे को निशाना बनाया। हमले के बाद इजरायली सेना ने इलाके में सर्च और स्वीप ऑपरेशन चलाया। इजरायल डिफेंस फोर्सेजह्ल (आईडीएफ) ने रविवार को एक बयान में कहा कि इजरायली सुरक्षा एजेंसी के निर्देश पर, एक वायु सेना के विमान ने जेनिन क्षेत्र में हमला किया और एक आतंकवादी सेल को खत्म कर दिया। हमले के बाद, आईडीएफ सैनिकों ने घटनास्थल पर टारगेटेड छापेमारी की। उन्हें कथित तौर पर आतंकवादियों के शरीर पर तीन हथियार मिले। इसके साथ ही हथियारों के पाट्र्स, सैन्य जैकेट और विस्फोटक सामग्री भी मिली। बता दें कि 7 अक्टूबर, 2023 को गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच युद्ध छिड़ने के बाद से, वेस्ट बैंक के शहरों, शरणार्थी शिविरों और गांवों में तनाव बढ़ गया है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस अवधि के दौरान वेस्ट बैंक पर इजरायली गोलीबारी और हवाई हमलों में 800 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129